राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 15 अंक: 127 पृष्ठ: 08

RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiauna@gmail.com

हिमाचल संस्करण

दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड - चंडीगढ़

GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

## आग की घटनाओं से प्रभावी बचाव के लिए बनेगा फायर फाइटिंग मास्टर प्लान : रेखा गुप्ता



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार आग की घटनाओं और उससे हो रही जन-धन की हानि को रोकने के लिए फायर फाइटिंग मास्टर प्लान तैयार कर रही है। मुख्यमंत्री रेखा ने इस दिशा में त्वरित और ठोस कदम उठाते हुए संबंधित विभागों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वे मात्र 10 दिनों के भीतर आग की घटनाओं के कारणों, जोखिम वाले क्षेत्रों, मौजूदा व्यवस्थाओं की खामियों और ठोस निवारक उपायों को शामिल करते हुए एक विस्तृत ब्लू प्रिंट तैयार करें और उनके सामने प्रस्तुत करें। उन्होंने यह भी कहा कि आग की घटनाओं से बचाव के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए भी त्वरित और प्रभावी कदम उठाएं। सचिवालय में आयोजित इस अहम बैठक में गृह एवं ऊर्जा मंत्री आशीष सूद, मुख्य सचिव राजीव वर्मा, अग्निशमन विभाग, दिल्ली नगर निगम, डीडीएमए, बिजली व अन्य संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# तमिलनाडु में सरकार गठन में फंसा पेंच?: विजय ने पेश किया सरकार बनाने का दावा

**टीम एक्शन इंडिया**
**चेन्नई।** तमिलनाडु विधानसभा चुनाव 2026 के नतीजों के बाद तमिलगा वेत्री कड़गम (टीवीके) ने राज्य में सरकार बनाने की कवायद शुरू कर दी है। टीवीके प्रमुख विजय ने बुधवार को राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर से राजभवन में मुलाकात की। उन्होंने राज्य में सरकार बनाने का दावा पेश किया। सूत्रों के अनुसार, विजय ने राज्यपाल को विधायकों के समर्थन का जो पत्र सौंपा है, उसमें 112 विधायकों के समर्थन का दावा किया है। हालांकि, इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। वहीं, राज्यपाल अभी तक टीवीके के दावे से पूरी तरह संतुष्ट नहीं हैं क्योंकि पार्टी के पास बहुमत साबित करने के लिए पर्याप्त आधिकारिक आंकड़े नहीं हैं।

**ऐसे समझें बहुमत का गणित**
तमिलनाडु की 234 सदस्यीय विधानसभा में सरकार बनाने के लिए 118 सीटों की जरूरत होती है। इस चुनाव में विजय की पार्टी टीवीके ने 108 सीटों पर जीत दर्ज की है। कांग्रेस पार्टी ने टीवीके को अपना समर्थन देने का एलान किया है। कांग्रेस के पास विधानसभा में 5 सीटें हैं।



कांग्रेस के समर्थन के बाद विजय की पार्टी टीवीके के गठबंधन की संख्या 234 सदस्यीय विधानसभा में 113 तक पहुंच गई है। क्योंकि विजय ने दो

**मामला अटका**

राज्यपाल टीवीके के दावे से पूरी तरह संतुष्ट नहीं हैं क्योंकि बहुमत साबित करने के लिए पर्याप्त आंकड़े नहीं हैं

सीटों से चुनाव लड़ा था और दोनों पर ही जीत हासिल की थी। ऐसे में अब उनको एक सीट छोड़नी होगी। इसके बाद टीवीके का आंकड़ा 112 विधायकों का ही रह जाता है। अब 118 के बहुमत के आंकड़े को पार करने के लिए पार्टी को कम से कम छह और विधायकों की आवश्यकता होगी। इसे लेकर विजय ने वीसीके, सीपीआई और सीपीएम जैसे दलों के साथ बातचीत शुरू कर दी है।

**चुनाव में किसे कितनी सीटें मिलीं?**
विधानसभा चुनाव में डीएमके को 59 और एआईएडीएमके को 47 सीटें मिली हैं। अन्य दलों में पीएमके को 4 और आईयूएमएल को 2 सीटें मिली हैं। सीपीआई, वीसीके और सीपीआईएम को भी 2-2 सीटों पर जीत मिली है।

**फास्ट न्यूज**

## संघर्ष विराम के बीच ट्रंप की ईरान को धमकी

**वॉशिंगटन:** पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष को खत्म करने की दिशा में एक बड़ा संकेत देते हुए अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को कहा कि अगर ईरान तय शर्तों को मान लेता है, तो अमेरिका का सैन्य अभियान ऑपरेशन एपिक फ्यूरी खत्म किया जा सकता है और होर्मुज जलडमरूमध्य में लगा सैन्य प्रतिबंध भी हटाया जा सकता है। ट्रंप ने यह बयान अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर दिया। उन्होंने कहा कि यदि तेहरान पहले से तय शर्तों को स्वीकार करता है, तो संघर्ष समाप्त हो सकता है और होर्मुज जलडमरूमध्य सभी देशों के लिए खोल दिया जाएगा, जिसमें ईरान भी शामिल होगा।

## विनिर्माण क्षेत्र में वृद्धि रुझान जनवरी-मार्च तिमाही में सकारात्मक : फिक्की सर्वे

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच बढ़ती लागत एवं वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च) में भारत के विनिर्माण क्षेत्र का वृद्धि रुख सकारात्मक बना रहा। वहीं, निर्यात और निवेश का परिदृश्य स्थिर बना हुआ है। भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (फिक्की) ने बुधवार को जारी एक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी। उद्योग मंडल फिक्की के नवीनतम मैन्युफैक्चरिंग सर्वे से पता चलता है कि 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में भारतीय मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र के लिए विकास की भावना सकारात्मक है। सर्वे रिपोर्ट के मुताबिक जनवरी-मार्च तिमाही के दौरान उत्पादन स्तर में मजबूती देखने को मिली है। सर्वे रिपोर्ट के मुताबिक लगभग 93 फीसदी कंपनियों ने वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में उत्पादन को पिछले स्तर के बराबर या उससे अधिक बताया जबकि तीसरी तिमाही में यह आंकड़ा 91 फीसदी था। घरेलू मांग को लेकर भी कंपनियों का भरोसा कायम रहा।

क्रॉस-बॉर्डर क्यूआर कोड पेमेंट इंटरऑपरेबिलिटी पर सहमति बनी

# रेयर अर्थ और डिजिटल पेमेंट पर भारत-वियतनाम का फोकस

**समझौते**

दोनों पक्षों की लंबे समय से चली आ रही प्रतिबद्धता को औपचारिक रूप प्रदान करता है

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** भारत और वियतनाम के बीच राष्ट्रपति तो लम की भारत यात्रा के दौरान बुधवार को रणनीतिक क्षेत्रों खासतौर पर रेयर अर्थ और डिजिटल पेमेंट में सहयोग को नई दिशा देते हुए 13 महत्वपूर्ण समझौतों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। मुख्य समझौते के तहत आईआरईएल (भारत) लि. और वियतनाम के वियतनाम का रेडियोधर्मी और दुर्लभ तत्वों की प्रौद्योगिकी संस्थान (आईटीआरआरई) के बीच करार हुआ। यह समझौता दुर्लभ मृदा (रेयर अर्थ) तत्वों और अन्य आधुनिक तकनीकों के क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग का विस्तार करने के लिए, दोनों पक्षों की लंबे समय से चली आ रही प्रतिबद्धता को औपचारिक रूप प्रदान करता है। डिजिटल इकोनॉमी को बढ़ावा देने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और स्टेट बैंक ऑफ वियतनाम (एसबीवी) के बीच भुगतान प्रणालियों और डिजिटल भुगतानों में नवाचार के क्षेत्र में सहयोग के लिए समझौता हुआ। इस एमओयू का उद्देश्य वित्तीय नवाचार और डिजिटल भुगतान के क्षेत्र में सहयोग के लिए एक ढांचा स्थापित करना है। साथ ही एनपीसीआई इंटरनेशनल और वियतनाम की एनएपीएएस के बीच क्रॉस-बॉर्डर क्यूआर कोड पेमेंट इंटरऑपरेबिलिटी पर सहमति बनी है। भारत के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) और वियतनाम के स्वास्थ्य मंत्रालय के औषधि प्रशासन (डीएवी) के बीच चिकित्सा उत्पादों के विनियमन के क्षेत्र में सहयोग को लेकर समझौता ज्ञापन हुआ। इसका उद्देश्य चिकित्सा उत्पादों के विनियमन के क्षेत्र में सहयोग के लिए एक ढांचा स्थापित करना है, जिसमें फार्मास्यूटिकल्स, जैविक उत्पाद, चिकित्सा उपकरण और सौंदर्य प्रसाधन शामिल हैं। डिजिटल टेक्नोलॉजी और आईटी क्षेत्र में भी दोनों देशों ने साझेदारी मजबूत करने का फैसला किया है।



### विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के बीच डिजिटल प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में सहयोग के लिए समझौता हुआ

भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय तथा वियतनाम के विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के बीच डिजिटल प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में सहयोग के लिए समझौता हुआ। यह एमओयू डिजिटल तकनीकों और आईटी क्षेत्र में सहयोग को सुदृढ़ करने के लिए द्विपक्षीय प्रतिबद्धता को और गहरा करेगा। इसके अलावा ऑडिट संस्थानों के बीच सहयोग को और गतिशील बनाने पर सहमति बनी। भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक कार्यालय और वियतनाम के राज्य लेखा परीक्षा कार्यालय के बीच सार्वजनिक क्षेत्र लेखा परीक्षा के क्षेत्र में समझौता हुआ। यह एमओयू भारत और वियतनाम के दो ऑडिट संस्थानों के बीच 2010 के एमओयू को नवीनीकृत करता है और इसे अधिक लचीला तथा गतिशील बनाता है। बृहन्मुंबई नगर निगम, मुंबई और हो ची मिन्ह सिटी पीपल्स कमिटी के बीच मित्रता एवं सहयोग की स्थापना के लिए समझौता हुआ। इस समझौते का उद्देश्य एक औपचारिक ढांचा स्थापित करना है।

### आर्थिक विकास के क्षेत्र में अपनी विशेषज्ञता साझा कर सकें

दोनों महानगर शहरी प्रबंधन और आर्थिक विकास के क्षेत्र में अपनी विशेषज्ञता साझा कर सकें। नालंदा विश्वविद्यालय और वियतनाम की हो ची मिन्ह नेशनल एकेडमी ऑफ पॉलिटिक्स के बीच क्षमता निर्माण को लेकर समझौता हुआ। यह एमओयू वियतनाम को क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण प्रदान करने के भारत के लंबे समय से चले आ रहे प्रयासों को और सुदृढ़ करता है। आईसीसीआर के तहत वियतनाम के विश्वविद्यालयों में इंडिया स्टडीज चेयर स्थापित की जाएगी और चाम सभ्यता की पांडुलिपियों के डिजिटलीकरण पर भी सहमति बनी है। केंद्र और यूएसएसएच, वीएनयूएचसीएम के बीच संस्थागत संबंध स्थापित करता है, ताकि वियतनाम में वर्तमान में संरक्षित भारतीय मूल की 'चाम' पांडुलिपियों का सर्वेक्षण, प्रलेखन, संरक्षण, डिजिटलीकरण और ऑनलाइन प्रसार किया जा सके।




यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जनपद प्रयागराज में 'रक्षा त्रिवेणी संगम' की थीम पर नॉर्थ टेक सिम्पोजियम (एनटीएस) 2026 का समापन समारोह में शामिल होते हुए।

## बृजेंद्र सिंह की सद्भाव यात्रा में शामिल होंगे राहुल गांधी

**चंडीगढ़।** हरियाणा कांग्रेस में नए राजनीतिक समीकरण पैदा होने जा रहे हैं। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ओवरसीज विभाग के सह संयोजक एवं हिसार के पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह द्वारा निकाली जा रही सद्भाव यात्रा में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी शामिल होंगे। पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी बीरेंद्र सिंह के बेटे बृजेंद्र सिंह पिछले सात माह से पूरे राज्य में सद्भाव यात्रा निकाल रहे हैं। अभी तक 86 विधानसभा कवर कर चुके बृजेंद्र सिंह की सद्भाव यात्रा में राहुल गांधी आठ मई को गुरुग्राम के गांव खांडसा में शामिल होंगे। बृजेंद्र सिंह ने जब पांच अक्टूबर को जब उन्होंने सद्भाव यात्रा आरंभ की थी, तब हरियाणा कांग्रेस के प्रभारी बीके हरिप्रसाद, प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने इसे कांग्रेस की अधिकृत यात्रा मानने से मना कर दिया था। यही कारण है कि अभी तक राव नरेंद्र, भूपेंद्र सिंह हुड्डा तथा बीके हरिप्रसाद इस यात्रा से दूरी बनाए हुए हैं।

## देशभर में घरेलू रसोई गैस का वितरण सामान्य: केंद्र सरकार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने बुधवार को कहा कि देशभर में घरेलू रसोई गैस का वितरण सामान्य है और किसी भी एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर के यहां से कोई ड्राई-आउट की खबर नहीं है। सरकार ने कहा कि लगभग 95 फीसदी गैस सिलिंडर का वितरण 'डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड' के जरिए पूरी की जा रही है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने नई दिल्ली में अंतर-मंत्रालयी प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि घरेलू रसोई गैस (एलपीजी) का वितरण सामान्य बना हुआ है, और स्टॉक खत्म होने की कोई रिपोर्ट नहीं मिली है। उन्होंने बताया कि लगभग 95 फीसदी गैस सिलिंडर का वितरण 'डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड' के जरिए पूरा किया जा रहा है। पिछले दो दिनों में 88.82 लाख बुकिंग के मुकाबले लगभग 87.28 लाख सिलेंडर डिलीवर किए गए हैं। पश्चिम एशिया संकट के बीच खाना



पकाने के लिए सरकार घरेलू रसोई गैस की 100 फीसदी आपूर्ति उपभोक्ताओं तक सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। ', और कमर्शियल सिलेंडरों के उपभोक्ताओं को 70 फीसदी तक आपूर्ति सुनिश्चित कर रही है। संयुक्त सचिव ने बताया कि लगभग 6 लाख 31 हजार नए पीएनजी कनेक्शनों में गैस सप्लाई शुरू हो गई है और 2.67 लाख अतिरिक्त कनेक्शनों के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर भी तैयार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि अब तक 6 लाख 93 हजार उपभोक्ता पीएनजी कनेक्शनों के लिए रजिस्टर्ड हैं।

## शिक्षा मंत्री प्रधान ने विद्यालयों में एसएमसी पर नए दिशा-निर्देश किए जारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बुधवार को विद्यालय प्रबंधन समितियों (एसएमसी) के लिए नए दिशा-निर्देश जारी किए। इन दिशानिर्देशों में पहली बार माध्यमिक स्तर तक एसएमसी का विस्तार, एक महीने के भीतर गठन की अनिवार्यता और पारदर्शी कार्यप्रणाली जैसे कई अहम बदलाव किए गए हैं। स्कूल प्रबंधन समिति के दिशानिर्देशों को जारी करते हुए केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 को समाज के सभी वर्गों तक पहुंचाने के लिए, हमारे देश में लगभग 15 लाख स्कूल हैं। इन सभी स्कूलों में, स्कूल प्रबंधन समिति छात्रों, शिक्षकों और समाज के बीच एक सेतु का काम करेगी। हम शिक्षा और स्कूल प्रबंधन को समाज के हाथों में सौंपने का प्रयास कर रहे हैं।

## अनाज भंडारण के लिए शाहबाद-अंबाला के बीच बनेगा गेहूं साइलो: सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि अनाज को खराब होने से बचाने के लिए जरूरी है कि प्रदेश में पर्याप्त संख्या में वेयरहाउस व साइलो उपलब्ध हों। इसके लिए संबंधित विभाग विस्तृत कार्ययोजना बनाकर जल्द से जल्द अनाज भंडारण की समस्या का स्थाई समाधान निकालें। उन्होंने निर्देश दिए कि अनाज भंडारण के लिए शाहबाद व अंबाला के बीच साइलो बनाने की योजना तैयार की जाए।



नायब सिंह सैनी बुधवार को हरियाणा सिविल सचिवालय में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ प्रदेश में अनाज भंडारण तथा पलवल व नूंह क्षेत्रों में जलापूर्ति के प्रबंधों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा सहित विभिन्न विभागों के उच्च अधिकारीगण उपस्थित थे। अनाज के सुरक्षित भंडारण के लिए पर्याप्त संख्या में वेयरहाउस भी होने आवश्यक हैं।

**कार्ययोजना**

अनाज के सुरक्षित भंडारण के लिए पर्याप्त संख्या में वेयरहाउस भी होने आवश्यक हैं : सीएम

## सरकार ने मांगी 50 हजार प्रतिमाह से अधिक पारिश्रमिक पाने वाले अनुबंध कर्मचारियों की जानकारी

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने राज्य के विभिन्न विभागों, बोर्डों, निगमों और प्राधिकरणों में ऐसे पदों की पहचान करने और आंकड़े जुटाने का निर्णय लिया है जहां अनुबंध कर्मचारी प्रतिमाह 50,000 रुपये से अधिक पारिश्रमिक ले रहे हैं।
मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा इस संबंध में सभी प्रशासनिक सचिवों, विभागाध्यक्षों, बोर्डों/निगमों/प्राधिकरणों के प्रबंध निदेशकों एवं मुख्य प्रशासकों, मंडलायुक्तों तथा उपायुक्तों को ऐसे कर्मचारियों का विवरण उपलब्ध कराने के लिए कहा गया है, जिन्होंने 15 अगस्त, 2024 तक अनुबंध आधार पर 5 वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली है।

*राज्यपाल ने हिमाचल डेंटल कॉलेज सुंदरनगर के वार्षिक समारोह की अध्यक्षता की*

# दंत चिकित्सा के क्षेत्र में आधुनिक तकनीक खोल रही नए अवसर: राज्यपाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**खेमचंद शास्त्री**
**मंडी :** राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता आज हिमाचल डेंटल कॉलेज, सुंदरनगर के वार्षिक दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। उन्होंने समारोह की अध्यक्षता करते हुए कहा कि भारत को एक विकसित, आत्मनिर्भर और सशक्त राष्ट्र बनाने के लिए युवाओं को ज्ञान, कौशल और नवाचार के साथ आगे बढ ?ा होगा। युवा शक्ति देश की सबसे बड़ी पूंजी है और यदि युवा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाएं तो भारत को आत्मनिर्भर और सशक्त राष्ट्र बनाया जा सकता है।



राज्यपाल ने कहा कि हिमाचल डेंटल कॉलेज, सुंदरनगर प्रदेश का अग्रणी दंत चिकित्सा संस्थान है, जिसने शिक्षा, शोध, सामुदायिक सेवा और स्वास्थ्य जागरूकता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि दंत स्वास्थ्य समग्र स्वास्थ्य का महत्वपूर्ण आधार है और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े युवाओं की नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपने पेशे में उत्कृष्टता के साथ-साथ सेवा, संवेदनशीलता और नैतिकता को भी जीवन का हिस्सा बनाएं।
गुप्ता ने कहा कि आधुनिक तकनीक, डिजिटल नवाचार और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से दंत चिकित्सा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित हो रहे हैं।

**स्वास्थ्य सेवाएं**

हिमाचल डेंटल कॉलेज समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने की दिशा में कार्य करता रहेगा

उन्होंने संस्थान द्वारा ग्रामीण एवं दूरदराज क्षेत्रों में लगाए जा रहे निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविरों, नो-टोबैको जागरूकता अभियानों और सामुदायिक सेवा कार्यक्रमों की सराहना भी की।
उन्होंने कहा कि किसी भी शैक्षणिक संस्थान की पहचान केवल उसकी अकादमिक उपलब्धियों से नहीं, बल्कि समाज के प्रति उसके योगदान से भी होती है।
उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि हिमाचल डेंटल कॉलेज भविष्य में भी समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने की दिशा में निरंतर कार्य करता रहेगा।

# वंदे मातरम गीत को राष्ट्रगान जैसा दर्जा, केंद्रीय कैबिनेट की मंजूरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने वंदे मातरम को राष्ट्रगान जन गण मन के समान दर्जा देने का फैसला किया है। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिली जीत के बाद पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की पहली बैठक में यह फैसला लिया गया। बैठक में राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम में संशोधन के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई है। कैबिनेट के फैसले के अनुसार, बंकिम चंद्र चटर्जी रचित वंदे मातरम पर अब वही नियम और पाबंदियां लागू होंगी, जो




वर्तमान में राष्ट्रगान पर लागू हैं। यानी इसके अपमान या गायन में बाधा डालने की स्थिति में सजा होगी। अभी राष्ट्रीय ध्वज,संविधान और राष्ट्रगान के अपमान पर जेल, जुमार्ना या दोनों का प्रावधान है, और अब वंदे मातरम भी इसमें शामिल किया जाएगा।

**कानून में बदलाव और सजा का प्रावधान**
सरकार वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के मौके पर यह बदलाव कर रही है। इसके लिए कानून की धारा 3 में संशोधन किया जाएगा। इस धारा के अनुसार, अगर कोई व्यक्ति जानबूझकर राष्ट्रगान गाने में बाधा डालता है या उसे रोकता है, तो उसे तीन साल तक की जेल या जुर्माना या दोनों हो सकते हैं। दोबारा अपराध करने पर कम से कम एक साल की सजा का प्रावधान है। संशोधन के बाद यही नियम वंदे मातरम पर भी लागू होंगे।

# स्टेट कैपिटल रीजनः छत्तीसगढ़ के समग्र विकास को नई दिशा....

राजधानी क्षेत्र बनेगा आर्थिक शक्ति केंद्र, महानगरों की तर्ज पर होगा तेज विकास, आधुनिक अधोसंरचना और कनेक्टिविटी को मिलेगी गति,` राज्य सरकार का मानना है कि यह पहल राजधानी क्षेत्र के नियोजित विकास को सुनिश्चित करने के साथ-साथ छत्तीसगढ़ को मध्य भारत के प्रमुख आर्थिक और औद्योगिक केंद्र के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी

**महत्वाकांक्षी**

विधानसभा से विधेयक पारित होने के साथ ही इस महत्वाकांक्षी परियोजना को औपचारिक गति मिल गई है।





**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुरः** छत्तीसगढ़ में सुनियोजित शहरीकरण और संतुलित क्षेत्रीय विकास को गति देने के लिए स्टेट कैपिटल रीजन के गठन को मंजूरी मिल चुकी है। रायपुर सहित दुर्ग-भिलाई और नवा रायपुर अटल नगर को मिलाकर इस क्षेत्र को विकसित किया जाएगा। विधानसभा से विधेयक पारित होने के साथ ही इस महत्वाकांक्षी परियोजना को औपचारिक गति मिल गई है।

राज्य सरकार का मानना है कि यह पहल राजधानी क्षेत्र के नियोजित विकास को सुनिश्चित करने के साथ-साथ छत्तीसगढ़ को मध्य भारत के प्रमुख आर्थिक और औद्योगिक केंद्र के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

**राष्ट्रीय मॉडल पर आधारित समेकित विकास**

स्टेट कैपिटल रीजन का विकास देश के प्रमुख शहरी मॉडलों झ राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण और हैदराबाद महानगर विकास प्राधिकरण की तर्ज पर किया जाएगा। इस मॉडल के अंतर्गत विभिन्न शहरों को एकीकृत करते हुए क्षेत्रीय स्तर पर योजनाबद्ध विकास किया जाएगा, जिससे अवसंरचना, आवास, परिवहन और आर्थिक गतिविधियों का संतुलित विस्तार सुनिश्चित हो सके और संसाधनों का अधिकतम उपयोग संभव हो।

**मुख्यमंत्री की पहल से विकास को मिली नई गति**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर तथा वित्त श्री ओ.पी. चौधरी के मार्गदर्शन में तैयार इस योजना का उद्देश्य तेजी से बढ़ते शहरीकरण को व्यवस्थित करना और नागरिकों को आधुनिक एवं गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं उपलब्ध कराना है। सरकार का फोकस ऐसे शहरी तंत्र के निर्माण पर है जहां बेहतर आवास, उच्च स्तरीय शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हों, साथ ही उद्योग और व्यापार को प्रोत्साहन मिले तथा पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखते हुए विकास को आगे बढ़ाया जा सके।

## 2031 तक 50 लाख आबादी के लिए व्यापक तैयारी

अनुमान है कि वर्ष 2031 तक स्टेट कैपिटल रीजन की आबादी 50 लाख से अधिक हो जाएगी। इस संभावित वृद्धि को ध्यान में रखते हुए सरकार द्वारा दीर्घकालीन योजनाएं तैयार की जा रही हैं। इन योजनाओं में आधुनिक परिवहन प्रणाली का विकास, सड़कों और कनेक्टिविटी का विस्तार, जल, बिजली और स्वच्छता सेवाओं का सुदृढ़ीकरण तथा स्मार्ट शहरी सुविधाओं का विस्तार शामिल है। रायपुर से दुर्ग तक प्रस्तावित मेट्रो रेल परियोजना के सर्वे के लिए बजट में प्रावधान किया गया है, जिससे क्षेत्र में तेज, सुरक्षित और सुगम आवागमन सुनिश्चित किया जा सके।

**राजधानी क्षेत्र विकास प्राधिकरण करेगा समन्वित संचालन**

स्टेट कैपिटल रीजन के प्रभावी विकास और प्रबंधन के लिए राजधानी क्षेत्र विकास प्राधिकरण का गठन किया गया है, जो इस पूरे क्षेत्र के लिए केंद्रीय नियामक और समन्वयकारी संस्था के रूप में कार्य करेगा। यह प्राधिकरण दीर्घकालीन विकास योजनाएं तैयार करने, अधोसंरचना परियोजनाओं को लागू करने, निवेश को आकर्षित करने तथा विभिन्न विभागों और एजेंसियों के बीच समन्वय स्थापित करने की जिम्मेदारी निभाएगा। इसके अध्यक्ष मुख्यमंत्री होंगे, जबकि विभिन्न विभागों के मंत्री, मुख्य सचिव और वरिष्ठ अधिकारी इसके सदस्य होंगे। साथ ही एक कार्यकारी समिति भी गठित की गई है, जो योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की निगरानी करेगी। इस महत्वाकांक्षी परियोजना को विधिक आधार प्रदान करने के लिए 2025 लागू किया गया है।

## वित्तीय संसाधनों की सुदृढ़ व्यवस्था

यह अधिनियम प्राधिकरण की संरचना, शक्तियों, कार्यप्रणाली और वित्तीय अधिकारों को स्पष्ट रूप से परिभाषित करता है, जिससे विकास कार्यों में पारदर्शिता, जवाबदेही और दक्षता सुनिश्चित होती है। राज्य सरकार द्वारा इस परियोजना के लिए राजधानी क्षेत्र विकास निधि और पुनरावृत्ति निधि की स्थापना का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही प्राधिकरण को विशेष उपकर लगाने, परियोजनाओं के लिए वित्तीय संसाधन जुटाने और अपना वार्षिक बजट तैयार करने का अधिकार भी दिया गया है। इससे विकास कार्यों के लिए आवश्यक वित्तीय संसाधनों की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित होगी।

**निवेश, उद्योग और रोजगार को मिलेगा बढ़ावा**

स्टेट कैपिटल रीजन के विकास से छत्तीसगढ़ में निवेश की संभावनाएं बढ़ेंगी और उद्योगों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार होगा। इसके परिणामस्वरूप नए उद्योग स्थापित होंगे, सेवा क्षेत्र का विस्तार होगा और युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे। यह क्षेत्र भविष्य में राज्य का प्रमुख आर्थिक हब बनकर उभर सकता है।

**जवाबदेही**

वित्तीय अधिकारों को स्पष्ट रूप से परिभाषित करता है, जिससे विकास कार्यों में पारदर्शिता, जवाबदेही सुनिश्चित होती है।


**पहली बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय**

छत्तीसगढ़ राजधानी क्षेत्र विकास प्राधिकरण की पहली बैठक विधानसभा में 11 मार्च 2026 को आयोजित हो चुकी है, जिसमें राजधानी क्षेत्र के विकास से जुड़े कई अहम विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में क्षेत्रीय मोबिलिटी और लॉजिस्टिक्स के विकास, मेट्रो संचालन के लिए टेक्नो-इकोनॉमिक फिजिबिलिटी स्टडी, सर्वेक्षण कार्यों के संचालन तथा विशेषज्ञ सलाहकारों की नियुक्ति पर चर्चा की गई।

# योगी सरकार में ओबीसी युवाओं को मिल रही फ्री कम्प्यूटर ट्रेनिंग, बदल रही जिंदगी

**प्रशिक्षण**

साल 2025-26 में 29 हजार से ज्यादा युवाओं को प्रशिक्षण दिया गया, इंटर पास युवाओं को मिल रहा प्रशिक्षण



**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार प्रदेश के युवाओं को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने के लिए लगातार ठोस कदम उठा रही है। इसी क्रम में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के युवक-युवतियों के लिए कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना एक महत्वपूर्ण पहल बनकर उभरी है। इस योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 में 29 हजार से ज्यादा युवाओं को प्रशिक्षण दिया गया है। डिजिटल युग में यह योजना आत्मनिर्भरता की दिशा में एक मजबूत कदम मानी जा रही है।

**सबसे ज्यादा 22,407 युवाओं ने ओ लेवल कोर्स किया**

इस योजना के तहत इंटरमीडिएट पास ओबीसी वर्ग के ऐसे युवक-युवतियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिनके माता-पिता या अभिभावकों की वार्षिक आय 1 लाख रुपये या उससे कम है। सरकार द्वारा यह प्रशिक्षण भारत सरकार की नीलिट से मान्यता प्राप्त संस्थानों के माध्यम से कराया जाता है।

वित्तीय वर्ष 2025-26 में इस योजना के अंतर्गत कुल 29,191 युवाओं को प्रशिक्षण दिया गया है।

# केदारनाथ यात्राः सुदृढ़ व्यवस्थाओं से गदगद हुए श्रद्धालु

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादूनः** केदारनाथ धाम यात्रा 2026 सुचारु रूप से संचालित हो रही है। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं सुगमता सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन ने व्यापक प्रबंध किए हैं। तीर्थयात्री इन प्रबंधों की सराहना कर रहे हैं। यात्रा मार्ग से लेकर धाम परिसर तक पेयजल, स्वच्छता, चिकित्सा, सुरक्षा एवं दर्शन व्यवस्था को सुव्यवस्थित रूप से संचालित किया जा रहा है, जिससे श्रद्धालुओं का यात्रा अनुभव सुखद एवं संतोषजनक बन रहा है। गाजियाबाद के वैशाली निवासी श्रद्धालु मोनिका वर्मा ने बताया कि पैदल मार्ग से यात्रा करने के दौरान उन्हें हर आवश्यक सुविधा सुलभ रूप से उपलब्ध हुई। उन्होंने कहा कि मार्ग पर पेयजल, खाद्य सामग्री, स्वच्छ शौचालय एवं साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था है। उन्होंने यह भी कहा कि यात्रा से पूर्व उन्हें कुछ भ्रामक सूचनाओं के कारण चिंता थी, लेकिन धाम पहुंचने पर उन्होंने पाया कि प्रशासन द्वारा सभी व्यवस्थाएं प्रभावी ढंग से की गई हैं। उन्होंने अन्य श्रद्धालुओं से अपील की कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और निश्चिंत होकर यात्रा करें। अंबाला निवासी श्रद्धालु आकाश ने कहा कि वह प्रतिवर्ष बाबा केदार के दर्शन हेतु आते हैं और इस वर्ष की व्यवस्थाएं पूर्व वर्षों की तुलना में और अधिक सुदृढ़ एवं सुव्यवस्थित हैं।

**सुविधाएं**

पैदल मार्ग से यात्रा करने के दौरान उन्हें हर आवश्यक सुविधा सुलभ रूप से उपलब्ध हुई।

# ऐरिया मॉल गुरुग्राम ने पेश किया द ग्रेट वाइल्डलाइफ सफारी

**टीम एक्शन इंडिया**

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम का प्रमुख रिटेल और एंटरटेनमेंट डेस्टिनेशन ऐरिया मॉल द ग्रेट वाइल्डलाइफ सफारी के लॉन्च के साथ एक्सपीरिएंशियल रिटेल को नया आयाम देने जा रहा है। यह शहर का अपनी तरह का पहला इमर्सिव वाइल्डलाइफ सफारी अनुभव है, जो आगंतुकों को एक जीवंत वन्यजीव पारिस्थितिकी तंत्र के बीच ले जाने के लिए डिजाइन किया गया है। द ग्रेट वाइल्डलाइफ सफारी शहर में अपनी तरह का पहला, बेहद रोमांचक और जीवंत वाइल्डलाइफ सफारी अनुभव है। विज़िटर्स को एक जीवंत वाइल्डलाइफ इकोसिस्टम के बीचों-बीच ले जाने के लिए डिजाइन किया गया यह अनुभव, दुनिया भर के जानवरों को एक साथ लाकर शहर के ठीक बीचों-



बीच एक आकर्षक वॉक-थ्रू अनुभव पेश करता है।

मनोरंजन और शिक्षा के बेहतरीन मिश्रण के रूप में तैयार यह अनुभव गुरुग्राम में पहले कभी नहीं देखा गया है। यहां आगंतुक बेहद वास्तविक दिखने वाले वन्यजीवों के करीब जाकर उनसे जुड़ सकते हैं, जिससे प्रकृति के प्रति भावनात्मक जुड़ाव और गहरा होता है। इसमें कई इंटरएक्टिव जोन शामिल हैं, जैसे कैंटर सफारी, जीप फोटो जोन, लायन डेन, फ्लोटिंग हिप्पो जोन और ड्रॉ अलाइव स्टेशन, जो खोज, सहभागिता और रचनात्मकता को बढ़ावा देते हैं। मनोरंजन के साथ-साथ यह अनुभव वन्यजीव संरक्षण, संवेदनशीलता और पर्यावरणीय जिम्मेदारी जैसे महत्वपूर्ण विषयों को भी जोड़ता है, जिससे आगंतुक प्राकृतिक आवासों के संरक्षण के महत्व पर विचार कर सकें। अपने विशाल स्तर और इमर्सिव डिजाइन के साथ द ग्रेट वाइल्डलाइफ सफारी गुरुग्राम में एक जरूर देखने लायक अनुभव है, जो परिवारों के लिए एक अनोखा और यादगार आउटिंग विकल्प प्रस्तुत करता है, जहां खोज, संवाद और कहानी कहने का अनूठा मेल है।

# निशांत कुमार की सदभाव यात्रा की तैयारी में जदयू लगा

**टीम एक्शन इंडिया**

**पश्चिम चम्पारण (बगहा)।** पश्चिम चंपारण के वाल्मीकिनगर से जदयू के नेता निशांत कुमार की सदभाव यात्रा इसी तीन मई से होने जा रही है,जिसकी तैयारी के लिए बगहा के जद यू के नेता और कार्यकर्ताओं की एक बैठक बगहा दो स्थित आईबी और बगहा पुलिस जिला के प्रखंडों में हुई है। बैठक में वाल्मीकिनगर सांसद सुनील कुमार ने उपस्थित नेता और कार्यकर्ताओं से कहा कि निशांत कुमार अब जदयू और बिहार के भविष्य हैं। उनकी इस यात्रा को यादगार बनाना है। जिस तरह पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 2005 में न्याय यात्रा के बाद बिहार सरकार बनाकर राज्य की दशा और दिशा बदलने का काम किया था, उसी तरह उनके सुपुत्र युवा नेता निशांत कुमार अपनी सदभाव यात्रा की शुरूआत चम्पारण में वाल्मीकिनगर की धरती से करने जा रहें हैं, जो ऐतिहासिक होगी। उन्होंने कहा कि निशांत कुमार तोन मई को वाल्मीकिनगर आयेंगे,वो चार मई को गाँधी सभागार, बेतिया में कार्यकर्ता संवाद करेंगे।बैठक में एमएलसी भीष्म सहनी ने कहा कि निशांत कुमार का बगहा के चौतरवा, मंगलपुर, लक्ष्मीपुर आदि जगहों पर भव्य स्वागत किया।

# यूपी में डेयरी सेक्टर बना ग्रामीण अर्थव्यवस्था का मजबूत आधार

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः** उत्तर प्रदेश में गो सेवा अब केवल धार्मिक आस्था तक सीमित नहीं रही, बल्कि यह राज्य की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति देने वाला एक सशक्त आर्थिक मॉडल बनकर उभरी है। योगी सरकार में डेयरी सेक्टर ने जिस तेजी से विस्तार किया है, उसने न केवल किसानों और युवाओं की आय में उल्लेखनीय वृद्धि की है, बल्कि गांवों में रोजगार के स्थायी अवसर भी पैदा किए हैं। मिनी नंदिनी कृषक समृद्धि योजना और नंद बाबा दुग्ध मिशन जैसी पहल ने इस बदलाव को जमीनी स्तर पर साकार किया है। आज प्रदेश के हजारों युवा



डेयरी उद्यम के माध्यम से सालाना 10 से 12 लाख रुपये तक की आय अर्जित कर रहे हैं, जो पहले कभी पारंपरिक पशुपालन में आसान नहीं माना जाता था।

**योगी सरकार के सहयोग से देवेंद्र बने आत्मनिर्भर**

मथुरा जिले के गांव रदोई निवासी देवेन्द्र सिंह का चयन नंद बाबा दुग्ध मिशन के अंतर्गत मिनी नंदिनी कृषक समृद्धि योजना में हुआ। उन्होंने आठ साहिवाल एवं दो गिर गोवंश खरीदकर डेयरी यूनिट स्थापित की। सरकार ने उन्हें योजना लागत का 50 प्रतिशत तक अनुदान दिया। वर्तमान में उनकी डेयरी से औसतन 100 लीटर प्रतिदिन दूध उत्पादन हो रहा है, जिससे उनका व्यवसाय लगातार बढ़ रहा है। देवेन्द्र का कहना है कि योगी सरकार के सहयोग से उन्हें आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिला। अपर मुख्य सचिव पशुपालन मुकेश मेश्राम ने बताया कि योगी सरकार में उत्तर प्रदेश ने दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में रिकॉर्ड उपलब्धि हासिल की है।

**गो सेवा**

मिनी नंदिनी योजना से गांव-गांव में रोजगार, सालाना 10-12 लाख की आय तक पहुंच रहे युवा

# डीएस ग्रुप ने राजस्थान में अपने सस्टेनेबल एग्रीकल्चर प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाया




**टीम एक्शन इंडिया**

**प्रमुख** एफएमसीजी समूह और मल्टी-बिजनेस कॉरपोरेशन, धर्मपाल सत्यपाल ग्रुप (डीएस ग्रुप) ने राजस्थान में अपने सस्टेनेबल कृषि प्रोजेक्ट की वृद्धि की घोषणा की है। इसके तहत करौली के सुदूर क्षेत्र डांग में दो नए बायो-रिसोर्स सेंटर (बीआरसी ) का उद्घाटन किया गया है। इस पहल को आगे बढ़ाते हुए, बीआरसी नेटवर्क अब 30 केंद्रों तक पहुंच गया है, जो राजस्थान, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के 86 गांवों के किसानों को सहयोग प्रदान कर रहा है। यह पहल समुदाय-आधारित, पर्यावरण के अनुकूल कृषि और आजीविका प्रथाओं के प्रति समूह की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को और मजबूत करती है। डीएस ग्रुप के 'वॉटर इकोनॉमिक जोन' प्रोजेक्ट के अंतर्गत, ग्राम गौरव संस्थान द्वारा स्थापित इन नए केंद्रों का पूर्ण संचालन और प्रबंधन अब स्थानीय किसान समितियों द्वारा किया जाएगा। करौली के भड़की और घेर का पुरा में स्थित इन दोनों केंद्रों ने जीवामृत और नीमास्त्र जैसे आवश्यक बायो -इनपुट्स का उत्पादन सफलतापूर्वक शुरू कर दिया है। इसके अलावा भविष्य में समूह की योजना इन केंद्रों के माध्यम से घनअमृत, ब्रह्मास्त्र, दशपर्णी और बीजामृत जैसे उत्पादों के व्यापक पोर्टफोलियो में धीरे-धीरे आगे बढ़ाया जाएगा।

ये बायो इनपुट्स न केवल किसानों की खेती की लागत को कम करने में सहायक हैं, बल्कि मिट्टी की उर्वरता और फसलों की गुणवत्ता में सुधार करते हुए दीर्घकालिक इकोलॉजिकल बैलेंस को भी बढ़ावा देते हैं। डीएस ग्रुप के सस्टेनेबिलिटी और सीएसआर के जनरल मैनेजर, श्री प्रभाकांत जैन ने समूह के दृष्टिकोण को साझा करते हुए कहा, डीएस ग्रुप में यह पहल जमीनी स्तर पर मापने योग्य प्रभाव पैदा करने की हमारी व्यापक प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

**आर्गेनिक फार्मिंग**

86 गांवों को सहयोग देने के लिए समुदाय आधारित आर्गेनिक फार्मिंग नेटवर्क को किया मजबूत

एक दिवसीय कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य जिला स्तर पर अधिकारियों की क्षमता को सुदृढ़ करना रहा।

# कुष्ठ उन्मूलन पर राज्यस्तरीय वर्कशॉप, फार्माकोविजिलेंस पर विशेष फोकस

**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुरः** कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में राजधानी रायपुर के सर्किट हाउस, सिविल लाइन्स में राज्यस्तरीय कैपेसिटी बिल्डिंग वर्कशॉप का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत आयोजित इस कार्यशाला में प्रदेशभर से जिला कुष्ठ अधिकारी, स्वास्थ्य विशेषज्ञ एवं विभिन्न विकास सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। यह कार्यक्रम केंद्रीय कुष्ठ प्रभाग , स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इसमें जिला कुष्ठ



अधिकारी, राज्य कुष्ठ टीम एवं चिकित्सा महाविद्यालयों के प्रतिनिधियों के साथ विश्व स्वास्थ्य संगठन और विशेषज्ञों की सक्रिय भागीदारी रही। साथ ही रीजनल लेप्रोसी ट्रेनिंग एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट रायपुर तथा फामाकोविजिलेंस प्रोग्राम ऑफ इंडिया से जुड़े विशेषज्ञों ने तकनीकी सत्रों में महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किया।

एक दिवसीय कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य जिला स्तर पर अधिकारियों की क्षमता को सुदृढ़ करना रहा। इस दौरान फामाकोविजिलेंस के अंतर्गत दवाओं के दुष्प्रभाव की रिपोर्टिंग प्रणाली को मजबूत करने तथा मल्टी ड्रग थेरेपी की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर विशेष प्रशिक्षण दिया गया। इसके साथ ही एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस (अटफ) सर्विलांस और राष्ट्रीय रणनीतिक योजना 2023-27 के प्रभावी क्रियान्वयन पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

कार्यशाला में कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा करते हुए जमीनी स्तर की चुनौतियों पर विचार-विमर्श किया गया तथा आगामी कार्ययोजना की रूपरेखा तैयार की गई। प्रशिक्षण उपरांत प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए।

विशेषज्ञों ने कहा कि इस प्रकार के क्षमता निर्माण कार्यक्रम न केवल स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाते हैं, बल्कि कुष्ठ उन्मूलन जैसे राष्ट्रीय लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से प्राप्त करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। रायपुर में आयोजित यह पहल प्रदेश की जनस्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में एक अहम कदम मानी जा रही है।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के विशेषज्ञों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर रीजनल लेप्रोसी ट्रेनिंग एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट, रायपुर के निदेशक डॉ. संदीप जोगदंड, राज्य कुष्ठ अधिकारी छत्तीसगढ़ डॉ. जितेन्द्र कुमार, विश्व स्वास्थ्य संगठन भारत से टीम लीडर (हेल्थ सिस्टम्स) डॉ. ग्रेस अचुंगुरा, तकनीकी अधिकारी डॉ. मधुर गुप्ता, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान रायपुर से एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. पुगाझेन्थन थंगराजू, इंडियन फामाकोपिया कमीशन की फामाकोविजिलेंस एसोसिएट डॉ. जयश्री सुरेश तथा सेंट्रल लेप्रोसी ट्रेनिंग एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट की असिस्टेंट डायरेक्टर डॉ. एम. स्वप्ना विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

# पीठासीन अधिकारी समिति की बैठक उपरान्त खाटू श्याम जी मन्दिर दर्शन हेतु पहुँचे विधान सभा अध्यक्ष कुलदीप पठानियां, शीश नवाया तथा आशीर्वाद लिया

**प्रशंसा**

» राजस्थान विधान सभा परिसर में किए गए विकासात्मक कार्यों पर की प्रशंसा



**चमन शर्मा**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानियां गत सायं लोक सभा द्वारा गठित पीठासीन अधिकारी समिति की द्वितीय बैठक में भाग लेने के उपरान्त राजस्थान के जिला सिक्कर स्थित खाटू श्याम जी मन्दिर में दर्शन करने हेतु पहुँचे। विधान सभा अध्यक्ष ने मन्दिर में पूजा अर्चना कर शीश नवाया तथा भगवान श्री खाटू श्याम जी से प्रदेश के लोगों की सुख-समृद्वि की कामना की। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, सिक्किम, उड़ीसा के स्पीकर तथा विधान सभा सचिव यशपाल शर्मा भी उनके साथ मौजूद थे।

बैठक उपरान्त पठानियां ने पत्रकारों को भी सम्बोधित किया तथा राजस्थान विधान सभा परिसर में किए गए विकासात्मक कार्यों की प्रशंसा की तथा परिसर में संग्रहालय निर्माण तथा औषधीय पौधशाला को विकसित करने के लिए राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की सराहना की। पठानियां ने मिडिया से वार्ता के दौरान कहा कि लोक सभा द्वारा विधान मण्डलों की समितियों के सशक्तिकरण के लिए गठित यह समिति अगले महीने तक अपनी रिर्पोट लोक सभा को प्रेषित कर देगी जिसकी अगली बैठक उड़ीसा में प्रस्तावित है। उसी बैठक में सभी की सहमति से इसे लोक सभा को प्रेषित किया जाएगा।

इससे पूर्व विधान सभा अध्यक्ष ने समिति बैठक उपरान्त राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा से भी मुलाकात की तथा प्रदेश विधान सभा की कार्यप्रणाली, क्रिया-क्लापों तथा विधान सभा परिसर में चल रही विकासात्मक गतिविधियों बारे अपने विचार सांझा किए। विधान सभा अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा को हि0प्र0 में पर्यटन की अपार सम्भावनाओं बारे अवगत करवाया तथा सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थलों का भी उनके साथ जिक्र किया। पठानियां ने मुख्यमंत्री तथा राजस्थान सरकार का आतिथ्य सत्कार के लिए धन्यवाद भी किया।

विधान सभा अध्यक्ष आज दोपहर बाद जयपुर से वायु मार्ग द्वारा चण्डीगढ़ के लिए रवाना हुए तथा वहाँ से सड़क मार्ग द्वारा सायं शिमला पहुँचेगें।

## अंडर-23 क्रिकेट टीम के लिए ट्रायल 9 मई को

**राजन पुरी**

**ऊना।** हिमाचल प्रदेश क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंतर जिला अंडर-23 एक दिवसीय क्रिकेट



प्रतियोगिता के लिए जिला ऊना क्रिकेट टीम का चयन 9 मई दिन शनिवार को इंदिरा ग्राउंड में होगा। यह जानकारी जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष मदन पुरी ने दी। उन्होंने बताया कि ट्रायल में वही खिलाड़ी हिस्सा ले सकते है, जिनके पास हिमाचली बोनाफाइड हो ओर उनका जन्म 1.9.2003 को, या इसके बाद का हो।

उन्होंने कहा कि सभी खिलाड़ी अपने आयु प्रमाण पत्र साथ लेकर आएं। यह टूर्नामेंट 18 मई से जिला ऊना, अमत्तर ओर बिलासपुर के ग्राउंड में खेला जाएगा।

# कांग्रेस ने किया जनभावनाओं से खिलवाड़, दोहंदी वार्ड के लोगों के साथ किया खेला : जयराम ठाकुर

**पर्दाफाश**

» जनभावना के विपरीत कार्य पार्टी के दोहरे चरित्र का एक बार फिर हुआ पर्दाफाश

**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने मंडी नगर निगम चुनावों और विशेष रूप से बेहना और दोहंदी वार्ड के घटनाक्रम को लेकर प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला है। जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने दोहंदी वार्ड के मतदाताओं की भावनाओं का अपमान किया है और अब यहाँ की जनता इस विश्वासघात का जवाब आगामी चुनावों में खेला करके देगी।

मंडी में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत के दौरान जयराम ठाकुर ने बताया कि बैहना वार्ड की तरह ही दोहंदी वार्ड की जनता भी कुछ स्थानीय मुद्दों और ग्रामीण क्षेत्रों को नगर निगम में शामिल किए जाने के विरोध में चुनावों के बहिष्कार का मन बना चुकी है। जनता की इसी मांग का सम्मान करते हुए क्षेत्र के लोगों ने सभी प्रत्याशियों से अपने नामांकन वापस लेने का आग्रह किया था।

जयराम ठाकुर के अनुसार, भारतीय जनता पार्टी और अन्य निर्दलीय उम्मीदवारों ने जनता की भावनाओं और उनके सामूहिक निर्णय के प्रति अपनी सहमति व्यक्त की थी। इसी निर्णय के तहत सभी प्रत्याशी तय समय पर एसडीएम बल्ह के कार्यालय में अपना नाम वापस लेने के लिए उपस्थित हो गए थे।



नेता प्रतिपक्ष ने कांग्रेस पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि जहाँ भाजपा और अन्य उम्मीदवार जनहित में अपना नाम वापस लेने पहुंच गए थे, वहीं कांग्रेस की प्रत्याशी कार्यालय नहीं पहुंचीं। जयराम ठाकुर ने कहा, कांग्रेस प्रत्याशी का न आना यह दर्शाता है कि वे और उनकी पार्टी जनता की भावनाओं के विपरीत कार्य कर रहे हैं। कांग्रेस ने दोहंदी वार्ड के लोगों के साथ जो खेल खेला है, उससे पार्टी के दोहरे चरित्र का एक बार फिर पर्दाफाश हो गया है।

## नंगल-ऊना रोड पर युवक से 1.56 ग्राम हेरोइन और 17,580 रुपये बरामद

**राजन पुरी**

**ऊना।** जिला ऊना में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस ने एक और बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। जीरो टॉलरेंस नीति के तहत काम कर रही जिला पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति को चिट्टा (हेरोइन) और नकदी सहित काबू किया है। जानकारी के मुताबिक पुलिस चौकी शहर ऊना की टीम मंगलवार शाम नंगल-ऊना रोड पर बाबा साहिब सिंह बेदी गेट के सामने यातायात चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक संदिग्ध वाहन को रोककर तलाशी की गई। तलाशी के दौरान वाहन से 1.56 ग्राम हेरोइन (चिट्टा), 17,580 रुपये नकद और किनारों से जला हुआ 10 रुपये नोट बरामद किया गया।

# कोयला, खान एवं इस्पात संबंधी स्थायी समिति की सिलीगुड़ी और गंगटोक में महत्वपूर्ण बैठकें

**पवन धीमान**

**हमीरपुर।** कोयला, खान एवं इस्पात संबंधी स्थायी समिति ने अपने अध्यक्ष अनुराग सिंह ठाकुर के नेतृत्व में सिलीगुड़ी और गंगटोक में दो दिवसीय अध्ययन दौरे के दौरान विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर व्यापक चर्चा की। इस दौरान समिति ने विभिन्न मंत्रालयों एवं सार्वजनिक उपक्रमों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विस्तृत विचार-विमर्श किया।

सिलीगुड़ी में समिति ने खान मंत्रालय, नेशनल एल्युमिनियम कंपनी लिमिटेड, मिनरल एक्सप्लोरेशन एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड तथा हिंदुस्तान कॉपर



लिमिटेड के साथ राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन पर केंद्रित बैठकें कीं। इन बैठकों में आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत देश में महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को सुदृढ़ करने के उपायों पर चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त खान मंत्रालय, भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण तथा भारतीय खान ब्यूरो के साथ अपतटीय खनिज अन्वेषण से जुड़े अवसरों एवं चुनौतियों पर भी अलग से विचार-विमर्श किया गया।

# राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग द्वारा लघु फिल्म प्रतिस्पर्धा के लिए आवेदन आमंत्रित

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला।** राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग नई दिल्ली द्वारा मानव अधिकार विषय पर आधारित लघु फिल्म प्रतिस्पर्धा के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इस प्रतिस्पर्धा का उद्देश्य मानव अधिकार सुरक्षा और प्रोत्साहन की दिशा में लोगों को जागरूक करना है।

सभी आयु वर्ग के नागरिक गूगल ड्राइव के माध्यम से nhrc-shortfilms@gmail.com पर अपनी एंट्री 30 जून, 2026 तक ऑनलाइन भेज सकते हैं। इसके तहत प्रथम पुरस्कार के रूप में 2 लाख रुपये, द्वितीय पुरस्कार के रूप में 1 लाख 50 हजार रुपये और तृतीय पुरस्कार के रूप में 1 लाख रुपये की पुरस्कार राशि निर्धारित की गई है। इसके अतिरिक्त ज्यूरी द्वारा अनुमोदन के उपरांत अधिकतम 4 फिल्मों को 3 नकद पुरस्कार, प्रमाण-पत्र, ट्रॉफी व 'सर्टिफिकेट ऑफ स्पेशल मेंशन' प्रदान किया जाएगा, जिसमें अधिकतम नकद पुरस्कार 50 हजार रुपये निर्धारित किया गया है।

लघु फिल्म हिन्दी अथवा किसी अन्य भारतीय भाषा में इंग्लिश सब टाइटल में निर्मित होनी चाहिए। फिल्म की अवधि न्यूनतम 3 मिनट और अधिकतम 10 मिनट होनी चाहिए। इस प्रतिस्पर्धा के लिए किसी प्रकार की एंट्री फीस नहीं है और आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार किये जाएंगे।

## संक्षिप्त खबरें

# भाजपा ने चंबा जिला परिषद के लिए 11 प्रत्याशियों की सूची की जारी

**हामिद खान**

**चंबा।** भारतीय जनता पार्टी ने जिला चंबा में आगामी जिला परिषद चुनाव के लिए कमर कस ली है। पार्टी की ओर से परिषद के कुल 18 वार्डों में से 11 वार्डों के लिए अपने आधिकारिक प्रत्याशियों की घोषणा कर दी गई है। जिला परिषद के शेष सात वार्डों के लिए उम्मीदवारों के नाम अभी फाइनल नहीं हो पाए हैं, जिन पर जल्द ही निर्णय लिए जाने की संभावना है।

मंगलवार को भाजपा पंचायती राज एवं नगर निकाय चुनाव समिति के प्रदेश संयोजक विपिन परमार की ओर से उम्मीदवारों की अधिसूचना जारी की गई।

पार्टी की ओर से जारी सूची के अनुसार, भरमौर वार्ड से पूर्व विधानसभा अध्यक्ष स्व. तुलसी राम शर्मा की धर्मपत्नी लीला शर्मा को चुनावी मैदान में उतारा गया है। अन्य प्रमुख वार्डों के प्रत्याशी इस प्रकार हैं।

पांगी करयास से सुनीता कुमारी को भाजपा ने अपना भाजपा समर्थित उम्मीदवार बनाया है ,जबकि सनवाल जिला परिषद वार्ड से जसवंत सिंह, चांजू से देवकी देवी, करियां से राज सिंह ठाकुर ,मोतला से तिलकराज ,कथेड़ से दिव्या ज्योति वर्मा, बैनेट से संदीप पनियाल, नैनीखड्डु से सत्य प्रकाश ,बयाना से नताश जन्याल तथा किहार से सरित को भाजपा समर्थित उम्मीदवार घोषित किया है। उल्लेखनीय है कि चंबा जिला में जिला परिषद के कुल अठारह वार्ड हैं। इस बार जिला परिषद चंबा का अध्यक्ष पद %महिला ओपन% श्रेणी के लिए आरक्षित किया गया है, जिसके चलते महिला प्रत्याशियों की भूमिका इस बार काफी महत्वपूर्ण रहने वाली है।

अधिसूचना के अनुसार, जिला परिषद के सभी 18 वार्डों के लिए चुनाव 26, 28 और 30 मई को तीन अलग-अलग चरणों में संपन्न कराए जाएंगे।

# पीरन में पटवार भवन वर्षो से बहा रहा बदहाली के आंसू

**चमन शर्मा**

**शिमला।** जहां एक ओर प्रशासन प्राकृतिक आपदा के दौरान आमजन को सहायता प्रदान करने में अहम भूमिका निभाता हैं वहीं पर जुन्गा तहसील के अधीन आने वाला पटवार भवन पीरन काफी वर्षो से बदहाली के आंसू बहा रहा है । भवन की हालत ऐसी है कि खुद मियां फजीहत -दूसरों को नसीहत वाली कहावत प्रशासन पर सटीक बैठती है। आलम यह है कि बरसात का पानी रोकने के लिए भवन की छत पर एक नहीं तीन -तीन तिरपाल बिछाए गए हैं इसके बावजूद भी बरसात का पानी कार्यालय में टपकता है जिससे पटवार भवन की छत जर्जर हालत में हो गई है और पानी के टपकने



से इस कार्यालय में रखा गया राजस्व रिकार्ड खराब होने लगा है । पीरन के वरिष्ठ नागरिक एवं पूर्व प्रधान दया राम वर्मा, दौलत राम मेहता, जबर सिंह ठाकुर , केडी शर्मा सहित अनेक लोगों ने बताया कि करीब 40 वर्ष पूर्व पटवार घर का निर्माण किया गया था जिसमें पटवारी के रहने की सुविधा भी उपलब्ध है।

## मुच्छाली में 9 को होगा विशाल भंडारे का आयोजन

**राजन पुरी**

**ऊना।** उपमंडल बंगाणा के अंतर्गत ग्राम मुच्छाली स्थित बाबा गरीब नाथ मंदिर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 9 मई को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। मंदिर प्रबंधक ओम प्रकाश, सुभाष चंद एवं अमर चंद ने जानकारी देते हुए बताया कि इस धार्मिक आयोजन को लेकर तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। उन्होंने बताया कि भंडारे के अवसर पर दूर-दूर से श्रद्धालु मंदिर में पहुंचकर बाबा गरीब नाथ का आशीर्वाद प्राप्त करें इसके साथ ही इस दिन विशेष रूप से झंडा रस्म कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें मंदिर प्रबंधन कमेटी ने सभी क्षेत्रवासियों एवं श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस पुण्य अवसर का लाभ उठाएं।

# हमीरपुर में बन रहा राष्ट्रीय राजमार्ग-03 अब विकास नहीं, बल्कि सीधे-सीधे बना खतरे की कहानी

**पवन धीमान**

**हमीरपुर।** हमीरपुर क्षेत्र में निर्माणाधीन राष्ट्रीय राजमार्ग-03 अब विकास का प्रतीक कम और खतरे का दूसरा नाम ज़्यादा बनता जा रहा है। बारिश शुरू होते ही इस हाईवे की असलियत सामने आ गई है—सड़क जगह-जगह उखड़ी पड़ी है, पहाड़ों से पत्थर गिर रहे हैं और पानी निकासी की कोई ठोस व्यवस्था नजर नहीं आ रही। सवाल साफ है—क्या लोगों की जान से बढ़कर भी कोई लापरवाही हो सकती है?

टोनी देवी के पास हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि एक रिहायशी भवन पर सीधा खतरा मंडरा रहा है। हाईवे से बहता पानी सीधे घर की नींव को काट रहा है। अगर समय रहते कार्रवाई नहीं हुई, तो बड़ा



नुकसान तय माना जा रहा है। स्थानीय लोग डरे हुए हैं, लेकिन उससे ज्यादा गुस्से में हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए लोगों ने एनएच पीड़ित मंच की अध्यक्ष रीना चौहान को मौके पर बुलाया। हैरानी की बात ये है कि जब कंपनी के जिम्मेदार अधिकारियों को फोन किया गया, तो साइट इंजीनियर ने फोन उठाना तक जरूरी नहीं समझा। क्या यही जिम्मेदारी है? क्या यही विकास है?

गुस्साए ग्रामीणों ने साफ चेतावनी दी है—दो दिन के भीतर समस्या का समाधान करो, वरना मामला सीधे डीसी के दरबार में पहुंचेगा। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि क्या हर बार लोगों को सड़कों पर उतरकर ही अपनी सुरक्षा की लड़ाई लड़नी पड़ेगी? निरीक्षण के दौरान जो तस्वीर सामने आई, वह और भी डराने वाली है। एनएच 03 पर जगह-जगह गड्ढे हैं, जिन्हें सिर्फ खानापूर्ति के तौर पर पत्थर डालकर भरा जा रहा है। ये कोई स्थायी समाधान नहीं, बल्कि हादसों को न्योता देने जैसा है। कोल्हू सिद्ध के पास तो हालत और भी भयावह हैं—सड़क का एक हिस्सा पूरी तरह टूटने की कगार पर है। कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

# ऊना व कुटलैहड़ कांग्रेस ने जिला परिषद उम्मीदवारों की सूची जारी



**राजन पुरी**

**ऊना।** जिला ऊना में पंचायत चुनावों को लेकर सियासी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में ऊना ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रजनीश शर्मा और कुटलैहड़ ब्लॉक अध्यक्ष विवेक मिंका ने बुधवार को ऊना में आयोजित एक पत्रकार वार्ता के दौरान जिला परिषद वार्डों के लिए अपने-अपने प्रत्याशियों के नाम सार्वजनिक कर दिए।

इस मौके पर विधायक विवेक शर्मा और पूर्व विधायक सतपाल रायजादा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने ब्लॉक कांग्रेस द्वारा घोषित प्रत्याशियों का समर्थन करते हुए कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर चुनाव लड़ने का आह्वान किया। ब्लॉक अध्यक्षों ने कहा कि पंचायती राज चुनावों में परंपरागत रूप से पार्टी समर्थित उम्मीदवारों को ही मैदान में उतारा जाता है और इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इन नामों की घोषणा की गई है।

उन्होंने बताया कि गहन विचार-विमर्श और स्थानीय समीकरणों को ध्यान में रखते हुए प्रत्याशियों का चयन किया गया है। घोषित उम्मीदवारों में देहलां वार्ड से सोनिया राणा, रायपुर सहोडा से प्रियंका शर्मा, चताड़ा से दीक्षा सैनी, धनेत से रीना देवी, टक्का वार्ड से सुमित शर्मा तथा लठियाणी वार्ड से सत्या देवी को कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी बनाया गया है।

# सुप्रीम कोर्ट में लंबित मामलों के लिए विशेष लोक अदालत 21 से 23 अगस्त तक : आर. मियूल शर्मा

**विजय समयाल**

**धर्मशाला।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कांगड़ा के सचिव आर. मियूल शर्मा ने आज यहां आयोजित पत्रकार वार्ता में जानकारी देते हुए बताया कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय परिसर में 21, 22 एवं 23 अगस्त, 2026 को विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस विशेष लोक अदालत में सर्वोच्च न्यायालय में लंबित उपयुक्त मामलों का आपसी सहमति, संवाद एवं सुलह के माध्यम से निपटारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार समाधान समारोह 2026 अभियान अप्रैल 2026 से प्रारंभ किया गया है, जिसके अंतर्गत विभिन्न चरणों में लंबित मामलों की पहचान कर पक्षकारों के मध्य सुलह एवं मध्यस्थता की प्रक्रिया चलाई जा रही है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य न्यायालयों में लंबित मामलों का शांतिपूर्ण एवं शीघ्र समाधान सुनिश्चित करना है। आर. मियूल शर्मा ने बताया कि इस प्रक्रिया के तहत राज्य, जिला, तहसील एवं उच्च न्यायालय विधिक सेवा प्राधिकरणों तथा मध्यस्थता केंद्रों में प्री-सेटलमेंट एवं सुलह बैठकों का आयोजन किया जा रहा है।

# चुनाव लड़ने की थी तैयारी, मतदाता सूची में नहीं मिला महिला का नाम

**राजन पुरी**

**ऊना।** जिला ऊना के हरोली उपमंडल की ग्राम पंचायत हलेड़ा बिलना में पंचायत चुनाव से ठीक पहले मतदाता सूची में गड़बड़ी का मामला सामने आने से ग्रामीणों में रोष व्याप्त है।

चुनावी प्रक्रिया शुरू होने से पहले ही कई लोगों के नाम मतदाता सूची से गायब पाए गए हैं, जिनमें पंचायत चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही महिला हरप्रीत कौर का नाम भी शामिल है। नामांकन प्रक्रिया शुरू होने में महज कुछ घंटे शेष रह जाने के कारण यह मामला और गंभीर हो गया है। इसे लेकर महिला के परिजन और स्थानीय प्रतिनिधियों ने प्रशासन पर सवाल खड़े किए हैं और इसे साजिश करार दिया है। बुधवार को




इस मुद्दे को लेकर एक प्रतिनिधिमंडल जिला पंचायत अधिकारी कार्यालय पहुंचा और मामले के शीघ्र समाधान की मांग उठाई, जिससे चुनावी माहौल में तनाव की स्थिति बन गई है।

बता दें कि विकास खंड हरोली की ग्राम पंचायत हलेड़ा बिलना में पंचायत चुनाव में हिस्सा लेने की तैयारी कर रही हरप्रीत कौर का नाम ही सूची में नहीं मिला, जिससे उनके चुनाव लड़ने पर संकट खड़ा हो गया है। इस मुद्दे को लेकर पूर्व पंचायत समिति सदस्य प्रेम सिंह औजला के नेतृत्व में महिला के पति हरप्रीत सिंह और अन्य ग्रामीण जिला पंचायत अधिकारी कार्यालय पहुंचे। प्रतिनिधिमंडल ने आरोप लगाया कि यह महज प्रशासनिक चूक नहीं बल्कि सोची-समझी साजिश हो सकती है, ताकि कुछ उम्मीदवारों को चुनावी प्रक्रिया से बाहर किया जा सके।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही मतदाता सूची में नाम पुनः शामिल नहीं किए गए, तो वे उग्र प्रदर्शन करेंगे और जरूरत पड़ने पर न्यायालय का दरवाजा भी खटखटाएंगे। इस अवसर पर हरप्रीत सिंह, जसपाल सिंह, हरजिंद्र सिंह मान, निर्मल सिंह, इकबाल, दविंद्र सिंह व हरप्रीत सिंह मौजूद रहे।

# अफवाहों से रहें सावधान, नियमों के तहत ही भरें नामांकन

**विजय समयाल**

**कांगड़ा।** प्रदेशभर के साथ-साथ जिला कांगड़ा के विकास खंड फतेहपुर में भी पंचायत चुनावों की रणभेरी बज चुकी है। प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं और कल 7 मई से नामांकन प्रक्रिया शुरू होने जा रही है। इसके चलते गांव-गांव में राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। रिटर्निंग अधिकारी पंचायत एवं विकास खंड अधिकारी फतेहपुर सुभाष अत्रि की अध्यक्षता में सहायक रिटर्निंग अधिकारियों की दूसरी और अंतिम रिहर्सल भी संपन्न कर ली गई है, जिसके बाद सभी अधिकारियों को संबंधित पंचायतों में तैनात कर दिया गया है, ताकि नामांकन प्रक्रिया समयबद्ध और व्यवस्थित ढंग से पूरी



करवाई जा सके। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सोशल मीडिया पर फैल रही भ्रामक जानकारी से उम्मीदवार सावधान रहें। केवल वही व्यक्ति नामांकन भर सकता है जिसका नाम मतदाता सूची में दर्ज है। नामांकन के लिए बोनाफाइड प्रमाण पत्र की आवश्यकता नहीं है, जबकि पंचायत से जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र अनिवार्य होगा। पंचायत प्रधान, उप-प्रधान, वार्ड सदस्य और ब्लॉक समिति सदस्य पद के उम्मीदवारों को यह प्रमाण पत्र पंचायत से लेकर विकास खंड अधिकारी से काउंटर साइन करवाना होगा। जबकि जिला परिषद के उम्मीदवारों को पंचायत से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेकर जिला पंचायत अधिकारी से काउंटर साइन करवाना अनिवार्य रहेगा। प्रशासन ने नामांकन प्रक्रिया को लेकर सभी स्तरों पर स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए हैं, ताकि किसी भी प्रकार की भ्रम की स्थिति न बने। पंचायत प्रधान, उप-प्रधान और पंचायत सदस्य के नामांकन संबंधित पंचायत कार्यालयों में भरे जाएंगे।

# जनगणना के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आगाज

**चमन शर्मा**

**शिमला।** अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी (प्रोटोकॉल) एवं जिला जनगणना अधिकारी ज्योति राणा की अध्यक्षता में आज बचत भवन शिमला में जनगणना-2027 के लिए जिला में नियुक्त 26 फील्ड प्रशिक्षकों (फील्ड ट्रेनर) को तकनीकी एवं व्यावहारिक पहलुओं पर विस्तृत जानकारी तथा आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करने के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 6 मई से आरम्भ यह तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 8 मई तक जारी रहेगा। यह प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर डॉ हर्ष और देव दत्त शर्मा की ओर से दिया जा रहा है। इस दौरान सहायक निदेशक जनगणना निदेशालय प्रियांशु तिवारी, जिला नोडल अधिकारी रमेश कुमार सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। जिला जनगणना अधिकारी ने बताया कि यह जनगणना पहली बार डिजिटल माध्यम से की जा रही है।

जनगणना-2027 में पहली बार स्व-गणना पद्धति प्रारंभ की जा रही है जिसमें व्यक्ति एचएलओ मोबाइल ऐप तथा वेब पोर्टल www.census.gov.in/se के माध्यम से अपनी जानकारी 1 जून से 15 जून, 2026 तक स्वयं प्रस्तुत कर सकेंगे तथा 16 जून से 15 जुलाई, 2026 के मध्य मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना की जाएगी।

# हिम-आंचल पेंशनर्स संघ ने डीए व लंबित भुगतान की उठाई मांग

**राजन पुरी**

**ऊना।** हिम-आंचल पेंशनर्स संघ खंड गगरेट की मासिक बैठक बुधवार को दौलतपुर चौक में संघ के प्रधान राम पाल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में क्षेत्र के पेंशनर्स ने अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर विस्तार से चर्चा की और सरकार से शीघ्र समाधान की मांग उठाई।

पेंशनर्स ने कहा कि 1 जनवरी 2016 से 31 दिसंबर 2022 के बीच सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों की ग्रेच्युटी, लीव एनकैशमेंट, कम्यूटेशन तथा जीपीएफ जैसी लंबित वित्तीय देनदारियों का जल्द भुगतान किया जाए। इसके अलावा 65 से 70 वर्ष आयु वर्ग के पेंशनर्स को संशोधित



वेतनमान के एरियर का भुगतान भी शीघ्र करने की मांग की गई। संघ के मुख्य प्रेस सचिव ने बताया कि जहां एक ओर केंद्र सरकार द्वारा जनवरी 2024 से 2 प्रतिशत महंगाई भत्ते की किस्त जारी कर दी गई है, वहीं हिमाचल प्रदेश के पेंशनर्स का 46 महीनों का एरियर अभी तक लंबित है। जुलाई 2023 से जनवरी 2024 तक डीए की किस्त का भुगतान न होना भी पेंशनर्स के लिए चिंता का विषय बना हुआ है। बैठक में पेंशनर्स ने लंबित मेडिकल बिलों के शीघ्र निपटारे की मांग करते हुए कहा कि बढ़ती महंगाई के दौर में समय पर भुगतान अत्यंत आवश्यक है।

# शाहतलाई में कल्याण कला मंच बिलासपुर की मासिक कला कलम संगोष्ठी संपन्न

टीम एक्शन इंडिया
कश्मीर ठाकुर



**बिलासपुर**, कल्याण कला मंच बिलासपुर की मासिक कला कलम संगोष्ठी गत दिन शाहतलाई में संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता मंच के संरक्षक डॉ. लेख राम शर्मा ने की। इसमें अभियंता विजय ठाकुर और डा राकेश कुमार ने विशेष आमंत्रित अतिथियों के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम का प्रभावशाली संचालन राकेश मनहास ने किया। सर्वप्रथम घुमारवीं की हास्य कवियत्री बीना वर्धन ने रसोई नी बड़दा कोई दपेरा तक ओढ़ी रखदे रजाई, शिक्षाविद जीत राम सुमन ने अज्ज कल्ल गांवा रे लाकेयां च शहर बी लागुरे अपने पैर पसारने, आचार्य जगदीश सहोता ने आमले रा खादुरा स्याने, यारा रा ग्लाउरा, पीछे ते आंदा याद, बच्छरेटू की बीना चैधरी ने रुख मैंनो पुत लगदे कई लगदे मापे, बैरी बड बड के पा देंदे स्यापे, डियारा के गायक शिवनाथ सहगल ने अति सुंदर गीत आज से पहले आज से ज्यादा, खुशी आज तक नहीं मिली, अजय सौरव ने छातिया रे गब्बे इक खुह हा, लगदा मुझ इस खुआ बीच ई पई जाना, सेवानिवृत प्रधानाचार्य अमर नाथ धीमान ने गजल लगे कोई अपना सा आँखें चार कर लेना, जो लगे प्यारा उसे टूट कर प्यार कर लेना, डियारा के तेज राम तेजस ने दूर देश से इक बालक आया, तलाई में आ के डेरा लाया, डियारा के ही श्याम सुंदर सहगल ने गीत आ ले माई सांभ रतनों, बारां सालां रियाँ लस्सी अते रोटियां, सेवानिवृत्त सहायक निदेशक सुशील पुंडीर परिंदा ने 1883 का जुग्गा सत्याग्रह पर पत्र वाचन प्रस्तुत किया। कर्मवीर कंडेरा ने वफा के सिले कम ही मिले, खुशी के बदले गम ही मिले, घुमारवीं के मानव विज्ञानी डा. अनेक राम संख्यान ने गीत वन बन रहे हैं मरु मरु, सब कट रहे हैं तरु तरु, रविंद्र कुमार शर्मा ने दनोह से आ कर बड़ दे थले बाबे ने तूणा लाया, मंच संचालक राकेश मनहास ने इक चिमटा बनाया बाबा तेरे नाम दा, तत्पश्चात मंच के निदेशक सुरेन्द्र मिन्हास ने कोई ता नंगे पैर मन्द्रां जादे, सुना कर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के अंत में मंच के संयोजक अमरनाथ धीमान ने सभी आए हुए

## एलआईसी शाखा बिलासपुर के नए चीफ मैनेजर का स्वागत, एजेंटों को दिए बिजनेस टिप्स



टीम एक्शन इंडिया
कश्मीर ठाकुर

**बिलासपुर।** बिलासपुर में भारतीय जीवन बीमा निगम की शाखा में हाल ही में बतौर चीफ मैनेजर कार्यभार संभालने वाले राजेंद्र शर्मा ने आज अभिकर्ताओं के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने वरिष्ठ विकास अधिकारी रजनीश डडवाल की टीम के साथ नव व्यवसाय को बढ़ाने को लेकर विस्तार से चर्चा की और उपयोगी टिप्स साझा किए। इनसे पूर्व वरिष्ठ शाखा प्रबंधक रूप सिंह ठाकुर भी यहां अपनी सेवाएं दे रहे हैं। बिलासपुर शाखा मंडल की प्रमुख शाखाओं में शामिल है जिसका कार्यक्षेत्र काफी विस्तृत है।इसके चलते अब शाखा में चीफ मैनेजर की नियुक्ति हुई है । गौरतलब है कि राजेंद्र शर्मा वर्ष 2015 में भी इसी शाखा में शाखा प्रबंधक के रूप में सेवाएं दे चुके हैं।अब निगम ने उन्हें पुनः चीफ मैनेजर के रूप में जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने कहा कि बदलते समय के साथ एजेंटों को अपनी कार्यशैली में नवाचार लाना होगा तथा ग्राहकों की आवश्यकताओं को समझते हुए उन्हें सही योजनाएं उपलब्ध करवानी होंगी। उन्होंने डिजिटल माध्यमों के अधिक उपयोग और ग्राहक विश्वास को मजबूत बनाने पर भी बल दिया।

# 30 अप्रैल तक 82 एनडीपीएस मामले दर्ज, पिछले वर्ष से 13 अधिक: एसपी संदीप धवल

टीम एक्शन इंडिया
कश्मीर ठाकुर



**बिलासपुर।** जिला बिलासपुर पुलिस ने मादक पदार्थों के विरुद्ध सख्त अभियान चलाते हुए प्रभावी कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक संदीप धवल आईपीएस के नेतृत्व में 05 मई 2026 को दो आरोपियों को पीआईटी एनडीपीएस एक्ट के तहत निरुद्ध किया गया है। पुलिस के अनुसार लकी चंदेल पुत्र दीप राम, निवासी गाँव हरकुकर घुमारवीं तथा प्रीतम पुत्र जीत राम निवासी गाँव बागी सदर को प्राधिकृत अधिकारी के आदेशानुसार हिरासत में लेकर ओपन एयर जेल जबली में तीन माह की अवधि के लिए भेजा गया है। इससे पूर्व भी जिला पुलिस द्वारा तीन अन्य आरोपियों अनिल कुमार उर्फ पिंटू, प्रशांत धर्माणी उर्फ पिस्टू तथा सुनील कुमार उर्फ शीलू को पीआईटी एनडीपीएस एक्ट के तहत निरुद्ध किया जा चुका है। इनमें से प्रशांत धर्माणी और अनिल कुमार की निरुद्धि अवधि को तीन माह से बढ़ाकर छह माह किए जाने में भी पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक संदीप धवल ने बताया कि जिले में नशे के खिलाफ अभियान लगातार तेज किया जा रहा है। वर्ष 2026 में 30 अप्रैल तक एनडीपीएस एक्ट के तहत कुल 82 मामले दर्ज किए गए हैं, जो पिछले वर्ष की तुलना में 13 अधिक हैं। बरामदगी के आंकड़ों में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। इस वर्ष अब तक पुलिस ने 17 किलोग्राम चरस, 364 ग्राम चिट्टा तथा 62.5 किलोग्राम भुक्की बरामद की है जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में 9 किलोग्राम चरस, 287 ग्राम चिट्टा और 2.5 किलोग्राम भुक्की बरामद हुई थी। इस प्रकार पुलिस ने पिछले वर्ष की तुलना में 8 किलोग्राम चरस, 77 ग्राम चिट्टा और 60 किलोग्राम भुक्की अधिक बरामद की है। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि मादक पदार्थों की तस्करी और सेवन पर पूर्ण अंकुश लगाने के लिए जिला पुलिस प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इस तरह की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी

## नामांकन प्रक्रिया को लेकर प्रत्याशियों में भ्रम, ऑनलाइन व्यवस्था करें प्रशासन: शिव सिंह वर्मा

**बिलासपुर /कश्मीर ठाकुर**

पंचायत चुनावों के मद्देनजर नामांकन प्रक्रिया शुरू है लेकिन संभावित प्रत्याशियों में अभी भी असमंजस की स्थिति बनी हुई है। इंटक के जिला उपाध्यक्ष शिव सिंह वर्मा ने मांग की है और उन्होंने बताया कि उम्मीदवारों का कहना है कि उन्हें यह सही जानकारी नहीं मिल पा रही है कि नामांकन पत्र भरने के लिए किन-किन दस्तावेजों की आवश्यकता होगी। इस संबंध में प्रत्याशियों ने इलेक्शन कमिश्नर और संबंधित निर्वाचन अधिकारियों से मांग की है कि आवश्यक दस्तावेजों की सूची जल्द सार्वजनिक की जाए ताकि अंतिम समय में किसी भी प्रकार की परेशानी से बचा जा सके।

# डीएवी पब्लिक स्कूल बरमाना में अलंकरण समारोह सहित हुआ छात्र परिषद का गठन




टीम एक्शन इंडिया
कश्मीर ठाकुर

**बिलासपुर।** डीएवी पब्लिक स्कूल बरमाना में कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों के लिए भव्य अलंकरण समारोह आयोजित किया गया, जिसमें 23 सदस्यीय छात्र परिषद का गठन किया गया। इसके साथ ही जूनियर विंग की कक्षा दूसरी के विद्यार्थियों के लिए भी अलग से अलंकरण समारोह आयोजित कर उनकी परिषद का गठन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और सामूहिक गीत से हुई, जिसके बाद विद्यालय के प्रधानाचार्य राकेश शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए अनुशासन, खेल, योग, संगीत और नृत्य के महत्व पर प्रकाश डाला। वरिष्ठ वर्ग की परिषद में भविष्य को हेड बॉय और सानवी को हेड गर्ल चुना गया। सहगामी गतिविधियों की कप्तान आयुषी और उपकप्तान कार्तिक बनाए गए। अनुशासन कप्तान रिमशा तथा उपकप्तान आदित्य चुने गए। विभिन्न सदनों में चिनाब से आरुषि कप्तान और पुलकित उपकप्तान, ब्यास से अनुष्का और मनहर, रावी से सृष्टि और रोहित, तथा सतलुज से आरव और सहज को जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके अतिरिक्त क्रीड़ा कप्तान अर्णव, योग कप्तान अमन एवं उपकप्तान नंदिनी, हवन कप्तान शुभम, हिंदी साहित्य क्लब कप्तान शिवांश कश्यप, सहित आदि।

## नगर निगम चुनाव को लेकर भाजपा ने बैठक करके बनाई रणनीति



टीम एक्शन इंडिया
खेमचंद शास्त्री

**मंडी,** भारतीय जनता पार्टी ने नगर निगम चुनाव को लेकर बैठके आयोजित की। यह बैठक आईटी सेल, सोशल मीडिया, युवा मोर्चा और महिला मोर्चा की अलग-अलग बैठकों के रूप में आयोजित की गई, जिसमें आगामी चुनावों की रणनीति तय की गई। बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने विशेष रूप से उपस्थित होकर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार की जनविरोधी नीतियों को घर-घर तक पहुंचाना प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है, जिससे भाजपा प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित की जा सके। इस अवसर पर चुनाव प्रभारी एवं प्रदेश महामंत्री पायल वैद्य, मंडी लोकसभा विस्तारक सुरेश शर्मा, जिला अध्यक्ष निहालचंद शर्मा , भुवनेश ठाकुर सहित अन्य

## नगर पंचायत करसोग चुनाव: 15 प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित, एक ने वापस लिया नामांकन

टीम एक्शन इंडिया
खेमचंद शास्त्री

**मंडी,** नगर पंचायत करसोग के वार्ड सदस्यों के चुनाव के दृष्टिगत नामांकन वापसी के लिए निर्धारित समय सीमा में कुल 17 उम्मीदवारों में से एक उम्मीदवार ने अपना नामांकन पत्र वापस लिया जबकि वार्ड नंबर एक जगातखाना से सैना देवी एकमात्र उम्मीदवार होने के कारण रिटर्निंग अधिकारी ने उन्हें विजेता घोषित किया है। शेष 15 प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिए गए हैं। रिटर्निंग अधिकारी एवं उपमंडलाधिकारी (नागरिक) करसोग, गौरव महाजन ने बताया कि वार्ड नंबर 4 (करसोग सदर) से सुभाष चंद ने अपना नामांकन पत्र वापस लिया है। उन्होंने बताया कि वार्ड नंबर एक (जगातखाना) से सैना देवी एकमात्र उम्मीदवार होने के कारण, उन्हें विजेता घोषित किया गया है। उन्होंने बताया कि नगर पंचायत करसोग के विभिन्न वार्डों से अब कुल 15 उम्मीदवार अपना भाग्य आजमाएंगे। उन्होंने बताया कि वार्ड नंबर 2 (अपर न्यारा) से अमी चंद, उत्तम चंद तथा रमेश, वार्ड नंबर 3 (न्यारा) से बंसी लाल, यादविंदर और लक्ष्य, वार्ड नंबर 4 (करसोग सदर) से नरेन्द्र कुमार, युविंद्र कुमार और हरीश कुमार, वार्ड नंबर 5 (पुराना बाजार) से पूनम, पूनम गुप्ता, लक्ष्मी देवी एवं सुषमा कुमारी, तथा वार्ड नंबर 6 (करसोग बाजार) से किशोर कुमार गुप्ता एवं दिलीप कुमार को चुनाव चिन्ह आवंटित किए गए हैं। रिटर्निंग अधिकारी ने बताया कि नगर पंचायत के लिए 17 मई को मतदान होगा। उन्होंने बताया कि चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए जा रहे हैं।

## राजा हरि सेन मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट 2026 फाइनल में नागचला बल्ह इलेवन बनी चैंपियन





टीम एक्शन इंडिया
खेमचंद शास्त्री

**मंडी,** बहुप्रतीक्षित लेट राजा हरि सेन मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट 2026 के फाइनल मुकाबले में नागचला बल्ह इलेवन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए घटा XI को 27 रनों से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। यह मुकाबला मंडी के एमएलएसएम मैदान में खेला गया जहां दर्शकों की भारी भीड़ देखने को मिली।टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला घटा XI के लिए ज्यादा फायदेमंद साबित नहीं हुआ। नागचला बल्ह इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 201रन बनाए। टीम की ओर से हिमांशु ठाकुर ने विस्फोटक अंदाज में 35 गेंद 77 रन बनाए, जबकि सैनी ने 64 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी घटा XI की टीम 20 ओवर में 174 रन ही बना सकी और मुकाबला 27 रनों से गंवा बैठी। गेंदबाजी में राघव बाली ने 4 ओवर में 32 रन देकर 3 विकेट झटके, जबकि हिमांशु ठाकुर ने ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए 3 विकेट भी अपने नाम किए। मैच के दौरान अंपायर की भूमिका ओजस्वी राणा और चंद्रकांत ठाकुर ने निभाई, जबकि स्कोरिंग ओजस कश्यप द्वारा की गई। इस जीत के साथ नागचला बल्ह 11 ने पूरे टूर्नामेंट में अपना दबदबा कायम रखते हुए चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। टूर्नामेंट का समापन समारोह उत्साह और जोश के साथ संपन्न हुआ। विजेता टीम को भव्य ट्रोफी व एक लाख नगद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उपविजेता टीम को 50,000 रुपये नगद व भव्य ट्रॉफी से सम्मानित किया गया।बेस्ट बैट्समैन का पुरस्कार गौरव शर्मा, बेस्ट बॉलर जतिन राजपूत, मैन ऑफ दा मैच और प्लेयर ऑफ दा सीरीज का पुरस्कार हिमांशु भारद्वाज को दिया गया।

इस अवसर पर एमएलएसएम कॉलेज की प्रिंसिपल डॉक्टर सुमनकुमारी कटोच, पूर्व प्रिंसिपल एम एलएसएम कॉलेज के पूर्व प्रिंसीपल पदम् सिंह गुलेरिया, पूर्व प्रिंसीपल कामशेवर ठाकुर, कॉलेज विभागा अध्यक्ष लोकेश शर्मा, अंतर राष्ट्रीय खिलाड़ी राघव धवन, पूर्व खिलाड़ी हरेंद्र सेन, पूर्व खिलाड़ी दिनेश शर्मा, मनोज शर्मा, राज पुरोहित, टेकचंद, समाजसेवी इंद्र , तारा पंसारी, अभिनव गुलेरिया और टूर्नामेंट के आयोजन समिति के सेक्रटरी रविकान्त जम्वाल व अन्य मौजूद रहे।

## भाषा अध्यापक पूजा ठाकुर सीबीएसई सब काडर में शामिल



खेमचंद शास्त्री

**मंडी,** उपमंडल सरकाघाट के अवाहदेवी के सरौन गांव से पूजा ठाकुर ने भाषा अध्यापक वर्ग में सीबीएसई सब काडर परीक्षा की मेरिट में स्थान पाकर नाम कमाया है। वह वर्तमान में सुंदर नगर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सिहली में कार्यरत हैं।अब वह केवल सीबीएसई स्कूलों में ही शिक्षण कार्य करेंगी। उनकी यह उपलब्धि सभी शिक्षकों के लिए प्रेरणादायक है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी एमए बीएड पूजा ठाकुर शिक्षकों के सिंगापुर एक्स्पोज़र ट्रीप में शामिल रही है।

# नाम वापसी के अंतिम दिन 11 उम्मीदवारों ने वापस लिए नाम, अब 42 प्रत्याशी मैदान में

टीम एक्शन इंडिया
खेमचंद शास्त्री



**मंडी,** नगर निगम मंडी के पार्षद चुनावों के लिए नाम वापसी के अंतिम दिन 11 उम्मीदवारों ने अपने नाम वापस ले लिए हैं। इसके बाद अब नगर निगम मंडी के 15 वार्डों में कुल 42 उम्मीदवार चुनाव मैदान में रह गए हैं। सभी निर्दलीय उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह भी आवंटित कर दिए गए हैं। वार्ड नंबर-1 खलियार से गौरव, टेक चंद और विवेक ने अपने नाम वापस लिए। वार्ड नंबर-7 तल्याड़ से सुदेश और अभिनव, वार्ड नंबर-11 समखेतर से वरूण तथा वार्ड नंबर-12 से योगेश कुमार ने नाम वापस लिया। वहीं, वार्ड नंबर-14 बैहना से कृष्ण भानु, गुरवचन सिंह, धन देव और मनसा राम ने अपने नामांकन वापस लिए। वार्ड नंबर-1 से 13 की सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम रूपिन्द्र कौर ने बताया कि इन 13 वार्डों से कुल 7 उम्मीदवारों ने अपने नाम वापस लिए हैं। अब इन वार्डों में 39 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। उन्होंने बताया कि चुनाव लड़ रहे सभी निर्दलीय उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह भी आवंटित कर दिए गए हैं। वार्ड नंबर-14 और 15 की सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम बल्ह स्मृतिका नेगी ने बताया कि वार्ड नंबर-14 बैहना से चार उम्मीदवारों ने अपने नाम वापस लिए हैं, जबकि वार्ड नंबर-15 दौंहदी से किसी भी उम्मीदवार ने नाम वापस नहीं लिया। उधर नगर परिषद सरकाघाट के वार्ड सदस्यों के चुनावों के अंतर्गत आज नामांकन वापसी की निर्धारित तिथि पर दो उम्मीदवारों ने अपने नाम वापस ले लिए। यह जानकारी देते हुए निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम सरकाघाट राजेन्द्र कुमार गौतम ने बताया कि वार्ड नंबर 2 (रामनगर) से जगदीश चंद और शकुंतला देवी ने अपना नामांकन वापस लिया है।

## पंचायत चुनाव सत्ता परिवर्तन का सेमीफाइनल : राकेश जमवाल

टीम एक्शन इंडिया
खेमचंद शास्त्री



**मंडी,** भाजपा के मुख्य प्रवक्ता एवं विधायक राकेश जमवाल ने कहा कि देश के तीन राज्यों में भाजपा की प्रचंड जीत ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जनता का विश्वास अटूट है और कांग्रेस की नकारात्मक, भ्रम फैलाने वाली राजनीति को देश ने पूरी तरह नकार दिया है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, राहुल गांधी की तरह भाजपा के 'स्टार प्रचारक' बन चुके हैं — जहां-जहां जाते हैं, वहां कांग्रेस का सफाया हो जाता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास न नीति बची है, न नीयत, इसलिए हर हार के बाद श्वङ्करू पर सवाल उठाना उनकी आदत बन चुकी है। जमवाल ने सवाल उठाया कि यदि श्वङ्करूपर इतना ही संदेह है तो क्या हिमाचल में उनकी सरकार भी श्वङ्करू 'हैक' करके बनी थी? यह केवल अपनी हार छुपाने का बहाना है और लोकतांत्रिक संस्थाओं को बदनाम करने का प्रयास है। जमवाल ने कांग्रेस सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश में पंचायत चुनावों को जानबूझकर लटकाया गया और मामला सुप्रीम कोर्ट तक ले जाकर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को बाधित किया गया। उन्होंने कहा कि पहले 'आपदा' का बहाना बनाकर चुनाव टालने की कोशिश की गई, जबकि उसी दौरान स्कूल, आंगनबाड़ी और अन्य सरकारी गतिविधियां सामान्य रूप से चलती रहीं। इससे साफ है कि सरकार चुनाव से भाग रही थी। उन्होंने कहा कि पंचायतों से फंड वापस लेना, विधायक निधि और विकास निधि को रोकना इस बात का प्रमाण है कि कांग्रेस सरकार गांवों के विकास को जानबूझकर बाधित कर रही है। उन्होंने कहा कि आपदा राहत के नाम पर भी भारी अनियमितताएं हुईं, लेकिन जमीनी स्तर पर न तो सड़कों की हालत सुधरी और न ही किसानों और आम जनता को कोई राहत मिली। खेत-खलिहान प्रभावित रहे, लेकिन सरकार ने अपने चहेतों को लाभ पहुंचाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। अधिकारी भी दफ्तरों से बाहर नहीं निकले, जिससे आम जनता को समस्याओं का सामना करना पड़ा। विधायक राकेश जमवाल ने कांग्रेस की तथाकथित 'गारंटियों' को भी पूरी तरह विफल बताते हुए कहा कि महिलाओं को 1500 रुपये देने का वादा आज तक पूरा नहीं हुआ, जबकि मुख्यमंत्री देशभर में जाकर इसके पूरे होने के झूठे दावे करते हैं। 300 यूनिट मुफ्त बिजली का वादा भी केवल कागजों तक सीमित है, बल्कि हकीकत यह है कि पहले मिल रही 125 यूनिट मुफ्त बिजली भी बंद कर दी गई है। गांवों में जहां पहले पानी निशुल्क मिलता था, वहां अब बिल भेजे जा रहे हैं और बिजली के भारी-भरकम बिलों ने आम जनता की कमर तोड़ दी है।

उन्होंने कहा कि महिलाओं को ।।त्र्क्षष्ट बसों में मिलने वाली सुविधाएं भी बंद कर दी गई हैं, जिससे उनका आर्थिक बोझ बढ़ा है। दुग्ध उत्पादकों के साथ भी अन्याय हो रहा है — सरकार बड़े-बड़े दावे करती है, लेकिन दूध का सही मूल्य नहीं मिल रहा

# नशा तस्कर की संपत्ति फ्रिज

टीम एक्शन इंडिया
खेमचंद शास्त्री



**मंडी,** जिला मंडी पुलिस द्वारा नशे के अवैध कारोबार के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में एक कड़ा और निर्णायक प्रहार करते हुए महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की गई है। थाना हटली में पंजीकृत अभियोग संख्या 49/25 दिनांक 10.05.2025, धारा 18, 25 व 29 एनडीपीएस अधिनियम के अंतर्गत आरोपी मनोहर लाल पुत्र दिला राम, निवासी गांव दलाह, डाकघर नरेला, तहसील बलद्वाड़ा, जिला मंडी (हि.प्र.) को गिरफ्तार किया गया था, जिसके कब्जे से 466 ग्राम अफीम बरामद की गई थी। पुलिस की जांच टीम ने पाया कि आरोपी ने मादक पदार्थों के अवैध व्यापार से संपत्तियां अर्जित की हैं। इसी के फलस्वरूप जिला मंडी पुलिस द्वारा एनडीपीएस अधिनियम की धारा 68स्न के तहत आरोपी एवं उसके परिजनों की चल एवं अचल संपत्तियों के Seizing एवं Freezing आदेश जारी किए गए, जिनकी सक्षम प्राधिकारी, नई दिल्ली द्वारा दिना 30.04.2026 को पुष्टि कर दी गई है। फ्रिज की गई संपत्तियों में लगभग 0-10-89 हेक्टेयर भूमि गांव खलिहान, तहसील बल्ह, जिला मंडी, मूल्यः 13,104/, डबल स्टोरी मकान गांव खलिहान, तहसील बल्ह, जिला मंडी में मूल्यः 11,88,331/, बजाज पल्सर मोटरसाइकिल, रजिस्ट्रेशन नं. HP28C2846, मूल्यः 94,155/ है। जिला मंडी पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि पुलिस स्पष्ट रूप से यह संदेश देना चाहती है कि नशे के कारोबार से अर्जित अवैध संपत्तियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। ऐसे अपराधियों के खिलाफ न केवल गिरफ्तारी बल्कि उनकी आर्थिक जड़ों को समाप्त करने हेतु संपत्ति फ्रीजिंग जैसी कड़ी कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि नशे का कारोबार समाज के लिए गंभीर खतरा है। इसमें संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। उनकी अवैध कमाई से अर्जित संपत्तियों को कानून के तहत जब्त किया जाएगा

## विकास खंड गोपालपुर में पंचायती राज चुनावों के दृष्टिगत चुनाव पूर्वाभ्यास कार्यक्रम आयोजित

खेमचंद शास्त्री

**मंडी,** पंचायती राज संस्थाओं के आगामी चुनावों के सफल एवं निष्पक्ष संचालन के दृष्टिगत आज बचत भवन सरकाघाट में सहायक रिटर्निंग अधिकारियों ग्राम पंचायत के लिए द्वितीय चुनाव पूर्वाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता निर्वाचन अधिकारी पंचायत एवं एसडीएम सरकाघाट राजेन्द्र कुमार गौतम ने की।

इस अवसर पर चुनाव ड्यूटी में नियुक्त सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मतदान प्रक्रिया के सुचारू संचालन संबंधी विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

# बैहना वार्ड में चुनाव रद्द, सभी उम्मीदवारों ने नामांकन वापस लिया, पंचायत में वापसी की मांग

टीम एक्शन इंडिया
खेमचंद शास्त्री



**मंडी,** नगर निगम मण्डी के ग्रामीण वार्ड बैहना में चुनावी तस्वीर पूरी तरह बदल गई है। यहां सभी चारों उम्मीदवारों ने अपना नामांकन वापस ले लिया है, जिसके बाद अब इस वार्ड में चुनाव नहीं होगा। यह फैसला ग्रामीणों के लगातार दबाव के बाद लिया गया है। पिछले कुछ दिनों से ग्रामीण लगातार बैठकें कर प्रत्याशियों पर नामांकन वापस लेने का दबाव बना रहे थे। उनकी मुख्य मांग है कि बैहना क्षेत्र को फिर से पंचायत में शामिल किया जाए, न कि नगर निगम का हिस्सा रखा जाए। साल 2021 में जब बैहना को नगर निगम में शामिल किया गया था, तब भी स्थानीय लोगों ने इसका कड़ा विरोध किया था। उस समय तत्कालीन जयराम सरकार ने टैक्स में राहत देने और जनगणना के बाद इस क्षेत्र को नगर निगम से बाहर करने का आश्वासन दिया था। उस समय इस संबंध में कोई ठोस निर्णय नहीं लिया जा सका था। अब एक बार फिर यह मांग जोर पकड़ गई है और इस बार ग्रामीणों के दबाव के चलते सभी उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र वापस ले लिए हैं। इस वार्ड से भाजपा के गुरबचन, कांग्रेस के धनदेव सिंह और दो निर्दलीय उम्मीदवार कृष्ण भानु तथा मनसा राम चुनावी मैदान में थे। इन सभी ने अपने नामांकन वापस ले लिए हैं।

स्थानीय विधायक इंद्र सिंह गांधी ने इस घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह जनता की आवाज थी कि बैहना को पंचायत में शामिल किया जाए। उन्होंने कांग्रेस पर साढ़े तीन साल में पंचायत का गठन न कर पाने का आरोप लगाया और कहा कि अब उनके पूर्व मंत्री छह महीने की बात कर रहे हैं।

विधायक ने पूर्व मंत्री की अनुपस्थिति पर भी सवाल उठाए।

## नगर परिषद जोगिंद्रनगर चुनाव अंतिम दिन किसी भी प्रत्याशी ने नहीं लिया नाम वापस, चुनाव चिन्ह किए वितरित



टीम एक्शन इंडिया
संगराय

**जोगिंद्रनगर ।** नगर परिषद जोगिंदर नगर के वार्ड सदस्यों के चुनाव के अंतर्गत आज नाम वापसी की प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई। निर्धारित समयावधि के भीतर किसी भी प्रत्याशी द्वारा अपना नामांकन पत्र वापस नहीं लिया गया, जिससे सभी नामांकन यथावत बने रहे। इस संबंध में जानकारी देते हुए रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम मनीश चौधरी ने बताया कि नाम वापसी के लिए निर्धारित समय सीमा समाप्त होने तक किसी भी उम्मीदवार ने नाम वापसी हेतु आवेदन प्रस्तुत नहीं किया। उन्होंने कहा कि इससे अब सभी वैध प्रत्याशी चुनाव मैदान में बने रहेंगे। उन्होंने आगे बताया कि निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आज सायं 3 बजे के पश्चात सभी प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित किए गए। चुनाव चिन्ह मिलने के बाद अब प्रत्याशी अपने-अपने चुनाव प्रचार को और अधिक तेज करेंगे। एसडीएम ने बताया कि चुनाव प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न करवाने के लिए प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है तथा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं।

## भाजपा के बाद कांग्रेस ने भी चुनावी रण में उतारे अपने योद्धा

टीम एक्शन इंडिया
खेमचंद शास्त्री

**मंडी,** मंडी नगर निगम चुनाव के लिए कांग्रेस ने अपने बड़े योद्धा मैदान में उताराने का फैसला कर लिया है। पार्टी ने अपनी चुनावी तैयारियों को तेज करते हुए मंडी में वार्ड-वार कमेटियों का गठन कर दिया है । इस बार मुकाबला पूरी रणनीति के साथ होने वाला है। छोटे नेताओं के साथ कांग्रेस ने अपने दिग्गज नेताओं को सीधे मैदान में उतार दिया है। उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री को वरिष्ठ पर्यवेक्षक बनाया गया है जबकि मंत्री विक्रमादित्य सिंह और रोहित ठाकुर को चुनाव प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष चंपा ठाकुर को सह-प्रभारी बनाकर जमीनी स्तर पर कमान मजबूत करने की कोशिश की गई है। जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष चंपा ठाकुर ने हर वार्ड में अलग-अलग इंचार्ज तैनात किए गए हैं, ताकि कोई भी हिस्सा कमजोर न रहे। वार्ड 1 से लेकर वार्ड 15 तक हर जगह पार्टी ने अपने भरोसेमंद चेहरों को जिम्मेदारी दी है। इसके साथ ही लीगल, मीडिया और सोशल मीडिया टीम भी एक्टिव कर दी गई है ताकि हर मोर्चे पर कांग्रेस मजबूत दिखाई दे। पार्टी ने साफ निर्देश दिए हैं कि 7 मई से सभी पदाधिकारी अपने-अपने वार्ड में उतर जाएं और जमीनी स्तर पर काम शुरू करें। कुल मिलाकर कांग्रेस इस बार कोई कसर छोड़ने के मूड में नहीं है। अब नजरें टिकी हैं 17 मई पर तब पता चलेगा कि ये रणनीति जीत दिलाएगी या परिणाम कुछ और ही होगा। भारतीय जनता पार्टी ने नगर निगम के सभी 15 वार्ड मैं चुनावी कार्यालय खोल दिए हैं तथा पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर स्वयं कमान अपने हाथ में संभाले हुए हैं। पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के साथ विधायक पूर्णचंद ठाकुर, अनिल शर्मा, इंद्र सिंह गांधी, दलीप ठाकुर जिला भाजपा अध्यक्ष निहालचंद शर्मा , प्रदेश भाजपा महामंत्री पायल वैद्य और अन्य नेता भी चुनावी अखाड़े में उतर चुके हैं। नगर निगम मंडी के अलावा नगर परिषद नेरचौक, सुंदरनगर , सरकाघाट, जोगिंद्रनगर, नगर पंचायत रिवालसर में भी भाजपा बड़े संजीदगी के चुनाव लड़ रही है। इतना जरूर है कि भाजपा और कांग्रेस को बागी उम्मीदवारों ने हार जीत बिगड़ने और दोनों दलों की परेशानियों को बढ़ा दिया है। गत चुनाव में नगर निगम मंडी में भाजपा ने एक तरफा जीत हासिल की थी। इन चुनावों में भाजपा चाहती है

# 1500 का झूठ और 'टैलेंट हंट' का ढोंग—महिलाओं को फिर गुमराह कर रही कांग्रेस ': विपिन सिंह परमार

टीम एक्शन इंडिया

**पालमपुर।** हिमाचल प्रदेश में महिला कांग्रेस द्वारा तथाकथित 'टैलेंट हंट कार्यक्रम' शुरू करने की घोषणा पर सुलह विधानसभा क्षेत्र के विधायक विपिन सिंह परमार ने तीखा प्रहार करते हुए इसे 'जनता का ध्यान भटकाने का एक सस्ता राजनीतिक ड्रामा' करार दिया है। उन्होंने कहा कि जिस पार्टी ने प्रदेश की भोली-भाली महिलाओं से खुलेआम झूठ बोलकर सत्ता हासिल की, आज वही पार्टी महिलाओं के नाम पर कार्यक्रमों का दिखावा कर अपनी नाकामियों पर पर्दा डालने की कोशिश कर रही है। विपिन सिंह परमार ने कहा कि कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा आज हिमाचल में महिलाओं के सशक्तिकरण की बातें कर रही हैं, लेकिन प्रदेश की महिलाएं अच्छी तरह जानती हैं कि यही वो नेता हैं जिन्होंने चुनाव से पहले हर महिला को ?1500 प्रतिमाह देने का बड़ा वादा किया था। उन्होंने सवाल



उठाया कि आज तक न तो वह ?1500 महिलाओं के खाते में पहुंचे और न ही महिलाओं के उत्थान के लिए कोई ठोस योजना धरातल पर दिखाई दी। यह सीधा-सीधा महिलाओं के साथ विश्वासघात है, जिसे प्रदेश की मातृशक्ति कभी माफ नहीं करेगी। परमार ने कहा कि कांग्रेस की राजनीति केवल झूठे वादों और खोखले नारों पर टिकी हुई है। चुनाव से पहले बड़े-बड़े दावे करना और सत्ता में आते ही उन वादों को भूल जाना कांग्रेस की पुरानी आदत रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि महिला कांग्रेस का यह टैलेंट हंट कार्यक्रम असल में महिलाओं के मुद्दों से ध्यान हटाने का एक प्रयास है, ताकि जनता कांग्रेस सरकार की विफलताओं पर सवाल न उठा सके। उन्होंने कहा कि अगर कांग्रेस को वास्तव में महिलाओं की चिंता होती, तो सबसे पहले अपने किए गए वादों को पूरा करती। प्रदेश की महिलाएं आज भी ?1500 की उस गारंटी का इंतजार कर रही हैं, जिसे बड़े जोर-शोर से चुनावी मंचों पर प्रचारित किया गया था। लेकिन हकीकत यह है कि कांग्रेस सरकार ने महिलाओं को केवल छलने का काम किया है। विपिन सिंह परमार ने आगे कहा कि आज प्रदेश में महंगाई, बेरोजगारी और अव्यवस्था चरम पर है, लेकिन कांग्रेस सरकार के पास इन समस्याओं का कोई समाधान नहीं है। ऐसे में 'टैलेंट हंट' जैसे कार्यक्रम केवल दिखावा हैं, जिनका जमीन से कोई लेना-देना नहीं है।

# हिमाचल की बेटी सपना ठाकुर ने जीता एशियाई सावाते चैंपियनशिप में स्वर्ण, प्रदेश का नाम रोशन

टीम एक्शन इंडिया
खेमचंद शास्त्री

**मंडी,** हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले की बेटी सपना ठाकुर ने अंतरराष्ट्रीय खेल पटल पर शानदार प्रदर्शन करते हुए देवभूमि का नाम रोशन किया है। नेपाल की राजधानी काठमांडू में आयोजित 7वीं एशियाई सावाते (फ्रेंच किकबॉक्सिंग) चैंपियनशिप 2026 में सपना ने स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया।

सपना ठाकुर, जिन्हें सपना कुमारी के नाम से भी जाना जाता है, मंडी जिला के सधेड़ा गांव (डाकघर सिध्याणी) की निवासी हैं। उन्होंने महिलाओं के 75+ किलोग्राम (सीनियर वर्ग) में यह उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। यह अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता 29 अप्रैल से 3 मई 2026 तक आयोजित की गई थी, जिसमें एशिया के विभिन्न देशों के खिलाड़ियों ने भाग लिया।

सपना की इस सफलता के पीछे उनकी कड़ी मेहनत और अनुशासन के साथ-साथ भारतीय महिला टीम की कोच एवं हिमाचल सावाते एसोसिएशन की महासचिव संतोषी देवी का मार्गदर्शन अहम रहा। उनके नेतृत्व में सपना ने यह मुकाम हासिल कर प्रदेश को गौरवान्वित किया है। उल्लेखनीय है कि मंडी के उपायुक्त अपूर्व देवगन ने प्रतियोगिता के लिए भारतीय टीम में चयनित हिमाचल के 10 खिलाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। सपना की इस उपलब्धि से उनके गांव सधेड़ा सहित पूरे प्रदेश में खुशी की लहर है।

सपना ठाकुर की यह जीत इस बात का प्रमाण है कि ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाएं भी यदि सही दिशा और अवसर मिले तो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम ऊंचा कर सकती हैं।

# सुप्रीम कोर्ट में लंबित मामलों के लिए विशेष लोक अदालत 21 से 23 अगस्त तक : आर. मियूल शर्मा

टीम एक्शन इंडिया

**धर्मशाला,**जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कांगड़ा के सचिव आर. मियूल शर्मा ने आज यहां आयोजित पत्रकार वार्ता में जानकारी देते हुए बताया कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय परिसर में 21, 22 एवं 23 अगस्त, 2026 को विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस विशेष लोक अदालत में सर्वोच्च न्यायालय में लंबित उपयुक्त मामलों का आपसी सहमति, संवाद एवं सुलह के माध्यम से निपटारा किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार 'समाधान समारोह 2026' अभियान अप्रैल 2026 से प्रारंभ किया गया है, जिसके अंतर्गत विभिन्न चरणों में लंबित मामलों की पहचान कर पक्षकारों के मध्य सुलह एवं मध्यस्थता की प्रक्रिया चलाई जा रही है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य न्यायालयों में लंबित मामलों का शांतिपूर्ण एवं शीघ्र समाधान सुनिश्चित



करना है।

आर. मियूल शर्मा ने बताया कि इस प्रक्रिया के तहत राज्य, जिला, तहसील एवं उच्च न्यायालय विधिक सेवा प्राधिकरणों तथा मध्यस्थता केंद्रों में प्री-सेटलमेंट एवं सुलह बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। इन बैठकों में प्रशिक्षित मध्यस्थ, विधिक सेवा प्राधिकरणों के सचिव, अधिवक्ता एवं संबंधित पक्षकार भाग लेंगे। इच्छुक पक्षकार व्यक्तिगत रूप से अथवा वर्चुअल माध्यम से भी इन बैठकों में शामिल हो सकते हैं।

उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कांगड़ा सहित राज्य स्तर पर नामित नोडल अधिकारी एवं विधिक सेवा संस्थाएं इस अभियान के सफल संचालन हेतु कार्य कर रही हैं। कांगड़ा जिला में भी सर्वोच्च न्यायालय में लंबित मामलों से संबंधित पक्षकारों को सम्पर्क किया जाएगा ताकि वे इस समाधान प्रक्रिया में भाग लेकर अपने मामलों का सौहार्दपूर्ण निपटारा कर सकें। सचिव ने बताया कि समाधान समारोह 2026 के अंतर्गत उन मामलों को प्राथमिकता दी जा रही है जिनमें आपसी सहमति से समाधान संभव है। इनमें सिविल विवाद, बैंकिंग मामले, उपभोक्ता विवाद, भूमि अधिग्रहण, सेवा संबंधी मामले, ट्रांसफर याचिकाएं तथा स्पेसिफिक रिलीफ एक्ट एवं ट्रांसफर ऑफ प्रॉपर्टी एक्ट से संबंधित मामले शामिल हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि केवल उन्हीं मामलों को विशेष लोक अदालत में शामिल किया जाएगा जिनमें दोनों पक्षों की सहमति होगी।

# संगड़ाह में अवैध डंपिंग का कहर, मलवे में दबी कार व बाइक



टीम एक्शन इंडिया
एसपी जैरथ

**नाहन।** जिला सिरमौर के उपमंडल संगड़ाह में एक बार फिर चूना पत्थर खदान से आई आपदा ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। संगड़ाह मुख्यालय से करीब एक किलोमीटर दूर वालिया लाइमस्टोन खदान से बारिश के बाद बहकर आए भारी मलवे में एक कार और एक बाइक दब गई।घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। गनीमत यह रही कि किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है, लेकिन दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि खदान से निकलने वाले हजारों मीट्रिक टन मलवे को संगड़ाह-रेणुकाजी-नाहन सड़क के ठीक ऊपर अवैध रूप से डंप किया जा रहा है। बार-बार शिकायतों के बावजूद न तो संबंधित विभाग और न ही प्रशासन इस पर कोई ठोस कार्रवाई कर रहा है।लोगों का कहना है कि हर बारिश के दौरान यही स्थिति बन जाती है। तेज बरसात होते ही मलबा बहकर सड़क पर आ जाता है, जिससे न केवल यातायात बाधित होता है बल्कि जान-माल का खतरा भी बना रहता है। पहले भी इस स्थान पर कई वाहन मलवे की चपेट में आकर क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि अवैध डंपिंग पर तुरंत रोक लगाई जाए और इस समस्या का स्थायी समाधान किया जाए, ताकि भविष्य में किसी बड़े हादसे से बचा जा सके।प्रशासनिक अधिकारियों से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन समाचार लिखे जाने तक इस मामले में कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

# सोलन शहर को औसतन 82.69 लाख लीटर पेयजल प्रतिदिन उपलब्ध

सोलन। जल शक्ति विभाग सोलन के सहायक अभियंता ए.एस. ठाकुर ने कहा कि सोलन शहर को वर्तमान में गिरी उठाऊ जलापूर्ति तथा अश्वनी खड्ड जलापूर्ति योजना के माध्यम से जल की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित बनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि विभाग निरंतर यह प्रयास कर रहा है कि सोलन शहर में नियमित जलापूर्ति होती रहे। ए.एस. ठाकुर ने कहा कि इन दोनों योजनाओं से सोलन शहर को प्रतिदिन औसतन 82.69 लाख लीटर पेयजल उपलब्ध करवाया जा रहा है। गत 34 दिनों में सोलन शहर को इन दोनों योजनाओं से 2811.40 लाख लीटर पेयजल उपलब्ध हुआ है।उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा स्थापित पंपिंग प्रणाली की नियमित निगरानी की जा रही है ताकि किसी व्यवधान की स्थिति में इन्हें तुरंत ठीक किया जा सके। उन्होंने कहा कि जलापूर्ति में समस्या की शिकायत मिलने पर इनका शीघ्र निदान किया जा रहा है। सहायक अभियंता ने कहा कि गत 30 अप्रैल, 2026 को विद्युत आपूर्ति बाधित होने व तकनीकी व्यवधान के कारण पंपिंग प्रभावित होने से जलापूर्ति अस्थाई रूप से प्रभावित हुई थी।

# रेणुका बांध विस्थापितों ने बांध अधिकारियों को सौंपा मांग पत्र

टीम एक्शन इंडिया
एसपी जैरथ

**नाहन।** रेणुका बांध विस्थापित संघर्ष समिति की मीटिंग हुई जिसमें दर्जनों लोगों ने भाग दर्जनों लोगों ने भाग लिया। मीटिंग रेणुका बांध विस्थापित संघर्ष समिति के अध्यक्ष विजय ठाकुर के नेतृत्व में और विस्थापितों के मांगों को लेकर चर्चा की गई। चर्चा में विशेष रूप से हाउसलेस के मिलने वाली ग्रांटों के बारे में छह परिवार जिनको एचपीपीसीएल निकालने की तैयारी में है और एचपीपीसीएल के द्वारा विस्थापित एरिया में होने वाली टेस्टिंग के बारे में चर्चा हुई। रेणुका बांध समिति में ने यह भी फैसला लिया है कि डूब क्षेत्र में किसी भी प्रकार की कोई टेस्टिंग नहीं होगी जब तक हमारी मुख्य मांगों को पूरा नहीं कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जीएम ने हमें यह



विश्वास दिया की जो विस्थापितों की जमीन है जिसको सभी विस्थापित भाइयों ने नकारा है उसके बारे में एक बार फिर से अपनी हाई कमान से बात करेंगे और एक महीने के बाद कुछ ना कुछ अच्छी खबर विस्थापितों के लिए दे सकते है ऐसा हमें विश्वास दिया है। साथ में यह भी कहा कि 10 दिन के अंदर हाउसलेस के लेटर सभी को पहुंच जाएंगे। रेणुका बांध विस्थापित संघर्ष समिति ने टनलों का काम जो पटेल कंपनी के द्वारा किया जा रहा है उस पर भी सवाल उठाए हैं क्योंकि अभी तक डैम प्रशासन को चरागा में आने वाले पेड़ पौधों की परमिशन वन एवं पर्यावरण विभाग द्वारा नहीं मिली है। लेकिन वह फिर भी पेड़ पौधों को काट रहे हैं और मिट्टी में दबा रहे हैं जो की कानून का उल्लंघन है इसके अलावा जहां पर कंस्ट्रक्शन वर्क चला हुआ है।

## संक्षिप्त खबरें

# पंतेहड़ा के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन, अंशिका ने मारी बाजी



टीम एक्शन इंडिया
कश्मीर ठाकुर

**बिलासपुर,** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पंतेहड़ा के विद्यार्थियों ने 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए स्कूल का नाम रोशन किया है। परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल बन गया। परीक्षा में छात्रा अंशिका शर्मा ने 500 में से 462 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं आदित्य शर्मा ने 455 अंक लेकर दूसरा स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा अभिषेक शर्मा ने 419 अंक हासिल कर सराहनीय प्रदर्शन किया। विद्यालय के कुल 13 विद्यार्थियों में से 12 ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा पास कीए जबकि एक विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुआ। विद्यार्थियों के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन से अभिभावकों और शिक्षकों में खुशी की लहर है। विद्यालय के प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन का यह शानदार परिणाम है

# जीआईएस के तहत टीसीपी बना रहा है नाहन एरिया में योजना

एसपी जैरथ

**नाहन।** नगर एवं ग्राम योजना विभाग के अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर एवं ग्राम योजना विभाग के तत्वाधान में नाहन योजना क्षेत्र के लिए जी0आई0एस0 आधारित संशोधित विकास योजना बनाने का कार्य किया जा रहा है। नाहन योजना क्षेत्र की विकास योजना वर्ष 2041 को ध्यान में रखते हुए जरूरी आधारभूत संरचना सुनिश्चित की जाएगी, जिसके लिए नगर एवं ग्राम योजना विभाग द्वारा विशेषज्ञों की सहायता से परिवार सर्वेक्षण, यातायात मात्रा गणना, मूल गंतव्य आदि के सर्वे का कार्य किया जा चुका है तथा अब मौजूदा भूमि के उपयोग तथा आधार मानचित्र को अद्यतन करने का कार्य 04 मई, से शुरू किया गया है।

# शिव सिंह वर्मा ने उठाई पंचायत चुनाव प्रक्रिया को आसान बनाने को लेकर ऑनलाइन प्रणाली लागू करने की मांग

टीम एक्शन इंडिया
कश्मीर ठाकुर

**बिलासपुर**/पंचायत चुनावों के चलते उम्मीदवारों को आ रही दिक्कतों को लेकर बुधवार सदर खंड के ब्लॉक विकास अधिकारी के साथ एक अहम बैठक आयोजित की गई। इस दौरान इंटक के जिला उपाध्यक्ष शिव सिंह वर्मा ने विभिन्न प्रत्याशियों की ओर से अपनी बात रखते हुए चुनावी प्रक्रिया को और सरल बनाने की मांग उठाई। उन्होंने बताया कि वर्तमान में पंचायत सचिव द्वारा किसी भी प्रकार के लेन-देन न होने का प्रमाण पत्र जारी किया जाता है लेकिन इसकी स्वीकृति के लिए प्रत्याशियों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर काटने पड़ते हैं। ऐसे में इस प्रक्रिया को ऑनलाइन माध्यम से सीधे ब्लॉक विकास अधिकारी स्तर पर स्वीकृत करने की व्यवस्था लागू की जाए ताकि समय और संसाधनों की बचत हो सके। शिव सिंह वर्मा ने विशेष रूप से दूरदराज क्षेत्रो से आने वाले उम्मीदवारों को होने वाली परेशानियों का जिक्र करते हुए कहा कि लंबी दूरी तय करने के कारण उन्हें आर्थिक और मानसिक दबाव झेलना पड़ता है। इस पर ब्लॉक विकास अधिकारी ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए आश्वासन दिया कि भविष्य में चुनावी प्रक्रियाओं को डिजिटल माध्यम से जोड़ने के प्रयास किए जाएंगे। साथ ही वर्तमान व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए उन्होंने कार्यालय में व्यवस्थाओं का स्वयं निरीक्षण किया और अलग-अलग कार्यों के लिए पृथक काउंटर निर्धारित किए।

# संगडाह वार्ड नंबर 02 से भाजपा प्रत्याशी अंकिता ठाकुर ने भाजपा नेताओं का पार्टी टिकट देने पर आभार जताया

टीम एक्शन इंडिया
एसपी जैरथ



**नाहन।** सिरमौर के जिला परिषद वार्ड नंबर 2 संगड़ाह दानाघाटो से भाजपा प्रत्याशी अंकिता ठाकुर ने भाजपा के शीर्ष नेतृत्व विशेष कर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, हिमाचल प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल, प्रदेश संगठन मंत्री सिद्धार्थन, पूर्व में मुख्यमंत्री रहे और विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर, जिला भाजपा अध्यक्ष धीरज गुप्ता और रेणुका के पूर्व भाजपा प्रत्याशी नारायण सिंह का उन्हें भाजपा प्रत्याशी बनाने के लिए आभार जताया है। अंकिता ठाकुर ने मीडिया को जारी ब्यान में कहा कि इस पिछड़े क्षेत्र के समग्र विकास के लिए पढ़े लिखे युवाओं को आगे आने की आवश्यकता है ताकि नई सोच के साथ अपने क्षेत्र के विकास के लिए वरिष्ठ लोगों का होश और नौजवानों के जोश के साथ विकास कार्यों मे तेजी लाई जा सके । उन्होंने कहा कि विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी बनने पर वह गौरव महसूस कर रही है । उन्होंने कहा कि 2027 के विधानसभा चुनाव में हिमाचल प्रदेश में भाजपा की सरकार का सत्तासीन होना निश्चित है और डबल इंजन की सरकार में वह गिरीपार के पिछड़े क्षेत्र के विकास को नई गति देने में अवश्य सफल होगी । अंकिता ठाकुर ने बताया कि उनके स्वर्गीय दादा श्री सहीराम चौहान ने अपना संपूर्ण जीवन इस क्षेत्र के लोगों की सेवा में लगाया है और उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी जब हम उनकी सोच को आगे बढ़ाने में कामयाब होंगे। अंकिता ठाकुर ने कहा कि वह जिला परिषद वार्ड नंबर 2 की सभी पंचायतों और गांवों की समस्याओं को भलीभाँति समझती है और इस क्षेत्र के गांव-गांव तक संपर्क सड़कों के निर्माण, युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए खेल मैदानों का निर्माण और किसानों और बागवानों के लिए

# दाड़ो देवरिया पंचायत भी आई निर्विरोध, बनी सहमति की मिसाल

टीम एक्शन इंडिया
एसपी जैरथ

**नाहन।** जिला सिरमौर में पंचायतीराज चुनावों के बीच सर्वसम्मति की परंपरा एक बार फिर मजबूत होती नजर आ रही है। शिलाई विधानसभा क्षेत्र की टटियाण पंचायत के बाद अब पच्छाद विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत दाड़ो देवरिया भी निर्विरोध चुन ली गई है।

ग्राम पंचायत दाड़ो देवरिया में ग्रामीणों ने आपसी सहमति से पूरी कार्यकारिणी का



चयन किया। बैठक का आयोजन पूर्व प्रधान गीता देवी, पूर्व उपप्रधान नरेंद्र सिंह और पूर्व उपप्रधान संदीप चौहान की अध्यक्षता में हुआ, जिसमें पंचायत के सभी वर्गों ने भाग लिया सहमति के तहत सुमन कुमारी को प्रधान और सुरजीत सिंह को उपप्रधान चुना गया। इसके अलावा चेवला बकानग से रीता देवी, दाड़ो-एक से रविंदर, दाड़ो-दो से रोहित, थाना कावड़ी से राधा देवी और सोहला से सुनीता देवी को वार्ड सदस्य बनाया गया।पंचायत के सुभाष ठाकुर ने बताया कि ग्रामीणों ने आपसी विश्वास और एकजुटता के साथ यह फैसला लिया है। जल्द ही इसकी औपचारिक सूचना खंड विकास अधिकारी पच्छाद को दी जाएगी।

# एलआईसी निगम शाखा बिलासपुर चीफ मैनेजर ने अभिकर्ताओं के साथ की बैठक

टीम एक्शन इंडिया
कश्मीर ठाकुर

**बिलासपुर,** बिलासपुर में भारतीय जीवन बीमा निगम की शाखा में हाल ही में बतौर चीफ मैनेजर कार्यभार संभालने वाले राजेंद्र शर्मा ने आज अभिकर्ताओं के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने वरिष्ठ विकास अधिकारी रजनीश डडवाल की टीम के साथ नव व्यवसाय को बढ़ाने को लेकर विस्तार से चर्चा की और उपयोगी टिप्स सांझा किए। इनसे पूर्व वरिष्ठ शाखा प्रबंधक रूप सिंह ठाकुर भी यहां अपनी सेवाएं दे रहे हैं। बिलासपुर शाखा मंडल की प्रमुख शाखाओं में शामिल है जिसका कार्यक्षेत्र काफी विस्तृत है। इसके चलते अब शाखा में चीफ



मैनेजर की नियुक्ति हुई है। गौरतलब है कि राजेंद्र शर्मा वर्ष 2015 में भी इसी शाखा में शाखा प्रबंधक के रूप में सेवाएं दे चुके हैं। अब निगम ने उन्हें पुन: चीफ मैनेजर के रूप में जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने कहा कि बदलते समय के साथ एजेंटों को अपनी कार्यशैली में नवाचार लाना होगा तथा ग्राहकों की आवश्यकताओं को समझते हुए उन्हें सही योजनाएं उपलब्ध करवानी होंगी। उन्होंने डिजिटल माध्यमों के अधिक उपयोग और ग्राहक विश्वास को मजबूत बनाने पर भी बल दिया।

# नगर निगम सोलन के निर्वाचन के लिए 30 ई.वी.एम. भण्डारण कक्ष में रखवाई गई

टीम एक्शन इंडिया

**सोलन।** अतिरिक्त उपायुक्त सोलन राहुल जैन की निगरानी तथा विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में नगर निगम सोलन के निर्वाचन के लिए आज 30 इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ई.वी.एम.) पूरी सुरक्षा के साथ नगर निगम के भण्डारण कक्ष में रखवाई गई। इस अवसर पर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के शिव दत्त ठाकुर, भारतीय जनता पार्टी के दिनेश शुक्ला, बहुजन समाज पार्टी के राकेश बराड, उपायुक्त कार्यालय सोलन की अधीक्षक कमला शर्मा सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी



उपस्थित थे।

# विश्व रेड क्रॉस दिवस आयोजन की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक

**आयोजन**

-8 मई को बहुउद्देशीय सांस्कृतिक परिसर, बिलासपुर में होगा आयोजन

टीम एक्शन इंडिया
कश्मीर ठाकुर

**बिलासपुर,** भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी, जिला शाखा बिलासपुर 8 मई को विश्व रेड क्रॉस दिवस समारोह का आयोजन कर रही है। समारोह के सफल आयोजन को लेकर बचत भवन में आज एक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त एवं उपाध्यक्ष, भारतीय रेड क्रॉस



सोसायटी, जिला शाखा बिलासपुर, ओम कांत ठाकुर ने की। बैठक में 8 मई को आयोजित होने वाले विश्व रेड क्रॉस दिवस समारोह की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। यह समारोह बहुउद्देशीय सांस्कृतिक परिसर, बिलासपुर में आयोजित किया जाएगा। समारोह में भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी, शाखा बिलासपुर के अध्यक्ष एवं उपायुक्त राहुल कुमार बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मानवता की सेवा के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा समाज के विभिन्न वर्गों को सामाजिक गतिविधियों से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगाए जिनमें रक्तदान शिविरए बेबी शोए स्वास्थ्य जांच शिविर, गैर सरकारी संगठनों की भागीदारीए नशामुक्त बिलासपुर तथा साइबर सुरक्षा आदि पर जागरूकता कार्यक्रम शामिल हैं। इस वर्ष रेड क्रॉस दिवस का आयोजन यूनाइटेड इन ह्यूमैनिटी (मानवता में एकता) थीम पर आधारित रहेगाए जो समाज में सहयोग, सेवा और एकजुटता के संदेश को सशक्त करेगा। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों से सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने तथा अपने.अपने स्तर पर आवश्यक तैयारियां समयबद्ध पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभागों के समन्वित प्रयासों से ही विश्व रेड क्रॉस दिवस आयोजन को सफल बनाया जा सकता है। उन्होंने रेड क्रॉस दिवस समारोह में रेड क्रॉस सोसायटी, जिला शाखा से जुड़े सभी आजीवन सदस्यों की भागीदारी सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

# बिलासपुर लेखक संघ की मासिक बैठक 9 मई को पलासला में

**बिलासपुर, कश्मीर ठाकुर।**

बिलासपुर लेखक संघ की मई माह की बैठक संघ के सदस्य आद राम सांख्यान के घर गांव पलासला में 9 मई को प्रात: 11 बजे संघ के अध्यक्ष डॉ. रवींद्र ठाकुर की अध्यक्षता में होगी। यह जानकारी देते हुए संघ के महासचिव रवींद्र कुमार शर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम का आयोजन नियोजन एवं पर्यावरण समिति पलासला द्वरा किया जा रहा है। इस बैठक में आद राम सांख्यान की पुस्तक भाव का बहाव का विमोचन भी किया जाएगा साथ ही उन सभी सदस्यों को जिन्होंने अपनी पुस्तकें लिखी है, को बिलासपुर लेखक संघ साहित्यिक सम्मान प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभी तक बिलासपुर लेखक संघ से जुड़े लगभग 25 सदस्यों की एकल पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं जबकि लगभग सभी सदस्यों के सांझा काव्य संग्रह प्रकाशित हो चुके हैं।

# सिरमौर में शीना पंचायत लगातार दूसरी बार चुनी गई निर्विरोध

टीम एक्शन इंडिया
एसपी जैरथ

**नाहन।** जिला सिरमौर की ग्राम पंचायत शीना को लगातार दूसरी बार सर्वसम्मति से निर्विरोध चुन लिया गया है। पंचायत में ग्राम सभा की बैठक के दौरान सभी ग्रामीणों ने एकमत होकर पूरा पैनल तय किया।इस बार प्रधान पद के लिए शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त यशवंत सिंह ठाकुर को चुना गया है, जबकि उपप्रधान पद पर देवराज कश्यप निर्वाचित हुए हैं। पंचायत के सभी वार्डों—शीना एक, शीना दो, धारों खराड़, कांगर खोपर और अड़गू—में भी प्रतिनिधियों का चयन सर्वसम्मति से किया गया। जानकारी के अनुसार, नवंबर



2020 में डिलमन पंचायत से अलग होकर बनी शीना पंचायत ने जनवरी 2021 के पहले चुनाव में भी निर्विरोध चयन का रिकॉर्ड बनाया था। अब मई 2026 में दूसरी बार भी पूरे पैनल को सर्वसम्मति से चुना गया है।जिला में अब तक टटियाण, दाड़ो देवरिया और शीना पंचायतों में निर्विरोध सहमति बन चुकी है। अन्य कई पंचायतों में भी सर्वसम्मति के लिए बैठकों का दौर जारी है

# विधानसभा चुनाव नतीजों से निकले संकेत

## संपादकीय

## बंगाल चुनाव परिणाम - स्वर्णिम भविष्य का संकेत

बंगाल विधानसभा चुनाव परिणाम अभूतपूर्व हैं, अभिभूत करने वाले हैं। भाजपा की लम्बी अनथक साधना, कार्यकताओं का कठोर श्रम, कुशल रणनीति, बंगाल के मतदाताओं का किसी भी प्रकार के भय से उबर कर मतदान करना जैसे कारकों ने मिलकर लंबी प्रतीक्षा के बाद भाजपा (भारतीय जनसंघ) के संस्थापकों में से एक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की जन्मस्थली बंगाल में कमल खिला दिया है। आज बंगाल के धर्मयोद्धा अभय होकर जयश्रीराम, वंदेमातरम और भारत माता की जय का उद्घोष कर रहे हैं। बंगाल की जनता तृणमूल सरकार की अराजकता, कटमनी, मुस्लिम तुष्टिकरण और बांग्लादेशी घुसपैठियों व रोहिग्याओं से तंग आ चुकी थी। महिला सुरक्षा उपहास बन चुकी थी स्वयं मुख्यमंत्री बेटियों को शाम के बाद घर से बाहर न निकलने को कहती थीं, सरकार ने आर जी कार की वीभत्स घटना में अपराधियों को संरक्षण दिया था उससे टूट कर बंगाल का हिंदू जनमानस करो या मरो की स्थिति में पहुंचकर एकजुट हुआ और 93 प्रतिशत मतदान करके 20 हजार करोड़ से अधिक घोटालों वाली निर्मम ममता सरकार को उखाड़ फेंका । श्यामा प्रसाद मुखर्जी की धरती पर भाजपा का सूर्योदय भारत की राजनीति में व्यापक बदलाव लाने वाला है। बंगाल की जनता ने घुसपैठ, तुष्टिकरण और हिंसा की राजनीति को नकार कर विकास, सुरक्षा और सुशासन का मार्ग चुना है। बंगाल की असुरक्षित नारी शक्ति, रोजगार के लिए बार -बार पलायन करते युवा, डर-डर कर जीते बुजुर्ग और घुसपैठियों द्वारा अपनी माँ- माटी और धर्म को अपमानित होते देखने वाले मध्यमवर्गीय सभी ने भाजपा पर विश्वास जताया है। बंगाल में लगातार चौथी बार मुख्यमंत्री बने रहने के लिए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अथक प्रयास किए। बाहरी बनाम भीतरी और बंगाली अस्मिता के साथ ही मछली, मांस और क्षेत्रीय गौरव के भावनात्मक मुद्दों को हवा दी। चुनाव आयोग के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाया। एसआईआर से लेकर केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती तक का तीखा विरोध किया। मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण जैसी फर्जी और अवैध मतदाताओं के नाम हटाए जाने की प्रक्रिया को रुकवाने का भरपूर प्रयास किया। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी बहस के लिए स्वयं सुप्रीम कोर्ट पहुँच गयीं । एसआईआर रुकवाने व अन्य मुद्दों पर चुनाव आयोग के खिलाफ कुल मिलाकर 80 याचिकाएं दायर कर इतिहास रच दिया। किंतु इनमें से कोई भी मुद्दा इस बार जनता को बहका नहीं सका क्योंकि ये मुद्दे जनता के थे ही नहीं। जनता के अपने मुद्दे थे झ्र सुरक्षा, भ्रष्टाचार से मुक्ति, शांति, रोजगार, घुसपैठियों से मुक्ति, अपने त्यौहार मनाने का अधिकार जिसके लिए उसने प्राणों की बाजी लगाकर भी भाजपा को वोट दिया है। बंगाल में भाजपा की विजय को महिलाओं की मौन क्रांति भी कहा जा सकता है क्योंकि दो चरणों में संपन्न हुए मतदान के दौरान मतदान केन्द्रों पर पुरुषों की तुलना में महिलाओ की कतारें अधिक लम्बी थीं जो संकेत दे रही थी।

-डॉ. ओपी त्रिपाठी

> जहां ममता,स्टालिन व विजयन सत्ता से बाहर हो गए हैं, वहीं शरद पवार, अरविंद केजरीवाल, नीतीश कुमार, नवीन पटनायक का प्रभाव भी फीका हुआ है। वर्तमान विधानसभा चुनाव परिणामों के बाद देश का 72 फीसदी भूभाग व 78 फीसदी आबादी भाजपा शासित है। अनुमान है कि अब भाजपा ह्यएक देश, एक चुनावह्ल के मुद्दे पर मुखर हो सकती है। कयास बंगाल को लेकर भी हैं कि वहां आंदोलनों के अगुवा रहे सुवेंदु अधिकारी को सत्ता की बागडोर सौंपी जाएगी, या भाजपा कोई चौंकाने वाली पहल करती है

चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश के नतीजों में से दो नतीजे बड़े बदलाव के बारे में बताते हैं। एक नतीजा निश्चित तौर पर पश्चिम बंगाल का है, जहां भारतीय जनता पार्टी को बड़ी जीत मिली है दूसरा बड़ा बदलाव तमिलनाडु में देखने को मिला है, जहां महज दो साल पहले गठित राजनीतिक पार्टी ने चुनावी जीत दर्ज की है और विजय हीरो के रूप में उभरे है। बंगाल में 1977 में कांग्रेस का दुर्ग ढहा था। वाममोर्चे की पहली सरकार बनी थी। 2011 में 34 साल लंबी सत्ता को, ह्यलाल किलेह्ल को, ममता बनर्जी ने ध्वस्त किया और एक नए राजनीतिक दौर की शुरूआत हुई। ममता की 15 साल पुरानी सत्ता इस बार ढह गई और भाजपा ह्यपरिवर्तन की प्रतीकह्ल बनकर उभरी है। भाजपा ऐसे राज्य में सत्तारूढ़ हो रही है, जहां वह श्यामा प्रसाद मुखर्जी के ह्यजनसंघह्ल के दिनों से प्रयास कर रही थी। बंगाल ने प्रधानमंत्री मोदी की गारंटियों, गृहमंत्री अमित शाह की चुनावी नीतियों तथा सूक्ष्म,माइक्रो स्तर पर काडर की रणनीति को जनादेश दे ही दिया। मतगणना के अंतिम आंकड़ों से साफ है कि पश्चिम बंगाल में जनादेश कितना ऐतिहासिक और प्रचंड है। बंगाल के अलावा, असम में भी भाजपा की सत्ता बरकरार रही है, क्योंकि लगातार तीसरी बार उसे जनादेश हासिल हो रहा है। तमिलनाडु ने चौंकाया है। वहां सत्तारूढ़ रही द्रमुक के खिलाफ जनादेश दिया गया है और सुपरस्टार विजय की नवजात पार्टी टीवीके सबसे बड़ी पार्टी के तौर पर उभरी है। दूसरे स्थान पर सत्तारूढ़ पार्टी डीएमके रही। वहीं अन्नाद्रमुक-भाजपा गठबंधन तीसरे स्थान पर रहा। तमिलनाडु की राजनीति में सबसे बड़ा उलटफेर वर्तमान मुख्यमंत्री एमके स्टालिन का हार जाना रहा। जाहिर है, उदयनिधि के सनातन धर्म पर दिये गये विवादित बयानों ने राजनीतिक ध्रुवीकरण को बढ़ावा दिया। गौरतलब है कि पश्चिम बंगाल की तरह तमिलनाडु में भी विश्वविद्यालयों से जुड़े दुष्कर्म के मामलों ने सुर्खियां बटोरीं। तमिलनाडु में दो ध्रुवीय द्रविड़ राजनीति सत्ता से बाहर हुई है। छह दशक बाद राज्य में गैर द्रविड़ियन सरकार बनने जा रही है। हालांकि, अभी सत्ता में आने के लिए टीवीके को गठबंधन का सहारा लेना होगा। इस चुनावी नतीजे के साथ ही डीएमके के सामने अस्तित्व का संकट खड़ा हो गया है, मुख्य रूप से विजय की पार्टी टीवीके के उभार के कारण। यह स्थिति 1996 के विपरीत है, जब डीएमके को 173 सीटों के साथ भारी जीत मिली थी। डीएमके की उस जीत में रजनीकांत का समर्थन महत्वपूर्ण था। लेकिन आज परिदृश्य पूरी तरह बदल चुका है। चार मई का जनादेश तमिलनाडु के 39 सांसदों के लिए भी एक जनमत संग्रह जैसा है-क्या उन्होंने आठ करोड़ तमिलों के विकास के लिए पर्याप्त काम किया? केरलम में वाम मोर्चे की लगातार 10 साल की सत्ता के बाद इस बार जनता ने उसे भी बदल दिया है और कांग्रेस नेतृत्व के यूडीएफ को जनादेश दिया है। पांच राज्यों के चुनाव परिणाम वाम दलों के लिये दुःस्वप्न ही साबित हुए हैं, केरलम में उनका आखिरी गढ़ भी हाथ से निकल गया है। हालांकि, केरलम में भाजपा ने तीन व तमिलनाडु में एक सीट जीतकर हिंदी बेल्ट की पार्टी के ठप्पे से मुक्त होने का प्रयास किया है। केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी का नतीजा अपेक्षा के अनुरूप ही रहा। वहां एनडीए ने अच्छा प्रदर्शन किया और भाजपा तथा एनआर कांग्रेस के गठबंधन को जनता का समर्थन मिला। पिछले पांच वर्षों के कामकाज के आधार पर मतदाताओं ने एनडीए को जनादेश दिया। इसके अलावा, पुडुचेरी में अमित शाह के लगातार दौरे ने भी एनडीए के पक्ष में माहौल बनाया।



देश में सबसे ज्यादा चर्चा पश्चिम बंगाल के नतीजों की है। मोदी-शाह की आक्रामक रणनीति के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यकर्ता स्तर पर गहन अभियान चले। फिलहाल, गंगोत्री से गंगासागर तक भाजपा का शासन हो गया है। गंगा के प्रवाह के साथ बहने वाले झारखंड को छोड़ दें तो बाकी राज्य भगवामय हैं। जहां बंगाल में पहली बार कमल खिला है। पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 4 मई को नई दिल्ली स्थित बीजेपी मुख्यालय से कार्यकताओं को संबोधित किया। प्रधानमंत्री मोदी ने इस सफलता को ह्यपरफॉर्मेंस की राजनीतिह्ल की जीत बताते हुए कहा कि आज बंगाल के भाग्य में एक नया और भयमुक्त अध्याय जुड़ गया है। इन विधानसभा चुनाव परिणामों का निष्कर्ष यह भी है कि अब क्षेत्रीय क्षत्रपों की मुखर आवाज कुंद हो गई है। जहां ममता,स्टालिन व विजयन सत्ता से बाहर हो गए हैं, वहीं शरद पवार, अरविंद केजरीवाल, नीतीश कुमार, नवीन पटनायक का प्रभाव भी फीका हुआ है। वर्तमान विधानसभा चुनाव परिणामों के बाद देश का 72 फीसदी भूभाग व 78 फीसदी आबादी भाजपा शासित है। अनुमान है कि अब भाजपा ह्यएक देश, एक चुनावह्ल के मुद्दे पर मुखर हो सकती है। कयास बंगाल को लेकर भी हैं कि वहां आंदोलनों के अगुवा रहे सुवेंदु अधिकारी को सत्ता की बागडोर सौंपी जाएगी, या भाजपा कोई चौंकाने वाली पहल करती है। बहरहाल, पहले से ही कमजोर विपक्ष को यह परिणाम बड़ा झटका है। कांग्रेस व वाम दलों से किनारा करके चलने की ममता की महत्वाकांक्षी कोशिश का लाभ भाजपा को मिला है। हां, इतना जरूर है कि दक्षिण भारत में पकड़ बनाने के लिये भाजपा को कड़ी मेहनत करनी होगी। इस बार उसे केरल की तीन व तमिलनाडु की एक सीट पर ही संतोष करना पड़ा है। वहीं केरलम में वाम मोर्चे के अंतिम किले का ध्वस्त होना और लगातार टकराव के मूड में रहने वाले स्टालिन की विदाई उसका उत्साह बढ़ाने वाले हैं। बहरहाल- ममता, विजयन और स्टालिन की हार से संकेत मिलता है कि कांग्रेस विपक्ष के कमजोर ह्यइंडियाह्ल गठबंधन का नेतृत्व करती रहेगी। लेकिन भाजपा को आने वाले समय में पंजाब में कड़ा मुकाबला करना पड़ेगा, जहां आम आदमी पार्टी व कांग्रेस अपनी जमीन मजबूत करने के प्रयासों में लगे हैं। बहरहाल,विगत में राजनीतिक हिंसा का इतिहास रखने वाले पश्चिम बंगाल में चुनाव के दौरान उपजी कटुता को नियंत्रित करने के प्रयास बिना किसी राजनीतिक भेदभाव के करने होंगे। निस्संदेह, लोकतंत्र में हिंसा की कोई भूमिका नहीं स्वीकारी जानी चाहिए। विश्वास करें कि नयी सरकार द्वारा राजनीतिक प्रतिशोध को संरक्षण नहीं दिया जाएगा। ममता बनर्जी के लिए यह बहुत बड़ी हार है। अगर वह चौथी बार चुनाव जीततीं, तो प्रधानमंत्री पद की उम्मीदवार होतीं। लेकिन भ्रष्टाचार और आरजी कर अस्पताल में दुष्कर्म के बाद हत्या के मामले ने उनकी छवि कमजोर की। हिंदी भाषी न होने के कारण ममता बनर्जी के लिए आने वाले समय बेहद चुनौती भरे हैं।

अपनी हार के लिए वह चुनाव आयोग और एसआइआर को जिम्मेदार ठहरा सकती हैं, पर ऐसे में, कामकाज की उनकी शैली और भ्रष्टाचार पर भी सवाल उठेंगे। यह याद रखना चाहिए कि पहले वह एनडीए में थीं और वाजपेयी सरकार में रेल मंत्री रह चुकी थीं। हालांकि यह मानना कठिन है कि वह फिर से एनडीए के साथ अपने रिश्ते सुधारेंगी। बंगाल में हार के साथ ही 2029 के लोकसभा चुनाव में उनकी लड़ाई कठिन हो गयी है।

**नई दिल्ली कार्यालय**
एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली- 110033

**उत्तरी दिल्ली कार्यालय**
शक्ति कॉम्पलैक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली- 110042

**चंडीगढ़ कार्यालय**
फर्स्ट फ्लोर, देश सेवक बिल्डिंग, सेक्टर- 29डी, चंडीगढ़

**पंजाब कार्यालय**
7/2, थर्ड फ्लोर, मोनिका, टावर, ईआर-146, पक्का बाग, मिलाप चौक, जालंधर

**करनाल कार्यालय**
224, सेक्टर 32पी, करनाल- 132001

**सोनीपत कार्यालय**
ऑफिस no. 11, ग्राउंड फ्लोर पवन मेगा मॉल सुभाष चौक सोनीपत

**शिमला कार्यालय**
किशोर भवन, जोधा निवास, डेजी बैंक एस्टेट, लोअर जाखू, शिमला- 171001

**ऊना कार्यालय**
कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना-174303

**देहरादून कार्यालय**
7/1, बल्लूपुर रोड़, कृष्णा नगर चौक, देहरादून

## सेकुलरिज्म का भारतीय चेहरा अब मुस्लिम पॉकेट्स तक सिमट गया

**अजय कुमार**

**पश्चिम** बंगाल और असम के ताजा विधानसभा चुनावी नतीजों ने भारतीय राजनीति की उस गहरी सच्चाई को उजागर कर दिया है जिसे लंबे समय से नजरअंदाज किया जा रहा था। जहां एक तरफ हिमंता बिस्वा सरमा असम में ह्यमियांह्ल शब्द का इस्तेमाल कर विपक्ष की वोटबैंक राजनीति को निशाने पर ले रहे थे, वहीं शुभेंदु अधिकारी बंगाल में ह्यजय सनातनह्ल का नारा लगाकर हिंदू बहुल इलाकों में भावनाओं को छू रहे थे। यह सिर्फ शब्दों का खेल नहीं था। नतीजे बताते हैं कि ह्यसेकुलरिज्मह्ल का झंडा उठाने वाली पार्टियां अब खास समुदाय के मुट्ठी भर इलाकों तक सिकुड़ गई हैं। कांग्रेस असम में और तृणमूल कांग्रेस बंगाल में मुस्लिम बहुल पॉकेट्स की कैद में फंस गई हैं।असम की 126 सीटों वाली विधानसभा में कांग्रेस महज 19 सीटें जीत सकी। इनमें से 18 विधायक मुस्लिम समुदाय से हैं। यानी गैर-मुस्लिम वोटरों ने कांग्रेस को लगभग पूरी तरह नकार दिया। गौरव गोगोई जैसी युवा चेहरों की हार इस बात का प्रमाण है कि पार्टी का आधार अब केवल एक खास वोटबैंक तक रह गया है। बदरुद्दीन अजमल की एआईयूडीएफ को सिर्फ दो सीटों पर संतोष करना पड़ा, जबकि कांग्रेस के मुस्लिम उम्मीदवारों ने टैक्टिकल वोटिंग के जरिए फायदा उठाया। मुस्लिम मतदाताओं ने अजमल को छोड़कर कांग्रेस को बीजेपी के खिलाफ मजबूत विकल्प माना, लेकिन इस प्रक्रिया में कांग्रेस ने अपना पुराना हिंदू और असमिया आधार लगभग गंवा दिया। असम कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भूपेन बोरा ने पार्टी छोड़ते वक्त जो आरोप लगाए थे, वे अब नतीजों में साफ दिख रहे हैं। बोरा ने कहा था कि पार्टी मूल निवासियों की भावनाओं को नजरअंदाज कर एक खास वोटबैंक को खुश करने में लगी है। नतीजे इस फ्रस्ट्रेशन की पुष्टि करते हैं। असम में आइडेंटिटी पॉलिटिक्स हमेशा से चरम पर रही है। बंगाल की तरह यहां भी ह्यसर्वधर्म समभावह्ल का नारा अब ह्यतुष्टिकरणह्ल के रूप में देखा जा रहा है। हिमंता बिस्वा सरमा की सरकार ने डेलिमिटेशन के जरिए मुस्लिम बहुल सीटों की संख्या घटाई, जिससे स्वदेशी समुदायों का वजन बढ़ा। नतीजा यह कि 103 सीटों पर अब मूल निवासी निर्णायक बन गए। बंगाल की तस्वीर और भी चौंकाने वाली है।

ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस लंबे समय से 27 से 30 फीसदी मुस्लिम मतदाताओं को अपना सबसे मजबूत सहारा मानती रही। इस बार पार्टी ने 47 मुस्लिम उम्मीदवार उतारे और 32 ने जीत हासिल की। यह स्ट्राइक रेट शानदार लगता है, लेकिन हकीकत यह है कि ये 32 विधायक टीएमसी के कुल विधायकों में करीब 40 फीसदी हिस्सा बनाते हैं।

## विचार

## जितनी बड़ी जीत भरोसे पर खरा उतरने की उतनी बड़ी चुनौती!

**मनोज कुमार अग्रवाल**

**पश्चिम** बंगाल विधानसभा चुनाव के नतीजों के साथ ही नौ मई को भाजपा सरकार की ताजपोशी की तैयारी शुरू कर दी गई है। इस चुनाव ने राज्य को राजनीति में एक नया इतिहास रच दिया है, क्योंकि भारतीय जनता पार्टी अभूतपूर्व प्रदर्शन करते हुए प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनाने जा रही है। राज्य में यह सत्ता बदलने का संकेत नहीं है, बल्कि भारतीय राजनीति में एक बड़े वैचारिक और सामाजिक बदलाव की आहट भी हैं।जितना बडलंबे समय तक ममता बनर्जी और तृणमूल कांग्रेस को बंगाल की राजनीति का सबसे मजबूत केंद्र माना जाता था। 2011 में वाम शासन को समाप्त कर सत्ता में आई ममता बनर्जी ने बंगाल की राजनीति को अपनी शैली, अपनी भाषा और अपने संगठन के बल पर चलाया। लेकिन इस बार के नतीजों ने यह साफ कर दिया है कि कोई भी राजनीतिक किला स्थायी नहीं होता। मतदाता जब बदलाव का मन बना लेता है, तो सबसे मजबूत शासन भी कमजोर पड़ सकता है। मतगणना के बाद अनुसार भाजपा ने 206 सीटों पर जीत हासिल की है, जबकि तृणमूल कांग्रेस काफी पीछे रह कर सिर्फ 81 सीट पर जीत हासिल कर सकी है । बंगाल का राजनीतिक इतिहास संघर्ष, विचारधारा और जनभावना से भरा रहा है। कभी वामपंथी राजनीति का मजबूत किला रहे इस राज्य में बाद के वर्षों में तृणमूल कांग्रेस ने अपनी मजबूत पकड़ बनाई। ममता बनर्जी ने लंबे समय तक खुद को बंगाल की जनता की आवाज के रूप में प्रस्तुत किया। लेकिन लोकतंत्र की सबसे बड़ी खूबसूरती यही है कि जनता समय-समय पर सत्ता को परखती है और आवश्यकता पड़ने पर बदलाव का निर्णय भी करती है। इस चुनाव में सामने आए रुझान बताते हैं कि जनता ने विकास, रोजगार, कानून-व्यवस्था और प्रशासनिक जवाबदेही के मुद्दों पर गंभीरता से मतदान किया है। भारतीय जनता पार्टी के लिए यह परिणाम अभूतपूर्व है, क्योंकि जिस राज्य में कभी पार्टी की उपस्थिति सीमित मानी जाती थी, वहां बहुमत की दहलीज तक पहुंचना संगठनात्मक विस्तार, बूथ स्तर की तैयारी और राजनीतिक रणनीति की सफलता को दशार्ता है। भाजपा ने पिछले वर्षों में बंगाल के ग्रामीण इलाकों, सीमावर्ती क्षेत्रों, चाय बागान क्षेत्रों, मतुआ समाज, आदिवासी इलाकों और शहरी मतदाताओं के बीच अपनी पैठ मजबूत करने की कोशिश की। इस चुनाव में उस मेहनत का असर रुझानों में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। तृणमूल कांग्रेस के लिए यह परिणाम आत्ममंथन का विषय है। हकिकत यह कि किसी भी राजनीतिक दल के लिए लंबे समय तक सत्ता में बने रहना एक बड़ी चुनौती होता है। समय के साथ सत्ता के प्रति जनता की अपेक्षाएं बढ़?ती हैं। यदि रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग, महिला सुरक्षा और प्रशासनिक निष्पक्षता जैसे मुद्दों पर लोगों को अपेक्षित परिणाम नहीं मिलते, तो असंतोष धीरे-धीरे जनादेश में बदल जाता है। बंगाल में भी एंटी-इंकंवेंसी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई प्रतीत होती है। तृणमूल के कई मजबूत नेताओं की हार या पिछड़ना इस बात का संकेत है कि जनता ने केवल पार्टी के नाम पर नहीं, बल्कि स्थानीय प्रदर्शन और जनसंपर्क के आधार पर भी मतदान किया है। इस बदलाव की पहली बड़ी वजह मतदाता सूची की पुनर्समीक्षा रही। स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के बाद राज्य की मतदाता सूची से करीब 91 लाख नाम हटाए गए है। मुर्शिदाबाद, मालदा और उत्तर 24 परगना जैसे जिलों में बड़ी संख्या में नाम हटे, जिन्हें तृणमूल कांग्रेस के मजबूत इलाकों में गिना जाता रहा है। चुनाव आयोग की दृष्टि से यह प्रक्रिया मतदाता सूची को शुद्ध करने के लिए थी, लेकिन राजनीतिक दृष्टि से इसका असर बहुत गहरा दिखाई दिया। टीएमसी का पारंपरिक सामाजिक समीकरण कमजोर पड़ा और भाजपा को इसका लाभ मिला। दूसरी अहम वजह बंगाली अस्मिता की लड़ाई रही। ममता बनर्जी लंबे समय से भाजपा को 'बाहरी' बताकर बंगाल की की संस्कृति, भाषा और खानपान से जोड़कर राजनीति करती रही हैं। लेकिन भाजपा ने इस बार इस प्रतीक को अपने खिलाफ हथियार बनने नहीं दिया। उसने यह संदेश देने की कोशिश की कि उसका हिंदुत्व बंगाल की संस्कृति से टकराता नहीं, बल्कि बंगाल की शाक्त परंपरा, मां काली की उपासना और स्थानीय जीवनशैली के साथ चल सकता है। यही वह मोड़ था जहां ममता बनर्जी का सांस्कृतिक एकाधिकार कमजोर पड़ा। तीसरी वजह पहचान और ध्रुवीकरण की राजनीति रही। बंगाल में पहले भी धार्मिक पहचान चुनावी विमर्श का हिस्सा रही है, लेकिन इस बार भाजपा ने इसे अधिक आक्रामक ढंग से उठाया।

**एक्शन इंडिया दैनिक**

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072

एक्शन इंडिया मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रवि भारद्वाज द्वारा एक्शन इंडिया कार्यालय, कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 से प्रकाशित एवं अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से मुद्रित।

संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी

समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)

स्थानीय संपादक : पंकज शर्मा ( 9418026789)

ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: किशोर भवन, जोधा निवास, डेजी बैंक एस्टेट, लोअर जाखू, शिमला- 171001

एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## आलेख

## इंडिया गठबंधन के अस्तित्व को बचाने की बड़ी चुनौती

**अजय कुमार**

भारतीय राजनीति के फलक पर 2026 के विधानसभा चुनाव नतीजों ने एक ऐसी लकीर खींच दी है, जिसने विपक्षी एकजुटता के दावों और 'इंडिया' गठबंधन के भविष्य पर गंभीर सवालिया निशान लगा दिए हैं। चुनावी मैदान के जो आंकड़े सामने आए हैं, वे न केवल चौंकाने वाले हैं, बल्कि गठबंधन के भीतर की गहरी दरारों और वैचारिक विरोधाभासों को भी पूरी तरह नग्न कर देते हैं। एक तरफ कांग्रेस केरल में यूडीएफ के जरिए सत्ता की दहलीज पर खड़ी नजर आ रही है, तो दूसरी तरफ पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु जैसे राज्यों में गठबंधन के दो सबसे मजबूत स्तंभों तृणमूल कांग्रेस और डीएमके का सत्ता से बेदखल होना पूरे विपक्ष के लिए किसी वज्रपात से कम नहीं है। विडंबना देखिए कि केरल में कांग्रेस की जीत उसी वामपंथ की हार की कीमत पर मिल रही है, जो राष्ट्रीय स्तर पर उसके साथ 'इंडिया' ब्लॉक में कंधे से कंधा मिलाकर चलने का दावा करता है। यह अंतर्विरोध बताता है कि गठबंधन की जमीन कितनी दरक चुकी है। ममता बनर्जी और एम.के. स्टालिन जैसे कद्दावर नेताओं की अपने-अपने राज्यों में हार ने इस धारणा को पुख्ता कर दिया है कि क्षेत्रीय दलों का अभेद्य किला अब दरक रहा है। बंगाल में जिस तरह से भारतीय जनता पार्टी ने अपनी जड़ें जमाई हैं और अंततः सत्ता हासिल की है, उसने न केवल राज्य की राजनीति को बदला है, बल्कि पूरे देश में विपक्ष के मनोबल को तोड़कर रख दिया है। अब सवाल सिर्फ सत्ता हासिल करने का नहीं रह गया है, बल्कि अस्तित्व को बचाने की एक बेहद कठिन लड़ाई का बन गया है। ममता बनर्जी अब भी एकजुटता का राग अलाप रही हैं, सोनिया गांधी और राहुल गांधी के फोन कॉल्स का हवाला देकर यह जताने की कोशिश कर रही हैं कि गठबंधन अभी टूटा नहीं है, लेकिन धरातल पर हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में ममता का यह कहना कि 'हम हारे नहीं, हमें हराया गया है' और चुनाव आयोग को खलनायक बताना, हार की हताशा को ही दशार्ता है। गठबंधन के भीतर का विरोधाभास तब और गहरा हो जाता है जब हम चुनाव प्रचार के दौरान के बयानों को याद करते हैं।

## आया मौसम चुनावी रुदालियों के रुदन का

सुधाकर आशावादी

आज मौसम बड़ा बेईमान है बड़ा बेईमान है आज मौसम। कभी कभी बिन बादल बरसात हो जाती है, कभी तेज हवाएं चलती हैं, कभी गर्मी में सर्दी का एहसास होता है, कभी शिमला रिज पर घूमने का सा आनंद घर की छत पर मिल जाता है। सब मौसम की मेहरबानी है। वैसे यह मन का विषय है, कि मौसम अनुकूलता और प्रतिकूलता का आभास हम कैसे करते हैं। प्राकृतिक मौसम की तरह राजनीतिक मौसम भी कई बार बदलता है। हाल ही में कुछ राज्यों में विधानसभा चुनाव हुए। मौसम विज्ञानियों में अपने अपने कयास लगाए, कि चुनाव परिणाम किसके स्वास्थ्य के अनुकूल मौसम का निर्माण करेंगे और किसके प्रतिकूल। चुनाव परिणाम आए और मौसम विज्ञानियों के कयासों पर पानी फेर गए। जिसे गुमान था, कि मौसम उनकी मुट्ठी से बाहर निकलने का दुस्साहस नहीं करेगा, उनके अनुकूल रहेगा, यकायक बेवफा हो गया या यूँ कहिये कि बेईमान हो गया। उसने तनिक भी नहीं सोचा, कि वह जिसके अनुकूल चल रहा था, उसके अनुकूल ही चले, मगर मौसम है, अपनी मर्जी का मालिक। बहरहाल मौसम बदल गया। मौसम को अपने अनुकूल बनाये रखने के प्रयास विफल हो गए। कुछ के लिए जहाँ मौसम हिमाचल और कश्मीर की वादियों सा सुहाना ठंडक भरा हो गया, वहीं कुछ के लिए मौसम रुदन का कारण बन गया। रुदालियाँ सड़कों पर उत्तर आई। वे मौसम को गलियां देने लगी। वे उन्हें भी गलियां देने लगी, जिनके अनुकूल मौसम हो गया था। यह उनकी नियति थी। रुदालियाँ बेचारी करती भी तो क्या करती। उनका जन्म ही रुदन के लिए हुआ है। उन्हें किसी की खुशी सहन नहीं होती। उन्हें किसी के दुःख में रुदन के लिए ही पैसे मिलते हैं , यदि उनका रुदन अभ्यास समाप्त हो गया, तो इसका प्रतिकूल असर रुदालियों के व्यवसाय पर पड़ना स्वाभाविक होता है। कुछ रुदालियाँ ऐसी भी हैं, जिन्हें किसी की जीत हार से कोई सरोकार नहीं होता। उनके लिए सातों दिन एक से रहते हैं। न जीत की खुशी न हार का गम। रुदन उनके लिए सिर्फ. औपचारिकता निभाने तक सीमित रहता है, रुदन के लिए उन्हें कुछ भी सोचना नहीं होता।

# 'रक्षा त्रिवेणी संगम' से आत्मनिर्भर भारत को मिलेगी नई गति: योगी आदित्यनाथ

**इनोवेशन**

**रक्षा त्रिवेणी संगम के रूप में टेक्नोलॉजी, ज्ञान और इनोवेशन को एक मंच पर लाने का ऐतिहासिक प्रयास है।**







**टीम एक्शन इंडिया**
**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि रक्षा त्रिवेणी संगम के रूप में टेक्नोलॉजी, ज्ञान और इनोवेशन को एक मंच पर लाने का ऐतिहासिक प्रयास है। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के विजन को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री योगी बुधवार को संगम नगरी में आयोजित नॉर्थ टेक सिंपोशियम के समापन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने प्रयागराज की आध्यात्मिक और ऐतिहासिक महत्ता का उल्लेख करते हुए कहा कि गंगा, यमुना और सरस्वती के संगम की तरह यह सिंपोशियम भी 'टेक्नोलॉजी, इंडस्ट्री और सैन्य शक्ति' के संगम का प्रतीक बना है। उन्होंने कहा कि भारत की परंपरा 'वसुधैव कुटुंबकम' की रही है, लेकिन उदारता की रक्षा के लिए शक्ति और सामर्थ्य भी उतनी ही आवश्यक है। उन्होंने स्पष्ट किया कि आधुनिक युद्ध अब केवल जल, थल और वायु तक सीमित नहीं है, बल्कि साइबर, स्पेस और डेटा आधारित मल्टी-डोमेन ऑपरेशन का स्वरूप ले चुका है। ऐसे में तकनीकी आत्मनिर्भरता और रक्षा उत्पादन में स्वदेशी क्षमता बढ़ाना समय की मांग है। मुख्यमंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश में 2017 के बाद कानून-व्यवस्था में सुधार और 'जीरो टॉलरेंस' नीति के कारण निवेश का माहौल बेहतर हुआ है। इसी का परिणाम है कि राज्य में डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉरिडोर तेजी से विकसित हो रहा है। लखनऊ, कानपुर, झांसी, आगरा, अलीगढ़ और चित्रकूट जैसे नोड्स में हजारों करोड़ के निवेश प्रस्ताव जमीन पर उतर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज भारत रक्षा उत्पादों के आयातक से निर्यातक देश बन रहा है और उत्तर प्रदेश इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। राज्य में स्किल्ड मैनपावर, एमएसएमई नेटवर्क और मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर डिफेंस सेक्टर को नई ऊंचाइयों तक ले जा रहा है।

**विंग कमांडर का संबोधन**
समापन सत्र में विंग कमांडर ने कहा कि नॉर्थ टेक सिंपोशियम ने पिछले दो दिनों में टेक्नोलॉजी, विशेषज्ञता और इनोवेशन का प्रभावी मंच प्रदान किया। उन्होंने बताया कि आधुनिक सैन्य क्षमता अब टेक्नोलॉजी आधारित तैयारी पर निर्भर है, जो केवल सेना, उद्योग, शैक्षणिक संस्थानों और सरकार के मजबूत समन्वय से ही संभव है। उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार और एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी के सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि राज्य में डिफेंस इंडस्ट्री के लिए तेजी से विकसित हो रहा इकोसिस्टम देश को आत्मनिर्भर बनाने में अहम भूमिका निभाएगा। बड़ी संख्या में उद्योगों, स्टार्टअप्स और इनोवेटर्स की भागीदारी इस बात का प्रमाण है कि उत्तर प्रदेश डिफेंस टेक्नोलॉजी हब के रूप में उभर रहा है।

**कार्यक्रम में प्रमुख उपस्थिति**
समापन अवसर पर कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता, सैन्य अधिकारी, उद्योग जगत के प्रतिनिधि, शैक्षणिक संस्थानों के विशेषज्ञ, स्टार्टअप्स और बड़ी संख्या में प्रतिभागी उपस्थित रहे। सभी ने इस आयोजन को सफल बनाने में योगदान देने वाले संस्थानों और प्रतिभागियों की सराहना की।
कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि रक्षा त्रिवेणी संगम की यह पहल भविष्य में देश की सुरक्षा और तकनीकी आत्मनिर्भरता को नई दिशा देगी।

## योगी ने बाबा कालभैरव और श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में किया दर्शन

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को वाराणसी पहुंचे। गोरखपुर से मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर पुलिस लाइन में बने हेलीपैड पर उतरा तो वहां पहले से मौजूद भाजपा के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अफसरों ने मुख्यमंत्री की अगवानी की। पुलिस लाइन से मुख्यमंत्री कड़ी सुरक्षा के बीच वाहनों के काफिले में बड़ा लालपुर स्थित उदय प्रताप कॉलेज के अर्थशास्त्र के प्रोफेसर डॉ. राजीव कृष्ण के घर पहुंच कर मांगलिक समारोह में शामिल हुए। यहां परिजनों से कुछ देर बातचीत के बाद मुख्यमंत्री ने उन्हें बधाई दी और महिलाओं व बच्चों को



आशीर्वाद दिया। इसके बाद उनके साथ सामूहिक फोटो भी खिचाई। इसके बाद वे कालभैरव मंदिर में दर्शन पूजन के लिए पहुंचे। मंदिर में विधि विधान से दर्शन पूजन के बाद मुख्यमंत्री ने बाबा की आरती भी की। कालभैरव मंदिर से दर्शन पूजन के बाद मुख्यमंत्री ने श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में भी विधिवत पूजन अर्चन किया। बाबा के पावन ज्योर्तिलिंग का अभिषेक कर उन्होंने देश प्रदेश में जीवन मंगल की कामना की। इस अवसर पर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर, स्टाम्प एवं न्यायालय पंजीयन शुल्क राज्य मंत्री (स्वतंत्र) प्रभार रविन्द्र जायसवाल, आयुष एवं खाद्य सुरक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ दयाशंकर मिश्र 'दयालु', एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा, एमएलसी धर्मेंद्र सिंह मौजूद रहे।

# उपमुख्यमंत्री ने आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण कर पोषाहार गुणवत्ता पर दिए सख्त निर्देश

**गुणवत्ता**

**केंद्र में उपलब्ध व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी ली और बच्चों को दिए जा रहे पोषाहार की गुणवत्ता को परखा**



**टीम एक्शन इंडिया**
**जयपुर।** राजसमंद जिले के गुंजोल गांव में उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने बुधवार आंगनबाड़ी केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र में उपलब्ध व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी ली और बच्चों को दिए जा रहे पोषाहार की गुणवत्ता को परखा। उपमुख्यमंत्री ने मौके पर ही बच्चों को परोसे जा रहे भोजन की जांच की और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि बच्चों को हमेशा पौष्टिक एवं गुणवत्तापूर्ण आहार उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने आंगनबाड़ी केंद्र में मौजूद बच्चों से आत्मीय बातचीत की और उनका हालचाल जाना। इस दौरान उन्होंने बच्चों को श्रीनाथ जी का प्रसाद भी वितरित किया, जिससे बच्चों में उत्साह देखने को मिला।उन्होंने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण से जुड़ी सभी व्यवस्थाएं बेहतर तरीके से संचालित हों।

# अंधेरे से उजाले की ओर जीवन में सुशासन ने भरी उम्मीद की रोशनी




**टीम एक्शन इंडिया**
**रायपुरः** जब हौसले बुलंद हों और शासन का साथ मिल जाए, तो शारीरिक बाधाएं भी प्रगति का रास्ता नहीं रोक सकतीं। छत्तीसगढ़ के बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के ग्राम गोविंदपुर (सरगड़ी) में रहने वाले कृष्णा पहाड़ी कोरवा और उनकी पत्नी अनिता की कहानी आज सुशासन और संवेदनशीलता की जीवंत मिसाल बन चुकी है। विशेष पिछड़ी जनजाति से ताल्लुक रखने वाला यह दंपति दृष्टिबाधित है, लेकिन आज इनके चेहरे की मुस्कान सरकार की अंतिम व्यक्ति तक विकास की प्रतिबद्धता को बयां कर रही है।

**प्रधानमंत्री के हाथों मिली खुशियों की चाबी***
कृष्णा और अनिता के परिवार के जीवन का सबसे ऐतिहासिक मोड़ राज्य स्थापना की रजत जयंती (2025) के अवसर पर आया। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने स्वयं अपने हाथों से कृष्णा को प्रधानमंत्री जनमन योजना एवं पीएम आवास योजना (ग्रामीण) के तहत निर्मित पक्के घर की चाबी सौंपी। यह मात्र एक कंक्रीट का ढांचा नहीं, बल्कि वर्षों के अभाव और असुरक्षा के बाद मिला वह सम्मान था, जिसकी इस दंपति ने कल्पना की थी।

# जल संवर्धन और ग्रामीण आजीविका को मिली नई मजबूती



**उपलब्धियां**

**जल संवर्धन, भू-जल स्तर सुधार और ग्रामीण आजीविका को सशक्त बनाने की दिशा में व्यापक कार्य किए**

**टीम एक्शन इंडिया**
**रायपुरः** राज्य शासन के मोर गांव - मोर पानी महाअभियान अंतर्गत मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी जिले ने जल संरक्षण एवं ग्रामीण विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करते हुए एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) तथा विभिन्न योजनाओं के प्रभावी अभिसरण से जिले में जल संवर्धन, भू-जल स्तर सुधार और ग्रामीण आजीविका को सशक्त बनाने की दिशा में व्यापक कार्य किए गए हैं।

***जिले में बनीं 17 सौ से अधिक आजीविका डबरी***
ह्लजल संरक्षण हमारी जिम्मेदारीह्व की थीम पर संचालित इस अभियान के तहत जिले में 1700 से अधिक आजीविका डबरी का निर्माण किया गया। प्रत्येक पंचायत में औसतन 9 डबरी विकसित कर जल संरक्षण को आजीविका संवर्धन से जोड़ने का अभिनव प्रयास किया गया है।
सामुदायिक सहभागिता और जिला प्रशासन के सतत प्रयासों से यह अभियान जनआंदोलन का स्वरूप ले चुका है।

**पीएम आवासों में बने 2541 सोखता गड्ढे, 87 तलाबों का नवीनीकरण***
वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को प्रेरित कर 2541 सोख्ता गड्ढे  का निर्माण कराया गया।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की निमाड़ में इन्वेस्टर्स समिट की घोषणा, खाई झाल मुड़ी

**टीम एक्शन इंडिया**
**बुरहानपुर/भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुधवार को बुरहानपुर के एक दिवसीय दौरे पहुंचे। यहां उन्होंने न केवल 'उद्यमी संवाद' कार्यक्रम में विचार साझा किए, बल्कि राजनीतिक मंच से विपक्ष पर भी तीखे प्रहार भी किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने परमानंद गोविंदजीवाला ऑडिटोरियम में आयोजित 'उद्यमी संवाद' कार्यक्रम में उद्योगपतियों से संवाद के दौरान निमाड़ क्षेत्र में 'इन्वेस्टर्स समिट' आयोजित करने की घोषणा की। इसके उपरांत, भाजपा के 'विजय उत्सव' में शामिल होकर उन्होंने मंच पर नेताओं के साथ झालमुड़ी का आनंद लिया और कार्यकर्ताओं में जोश भरा। इस दौरान उन्होंने बंगाल और असम में पार्टी की जीत पर खुशी जताते हुए विपक्ष पर निशाना साधा। मुख्यमंत्री सुबह 10:30 बजे रेणुका माता हेलीपैड से सीधे ऑडिटोरियम पहुंचे थे। यहां उद्योगपतियों ने अपनी समस्याओं और मांगों से उन्हें अवगत कराया। डॉ. यादव ने कहा कि हमने निमाड़ में इन्वेस्टर्स समिट कराने का वादा किया था और हम इसे जरूर पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि व्यापारिक कल्याण बोर्ड बनाने पर भी कैबिनेट में चर्चा हुई है, जो आगे चलकर जिला स्तर तक काम करेगा।



**केला किसानों के लिए विशेष योजना और औद्योगिक विस्तार**
मुख्यमंत्री ने बुरहानपुर के आर्थिक महत्व को रेखांकित करते हुए बताया कि यहां का व्यापार 400 करोड़ से दोगुना होकर 800 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। उन्होंने घोषणा की कि राज्य सरकार ने निंबोला औद्योगिक क्लस्टर के लिए 350 करोड़ रुपये की पहली किस्त जारी कर दी है। इस वर्ष को 'किसान कल्याण वर्ष' के रूप में समर्पित करते हुए सीएम ने आश्वस्त किया कि बुरहानपुर के केला किसानों की समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण किया जाएगा। साथ ही, उन्होंने व्यापारिक कल्याण बोर्ड के गठन की बात कही, जो भविष्य में जिला स्तर तक सक्रिय होकर उद्यमियों की मदद करेगा।

**वादा**

**हमने निमाड़ में इन्वेस्टर्स समिट कराने का वादा किया था और हम इसे जरूर पूरा करेंगे: मोहन यादव**

**मंच से झालमुड़ी का स्वाद और विपक्ष पर तीखा हमला**
उद्योगपतियों से संवाद के बाद डॉ. यादव विधायक अर्चना चिटनिस द्वारा आयोजित 'विजय उत्सव' में शामिल हुए।
हाल ही में पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी के चुनावी परिणामों को लेकर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे ने राज्यपाल से की शिष्टाचार मुलाकात



**टीम एक्शन इंडिया**
**रांची।** झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से बुधवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने रांची स्थित लोकभवन में शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान दोनों के बीच विभिन्न समसामयिक मुद्दों पर चर्चा हुई। हालांकि मुलाकात के विस्तृत बिंदुओं की आधिकारिक जानकारी साझा नहीं की गई है, लेकिन इसे सामान्य शिष्टाचार मुलाकात के रूप में देखा जा रहा है।

# भाजपा ने बंगाल में किया नतीजों में उलटफेर : अखिलेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी को मिली बड़ी हार को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार और चुनाव आयोग को घेरते हुए लोकतंत्र में इसे वोट की डकैती डालने वाला बताया। अखिलेश यादव ने मंगलवार को राजधानी लखनऊ के पार्टी मुख्यालय में प्रेस कांफ्रेंस करते हुए पत्रकारों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने बंगाल में अफसरों और भाजपा की मिलीभगत से चुनाव के नतीजों में बड़ा उलटफेर किया है। इसे



मल्टीलेयर इलेक्शन माफियाओं का खेल कहा जाता है। अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश के 2022 के विधानसभा चुनाव की तुलना अखिलेश यादव ने बंगाल चुनाव के नतीजों से की। उन्होंने कहा कि जो बंगाल की जनता ने फेस किया या देखा है, ये हम 2022 में देख चुके हैं। 2022 में बहुत सारी विधानसभा में सेंट्रल फोर्स लगा कर इन्होंने (भाजपा) ने समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं को पोलिंग स्टेशन, काउंटिंग स्टेशन से निकाल कर रिजल्ट बदला था। अखिलेश ने अयोध्या की कुंदरकी विधानसभा सीट के उपचुनाव को लेकर भाजपा सरकार पर वोटों में डकैती डालने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कुंदरकी विधानसभा में 2012 में समाजवादी पार्टी को 37 प्रतिशत वोट मिला। बीजेपी को 29 फीसद वोट मिला। 2017 में सपा को 42 प्रतिष्ठा वोट मिला, बीजेपी को 37 फीसद वोट मिला। 2022 में 46 प्रतिशत वोट मिला और बीजेपी को 30 प्रतिशत वोट मिला। सपा अध्यक्ष ने कहा कि 2024 में जब उपचुनाव हुआ तब सपा जिसे 37, 42, 46 प्रतिशत वोट मिलता था उसे 12 फीसदी वोट मिला, वहीं भाजपा जिसे 29, 37 और 30 प्रतिशत वोट मिलता था, उसे 77 प्रतिशत वोट मिला। ये मल्टी लेयर इलेक्शन माफिया का खेल है।

**आरोप**

**भाजपा) सरकार और चुनाव आयोग को घेरते हुए लोकतंत्र में इसे वोट की डकैती डालने वाला बताया**

# असम विस चुनाव संपन्न, राज्यपाल को सौंपी गयी चुने हुए सदस्यों की सूची




**टीम एक्शन इंडिया**
**गुवाहाटी।** असम के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ), अनुराग गोयल ने भारत निर्वाचन आयोग के प्रतिनिधियों के साथ मिलकर असम विधानसभा चुनाव 2026 के आम चुनावों के सफलतापूर्वक संपन्न होने के बाद नई असम विधानसभा के गठन के लिए असम के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य को असम विधानसभा के नव-निर्वाचित सदस्यों की सूची सौंपी। भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) गठबंधन ने कुल 102 सीटें हासिल कीं, जिनमें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा जीती गई 82 सीटें, असम गण परिषद (अगप) द्वारा 10 सीटें और बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट (बीपीएफ) द्वारा 10 सीटें शामिल हैं। दूसरी ओर, कांग्रेस के नेतृत्व वाले गठबंधन ने 21 सीटें हासिल कीं, जिनमें से कांग्रेस ने 19 सीटें और राइजर दल ने 2 सीटें जीतीं। ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (एआयूडीएफ) ने 2 सीटें हासिल कीं, जबकि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने एक सीट जीतीं हैं।
असम के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) ने पूरे राज्य में चुनाव प्रक्रिया के सफल, शांतिपूर्ण और पारदर्शी संचालन में उनके अमूल्य योगदान के लिए सभी हितधारकों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया।
सीईओ ने असम के मतदाताओं को उनकी सक्रिय भागीदारी और जिम्मेदारी तथा उत्साह के साथ लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखने के लिए हार्दिक धन्यवाद दिया। चुनावी प्रक्रिया के दौरान उनके अथक समर्पण और व्यावसायिकता के लिए जिला निर्वाचन अधिकारियों, रिटर्निंग अधिकारियों, सहायक रिटर्निंग अधिकारियों, निर्वाचक पंजीकरण अधिकारियों, बूथ स्तरीय अधिकारियों, मतदान कर्मियों, मतगणना अधिकारियों और चुनाव प्रबंधन से जुड़े सभी अधिकारियों तथा कर्मचारियों की विशेष सराहना की गई। सीईओ ने पूरे राज्य में चुनाव के शांतिपूर्ण, सुचारू और सफल संचालन को सुनिश्चित करने में उनके सहयोग और समन्वित प्रयासों के लिए सुरक्षा बलों, असम पुलिस, सीएपीएफ, होम गार्ड्स, कानून प्रवर्तन एजेंसियों, सरकारी विभागों, मीडिया, राजनीतिक दलों, नागरिक समाज समूहों, एसवीईईपी टीमों और सभी हितधारकों को भी धन्यवाद दिया।  असम के सीईओ ने कहा है कि चुनाव का सफलतापूर्वक संपन्न होना एक बार फिर लोकतंत्र और संवैधानिक मूल्यों को मजबूत करने के प्रति असम के लोगों और संस्थानों की सामूहिक प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

**नव-निर्वाचित**

**असम के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य को असम विधानसभा के नव-निर्वाचित सदस्यों की सूची सौंपी**

# मुख्यमंत्री साय ने पेयजल समस्या की खबर पर लिया त्वरित संज्ञान

**टीम एक्शन इंडिया**
**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेश के सरगुजा जिले के मैनपाट क्षेत्र की चेराजोबला बस्ती में पेयजल समस्या से संबंधित समाचार पर त्वरित संज्ञान लेते हुए जिला प्रशासन को तत्काल आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने आज बुधवार सुबह समाचार पत्रों का अवलोकन करते समय नाला और ढोढ़ी के दूषित जल पर आज भी निर्भर हैं वनवासी शीर्षक से प्रकाशित खबर को गंभीरता से लिया और सरगुजा कलेक्टर अजीत वसंत को फोन कर प्रभावित बस्ती में शीघ्र पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को मूलभूत सुविधाओं से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि



चेराजोबला बस्ती में पेयजल संकट की स्थिति का तत्काल स्थलीय निरीक्षण कर आवश्यकतानुसार हैंडपंप खनन, वैकल्पिक पेयजल व्यवस्था और दीर्घकालिक समाधान की दिशा में प्राथमिकता के साथ कार्रवाई की जाए।
मुख्यमंत्री साय ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि विशेष पिछड़ी जनजातियों के निवास वाले क्षेत्रों में पेयजल, सड़क, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं की नियमित समीक्षा की जाए। उन्होंने कहा कि शासन का उद्देश्य केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि उनका वास्तविक लाभ जमीन पर सुनिश्चित करना है।

facebook.com/actionindialive twitter.com/actionindianews youtube.com/actionindiatv
# हिमाचल न्यूज
एक्शन इंडिया
www.actionindialive.com
ऊना,
7 मई 2026

# 'विकसित भारत 2047' के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाएं स्नातक : राज्यपाल

**दीक्षांत**

» राज्यपाल ने सरदार पटेल विश्वविद्यालय मण्डी के दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता की



**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी।** राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने बुधवार को सरदार पटेल विश्वविद्यालय मण्डी के द्वितीय दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता की। समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने इसे मात्र डिग्री वितरण कार्यक्रम न बताते हुए 'ज्ञान, संस्कृति और जिम्मेदारी के संगम का उत्सव' बताया।

उन्होंने स्नातक छात्रों से आह्वान किया कि वे केवल व्यक्तिगत करियर तक सीमित न रहें बल्कि अपने ज्ञान, नवाचार और नैतिक मूल्यों को 'विकसित भारत 2047' के निर्माण में समर्पित करें।

उन्होंने सरदार वल्लभभाई पटेल की विरासत का उल्लेख करते हुए कहा कि राष्ट्रीय एकता और अखंडता का उनका आदर्श आज भी उतना ही प्रासंगिक है, जितना स्वतंत्रता के समय था। विश्वविद्यालय परिसर में सरदार पटेल की प्रतिमा स्थापित करने के निर्णय की सराहना करते हुए उन्होंने 'भारत वल्लभ' की अवधारणा को राष्ट्रीय दृष्टि का प्रतीक बताया।

राज्यपाल ने छात्रों से 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के सपने को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध रहने का आह्वान किया। उन्होंने विश्वविद्यालय की कम समय में हुई उल्लेखनीय प्रगति की प्रशंसा करते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति के चरणबद्ध क्रियान्वयन, भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ की स्थापना, पहले दीक्षांत समारोह का पारंपरिक भारतीय वेशभूषा में आयोजन तथा विभिन्न शैक्षणिक समितियों के गठन को सराहनीय कदम बताया।

उन्होंने मंडी के 500 वर्षों के ऐतिहासिक सफर को स्मरण करने के लिए आयोजित बहुआयामी शैक्षणिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहना करते हुए इसे 'गहरी ऐतिहासिक चेतना और सांस्कृतिक जिम्मेदारी की अभिव्यक्ति' कहा।

गुप्ता ने स्नातकों को भारत के व्यापक विकास परिप्रेक्ष्य से जोड़ते हुए कहा कि आत्मनिर्भर भारत, डिजिटल इंडिया और विकसित भारत 2047 जैसे लक्ष्य केवल व्यक्तिगत सफलता से नहीं, बल्कि युवाओं की सक्रिय भागीदारी से ही पूर्ण हो पाएंगे।

**ज्ञान के साथ नवाचार, नैतिकता और मानवीय संवेदनशीलता अत्यंत आवश्यक**



राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने कहा कि आज के समय में केवल ज्ञान ही नहीं, बल्कि नवाचार, नैतिकता और मानवीय संवेदनशीलता भी अत्यंत आवश्यक हैं। तकनीकी दक्षता के साथ एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में सोच और दृष्टिकोण भी उतना ही महत्वपूर्ण है। राज्यपाल ने छात्रों से समाज के कमजोर और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए कार्य करने, नशामुक्त जीवन अपनाने, पर्यावरण संरक्षण को जीवनशैली का हिस्सा बनाने तथा भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संजोने का आग्रह किया। राज्यपाल ने एक दार्शनिक संदर्भ 'दीक्षांत' और 'शिक्षांत' के संस्कृत अर्थों का उल्लेख करते हुए कहा कि शिक्षा कभी समाप्त नहीं होती, बल्कि यह जीवन भर चलने वाली प्रक्रिया है।

# हिमाचल में कांग्रेस नेता ही सुरक्षित नहीं, अज्ञात लोगों पर पीछा करने के आरोप, एसपी को दी शिकायत

**साजिश**

» बार-बार हो रही ये घटनाएं कोई संयोग नहीं बल्कि साजिश का हिस्सा : ललित ठाकुर

**हामिद खान**

**चंबा।** चंबा जिला में कांग्रेस नेता एवं कृषि उपज विपणन समिति के चेयरमैन ललित ठाकुर ने अपनी ही सरकार में सुरक्षा को लेकर चिंता जाहिर की। ललित ने कुछ अज्ञात लोगों पर बार-बार पीछा करने के आरोप लगाए। एसपी चंबा को शिकायत दी है।



कृषि उपज मंडी समिति (एपीएमसी) के अध्यक्ष ललित ठाकुर ने अपनी सुरक्षा को लेकर पुलिस अधीक्षक विजय सकलानी को शिकायत सौंपी। इसमें उन्होंने बताया कि पिछले कुछ समय से अज्ञात लोग संदिग्ध तरीके से उनका पीछा कर रहे हैं। जोकि, भविष्य में कोई बड़ा अपराधिक षडयंत्र रच सकते हैं।

उन्होंने कहा कि इसका आभास उन्हें तब हुआ जब वह दो मई को वह अपने सरकारी वाहन से बालू स्थित कार्यालय से लौट रहे थे, तब कुछ अज्ञात वाहनों ने निरंतर उनका पीछा किया। इस मामले का खुलासा बाद में सोशल मीडिया के माध्यम से हुआ, जिससे उनकी चिंताएं और बढ़ गई हैं। उन्होंने कहा कि इससे पहले चंबा से शिमला और भरमौर से लौटते समय लूना के पास रात के वक्त अज्ञात वाहनों द्वारा संदिग्ध रूप से उनका पीछा किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि बार-बार हो रही ये घटनाएं कोई संयोग नहीं हैं, बल्कि उनके विरुद्ध एक सुनियोजित और संगठित साजिश का हिस्सा हैं।

उन्होंने पुलिस प्रशासन को आगाह किया है कि इस प्रकार की गतिविधियां न केवल उनकी व्यक्तिगत सुरक्षा के लिए खतरा हैं, बल्कि एक सार्वजनिक पद पर आसीन व्यक्ति के रूप में उनके कामकाज को भी प्रभावित करने का प्रयास हैं। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से इस पूरे मामले की तत्काल और गहन जांच करवाने की मांग की है ताकि संबंधित अज्ञात व्यक्तियों और वाहनों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जा सके। अपनी सुरक्षा के मद्देनजर तत्काल उचित सुरक्षा उपाय लागू करने का भी आग्रह किया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि उनके पास शिकायत पहुंची है, इसकी गंभीरता से जांच की जाएगी।

## मिलिट्री नर्सिंग सेवा से सेवानिवृत्त कर्मी करवाएं पंजीकरण

**राजन पुरी**

**ऊना।** सैनिक कल्याण विभाग ऊना के उपनिदेशक लेफ्टिनेंट कर्नल एसके कालिया ने जिले में निवास कर रहे मिलिट्री नर्सिंग सेवा से सेवानिवृत्त कर्मियों से जिला सैनिक कल्याण कार्यालय ऊना में अपना पंजीकरण करवाने का आग्रह किया है।

उन्होंने बताया कि अब तक पूर्व सैनिक का दर्जा मुख्य रूप से थल सेना, नौसेना एवं वायु सेना से सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं जवानों तक सीमित था, लेकिन केंद्र सरकार के निर्णय के बाद अब मिलिट्री नर्सिंग सेवा से सेवानिवृत्त कर्मियों को भी पूर्व सैनिक की श्रेणी में शामिल किया गया है।

उपनिदेशक ने कहा कि जिला सैनिक कल्याण कार्यालय के पास जिले में निवास कर रहे एमएनएस से सेवानिवृत्त कर्मियों का ब्यौरा उपलब्ध नहीं है।

# हमीरपुर में ट्रैफिक नियमों पर सख्ती, तीन वाहन जब्त

**पवन धीमान**

**हमीरपुर।** जिला ट्रैफिक पुलिस ने नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए कार्रवाई तेज कर दी है। इसी कड़ी में पुलिस ने तीन वाहनों को जब्त किया है, जिनमें दो स्कूटी और एक बाइक शामिल हैं।



मिली जानकारी के अनुसार, ट्रैफिक पुलिस प्रभारी संजय राणा ने बताया कि इन सभी वाहनों के चालक मौके पर आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। जब पुलिस ने वाहनों को जांच के लिए रोकने का प्रयास किया, तो कुछ चालक मौके से फरार हो गए। बाद में एक बाइक सवार को ओल्ड आरटीओ ऑफिस के नजदीक बाईपास क्षेत्र से पकड़ लिया गया, जबकि एक स्कूटी सवार को अनु क्षेत्र से हिरासत में लिया गया। जांच के दौरान एक स्कूटी पर फर्जी नंबर प्लेट लगी पाई गई और चालक दस्तावेज दिखाने में असफल रहा। वहीं, तीसरी स्कूटी चोरी की निकली, जिसे पंजाब से चोरी कर हिमाचल में एफिडेविट के आधार पर बेचे जाने की बात सामने आई है।


ट्रैफिक पुलिस द्वारा चालान किए जाने पर स्कूटी के वास्तविक मालिक को संदेश प्राप्त हुआ, जिसके बाद उसने पुलिस से संपर्क किया। फिलहाल पुलिस ने स्कूटी को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि वाहन चलाते समय सभी आवश्यक दस्तावेज साथ रखें और ट्रैफिक नियमों का पालन करें, अन्यथा सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## रोहड़ू में बम धमकी से हड़कंप, अदालत परिसर और एसडीएम कार्यालय खाली

**चमन शर्मा**

**शिमला।** शिमला जिले के रोहड़ू क्षेत्र में उस समय हड़कंप मच गया, जब भराड़ी रोड के समीप एक अज्ञात पोस्टर मिला।



इसमें अदालत परिसर और एसडीएम कार्यालय में बम विस्फोट की धमकी दी गई थी। एएसपी शिमला सिटी मेहर पंवार ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई करते हुए रोहड़ू स्थित अदालत परिसर और एसडीएम कार्यालय को एहतियातन खाली करवा लिया। सुरक्षा के मद्देनज़र परिसर में खड़े सभी वाहनों को हटाया गया और मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। साथ ही बम निरोधक दस्ता भी मौके पर पहुंच चुका है।

शिमला सिटी मेहर पंवार ने बताया कि पुलिस ने पूरे परिसर की गहन तलाशी ली जा रही है। फिलहाल किसी भी संदिग्ध वस्तु की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन सुरक्षा एजेंसियां पूरी सतर्कता के साथ जांच में जुटी हैं। इस मामले में थाना सदर में केस दर्ज कर लिया गया है।

और नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि वे घबराएं नहीं, शांति बनाए रखें और किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें। प्रशासन ने भरोसा दिलाया है कि स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है।

## संक्षिप्त खबरें

### मणिमहेश यात्रा में शामिल हो सकते हैं राहुल गांधी, कांगड़ा सम्मेलन में मिला न्योता

**हामिद खान**

**चंबा।** चंबा की विश्व प्रसिद्ध मणिमहेश यात्रा इस बार राजनीतिक और धार्मिक दृष्टि से खास हो सकती है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष नेता राहुल गांधी के इस वर्ष मणिमहेश यात्रा में शामिल होने की संभावना जताई जा रही है।

हर वर्ष अगस्त माह में शुरू होने वाली मणिमहेश यात्रा में देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु भगवान शिव के दर्शन के लिए पहुंचते हैं। हाल ही में कांगड़ा में आयोजित कांग्रेस के संगठनात्मक प्रशिक्षण शिविर के दौरान राहुल गांधी को यात्रा में शामिल होने का निमंत्रण दिया गया।

जानकारी के अनुसार, सम्मेलन में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ संवाद के दौरान चंबा जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुरजीत सिंह भरमौरी ने राहुल गांधी से मुलाकात की। इस दौरान उनके माता-पिता ने राहुल गांधी को मणिमहेश का चित्र भेंट कर यात्रा में शामिल होने का आग्रह किया। बताया जा रहा है कि राहुल गांधी ने निमंत्रण को सकारात्मक रूप से स्वीकार किया।उल्लेखनीय है कि राहुल गांधी इससे पहले भी कई प्रमुख धार्मिक स्थलों की यात्रा कर चुके हैं। वह उत्तराखंड स्थित केदारनाथ धाम के दर्शन भी कर चुके हैं। ऐसे में यदि उनका मणिमहेश यात्रा कार्यक्रम तय होता है तो यह चंबा और हिमाचल प्रदेश के लिए विशेष महत्व का विषय माना जा रहा है।




### डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल ऊना में एसओएफ ओलिंपियाड विजेताओं का सम्मान

**राजन पुरी**

**ऊना।** डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल में साइंस ओलिंपियाड फाउंडेशन द्वारा आयोजित विभिन्न विषयों की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के लिए भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में हिंदी, अंग्रेजी, गणित, सामान्य ज्ञान, सामाजिक विज्ञान और विज्ञान विषयों में शानदार प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान विद्यालय के प्राचार्य आरएल पाठक ने मेधावी छात्रों को स्वर्ण पदक और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। हिंदी विषय में अवजोत, रवरीत, जन्नत, मान्या, मनस्वी, सूर्यवंशी, हरमन, अरनव शर्मा और अमीठी को स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। विज्ञान विषय में चार्विक, अयांश, अयान, अनुजा, आराध्या, अरमान, इनाया, अगम, हरनिद, वनु, सेजल, आरव, मेधांश, सहजवीर, आनंदिता, भाविक, सुनिधि, देवांशी, दिव्यांश, वैष्णव, परिणीता, ईशान, अनन्या, अक्षत, कृष, तनीषा और आर्यन पुष्कर सहित कई विद्यार्थियों ने स्वर्ण पदक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। सामान्य ज्ञान में हार्दिक, चाइल ढिगों, आस्था, सक्षम, सेजल, आयुष, समर्थ, सहजवीर और दिव्यांश को स्वर्ण पदक प्रदान किए गए।

## वज़ीर राम सिंह राजकीय महाविद्यालय ने किया राष्ट्रीय बहुविषयी आभासी सम्मेलन का सफल आयोजन



**विजय समयाल**

**कांगड़ा।** आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी), वज़ीर राम सिंह राजकीय महाविद्यालय, देहरी द्वारा स्नातकोत्तर विद्यार्थियों एवं मार्गदर्शक शिक्षकों के लिए शोध आरंभ 2026 विषय पर एक राष्ट्रीय बहुविषयी आभासी सम्मेलन का सफल आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में देश के विभिन्न राज्यों से शोधार्थियों, विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सचिन कुमार के स्वागत संबोधन से हुआ। उन्होंने सभी अतिथियों, संसाधन व्यक्तियों, सत्राध्यक्षों एवं प्रतिभागियों का हार्दिक स्वागत किया। सम्मेलन की रूपरेखा, उद्देश्य एवं औचित्य पर प्रकाश आईक्यूएसी संयोजक डॉ. कामाक्षी लुंबा द्वारा डाला गया। यह उल्लेखनीय है कि यह सम्मेलन संस्थान द्वारा विद्यार्थियों में शोध संस्कृति को सुदृढ़ करने की दिशा में किए जा रहे सतत प्रयासों की अगली कड़ी के रूप में आयोजित किया गया। इससे पूर्व फरवरी 2026 में स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के लिए शोध प्रवेशिका शीर्षक से शोध पद्धति पर एक सप्ताह का क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित किया गया था। उद्घाटन सत्र की मुख्य अतिथि प्रो. जयंती दत्ता, प्रोग्राम डायरेक्टर, यूजीसी-मालवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग सेंटर, पंजाब यूनिवर्सिटी थीं। उन्होंने शोध दक्षता के रूप में चिंतन कौशल विषय पर अपना मुख्य वक्तव्य प्रस्तुत किया। अपने व्याख्यान में उन्होंने चिंतन के विभिन्न आयामों तथा उनके शोध प्रक्रिया से संबंधों को विस्तार से स्पष्ट किया।

## चंबा शहर में फायर हाइड्रेंट सिस्टम बहाल करने की उठी मांग, स्मार्ट मीटरों पर भी जताई चिंता

**हामिद खान**

**चंबा।** चंबा वेलफेयर एसोसिएशन की मासिक बैठक चंबा स्थित पर्यटक होटल इरावती में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संगठन के प्रधान ओमप्रकाश गोस्वामी ने की। बैठक में चंबा शहर से जुड़े विभिन्न जनहित मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा प्रशासन व सरकार के समक्ष कई महत्वपूर्ण मांगें रखी गईं।

बैठक में सबसे प्रमुख मुद्दा चंबा शहर के ऐतिहासिक फायर हाइड्रेंट सिस्टम को पुनर्जीवित करने का रहा। वक्ताओं ने कहा कि वर्ष 1939 में तत्कालीन चंबा नरेश द्वारा शहर को अग्निकांडों से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से करीब 102 फायर हाइड्रेंट पॉइंट स्थापित किए गए थे।

यह कदम वर्ष 1935-36 में शहर में हुए भीषण अग्निकांडों के बाद उठाया गया था, जिनमें बंसी गोपाल, चोतड़ा, द्रौभी और बनगोटू जैसे सघन मोहल्लों को भारी नुकसान पहुंचा था। एसोसिएशन ने चिंता जताई कि प्रशासनिक उपेक्षा और रखरखाव के अभाव में यह पूरा सिस्टम अब निष्क्रिय हो चुका है। कई हाइड्रेंट सड़क मरम्मत के दौरान दब गए, जबकि अन्य में पानी की आपूर्ति बंद हो चुकी है।

## गोंदपुर बनेहड़ा स्कूल का वार्षिक परिणाम शत प्रतिशत रहा

**राजन पुरी**

**ऊना।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गोंदपुर बनेहड़ा का कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम इस वर्ष शानदार रहा। विद्यालय ने 95 प्रतिशत परिणाम हासिल कर क्षेत्र में अपनी उत्कृष्ट शैक्षणिक गुणवत्ता का परिचय दिया है। कुल 36 विद्यार्थियों में से 34 विद्यार्थी सफल घोषित हुए, जिससे विद्यालय में खुशी का माहौल है। आर्ट्स संकाय में चाहत मिन्हास ने 425 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। सुनीहा शर्मा ने 80 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय तथा आर्यन ने 79 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कॉमर्स संकाय में अंशिका नरियाल ने 83 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। कृष ठाकुर 78 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय तथा सुमिता भोगल ने 78 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान हासिल किया।

# हमीरपुर में धूमधाम से मनाई जाएगी महाराणा प्रताप जयंती, 9 मई को निकलेगा विशाल जुलूस

**पवन धीमान**

**हमीरपुर।** राजपूत समाज में एकता और गौरव के प्रतीक महाराणा प्रताप जयंती के उपलक्ष्य में 9 मई को भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के लिए राजपूत महासभा और राजपूत कल्याण सभा द्वारा गांव-गांव जाकर सक्रिय सदस्यों और पदाधिकारियों को व्यक्तिगत रूप से निमंत्रण दिए जा रहे हैं।

इस अभियान के तहत लाहड़ क्षेत्र के जसौर गांव सहित विभिन्न स्थानों पर लोगों को आमंत्रित करते हुए 9 मई सुबह 9:30 बजे गांधी चौक, हमीरपुर में एकत्रित होने का आह्वान किया गया है। यहां से एक विशाल जलूस मुख्य बाजार से होता हुआ टाउन हॉल पहुंचेगा, जहां मुख्य कार्यक्रम आयोजित होगा।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधीश गंधर्वा राठौर और अध्यक्ष के रूप में पुलिस अधीक्षक बलबीर सिंह ठाकुर उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा जिले भर से सैन्य पूर्व अधिकारी, राज्य व केंद्र सरकार के सेवानिवृत्त अधिकारी तथा सैकड़ों गणमान्य लोग अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे।

निमंत्रण वितरण अभियान में राजपूत महासभा के महासचिव एवं राजपूत कल्याण सभा के अध्यक्ष जोगिंदर ठाकुर के साथ पैट्रन यशपाल मन्हास, प्रदीप ठाकुर, पवन वर्मा जसोरिया और महिंद्र भारद्वाज दिनभर सक्रिय रूप से जुटे रहे।

यह आयोजन न केवल इतिहास के महान योद्धा को श्रद्धांजलि देगा, बल्कि समाज में एकता और संगठन को भी मजबूती प्रदान करेगा।

## चियोग स्कूल शैक्षणिक सत्र की प्रथम आम सभा का आयोजन

**चमन शर्मा**

**शिमला।** बैठक में शिक्षा वातावरण को और बेहतरीन बनाने बारे हुई चर्चा शिमला 06 मई । राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चियोग में शैक्षणिक सत्र की प्रथम आम सभा का आयोजन विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष रमेश वर्मा व प्रधानाचार्य संदीप कुमार शर्मा की अध्यक्षता में किया गया।

बैठक में 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम 98.2 प्रतिशत आने पर एसएमसी के सभी सदस्यों ने प्रधानाचार्य और सभी अध्यापकों को बधाई दी। प्रधानाचार्य ने बताया कि विद्यालय छात्रा गुंजन ने 87: अंक लेकर प्रथम और गगन ने 86: अंक लेकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसके लिए दोनो विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

आम सभा में विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई । इस मौके पर विद्यालय मे संयुक्त विद्यालय प्रबंधन समिति गठित की गई जिसमें कक्षा पहली से 12वीं तक के अभिभावकों द्वारा सदस्यों का चयन किया गया । सभा में सरकार द्वारा चलाई जा रही कलस्टर प्रणाली की जानकारी देते हुए प्रधानाचार्य संदीप कुमार शर्मा ने बताया कि सभी विद्यार्थियों का चहूंमुखी विकास व शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्यों से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने .अभिभावकों से विद्यालय विकास कार्यों में सहयोग करने तथा अपने बच्चों को नशे , मोबाइल फोन के कम से कम इस्तेमाल पर बल दिया ।

इस अवसर पर शैक्षणिक सत्र 2026 - 2027 के वार्षिक कार्य विवरण को प्रस्तुत किया तथा विद्यालय विकास योजनाओं को भी सबके समक्ष रखा गया जिसे सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक में आय - व्यय का विवरण भी प्रस्तुत किया गया जिसे नियमानुसार पाया गया।

## बीबीए व बीसीए में प्रवेश प्रक्रिया शुरू, 13 जून तक करें ऑनलाइन पंजीकरण

**राजन पुरी**

**ऊना।** राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय दौलतपुर चौक में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए बीबीए एवं बीसीए पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया 4 मई से शुरू हो गई है। इच्छुक अभ्यर्थी 13 जून तक अपना पंजीकरण कर सकते हैं। महाविद्यालय प्रशासन के अनुसार बीबीए और बीसीए, दोनों पाठ्यक्रमों में 80-80 सीटें निर्धारित की गई हैं। सीटों की सीमित संख्या को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों को समय रहते आवेदन करने की सलाह दी गई है, ताकि वे प्रवेश प्रक्रिया में शामिल हो सकें। पंजीकरण के लिए अभ्यर्थी महाविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा, प्रवेश से संबंधित किसी भी जानकारी या समस्या के समाधान के लिए विद्यार्थी कार्य दिवसों में कॉलेज परिसर में पहुंचकर मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते हैं।


# सरोल में दर्दनाक सड़क हादसा, युवक की मौत

**हामिद खान**

**चंबा।** चंबा जिले के पुलिस थाना सदर के अंतर्गत सरोल क्षेत्र में मंगलवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा पेश आया। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना रात करीब सवा एक बजे की बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार सड़क पर ईंटें बिखरी हुई थीं और पास ही दो युवक घायल अवस्था में पड़े मिले। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया।

घायलों में से एक युवक को चंबा मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया, जबकि दूसरे को मिंजर अस्पताल ले जाया गया। चिकित्सकों ने जांच के बाद एक युवक को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।



मृतक की पहचान आदित्य कुमार पुत्र प्रकाश चंद निवासी गांव बनवाली, डाकघर सुरगानी, तहसील सलूणी, जिला चंबा के रूप में हुई है। वहीं घायल युवक अक्षय शर्मा पुत्र परवीन कुमार निवासी गांव इन्द्रेश्वर, डाकघर दीघई, तहसील सलूणी, जिला चंबा का उपचार जारी है।

जानकारी के अनुसार प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि मोटरसाइकिल तेज गति में थी। आशंका जताई जा रही है कि बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित दीवार या गेट से टकरा गई, जिससे यह हादसा हुआ। पुलिस के अनुसार दुर्घटना में लापरवाही और गलत दिशा में वाहन चलाना भी कारण हो सकता है।

पुलिस ने मामला दर्ज कर हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।